


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 31 मई 2024, वर्ष-25, अंक-118, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com


कट्टर भ्रष्टाचारियों व झूठवादियों ने पंजाब को गैंगवार...

**सेंसेक्स**
73,885.60 ↓ -617.30

**डॉलर**
83.306 ↓ -0.074

**रांची सर्राफा**
10 ग्राम: 68,750
01 किलो: 99,990

## एक नजर

### इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**रांची।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की समाप्ति के दिन एक जून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडी गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। बैठक में गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं को बुलाया गया है। इसमें लोकसभा चुनाव के संभावित परिणाम और चुनाव अभियान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोरेन भी शामिल होंगे। वे एक जून को दिल्ली जाएंगे।

### हेमंत की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई पेशी 14 दिन बढ़ी हिरासत

**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। अब, हेमंत सोरेन 13 जून तक रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में रहेंगे। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई। जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम की भी अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई।

### आज | कल




# 53 लाख वोटर करेंगे 52 प्रत्याशियों का फैसला

## संताल के तीन सीटों पर महा मुकाबला 1 जून को

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण में एक जून (शनिवार) को गोड्डा, राजमहल और दुमका में होने वाले मतदान के लिए प्रचार गुरुवार की शाम पांच बजे थम चुका है। झारखंड की तीन लोकसभा सीटों गोड्डा, दुमका और राजमहल में एक जून को होने वाले मतदान में 53 लाख 23 हजार 886 वोटर 52 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। गोड्डा और दुमका में जहां 19-19 प्रत्याशी हैं, वहीं राजमहल सीट पर प्रत्याशियों की संख्या 14 है। निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए बाइक सवार क्विक रिसपांस टीम की भी तैनाती की गयी है। पूर्व में कुछ क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियां थी, लेकिन वर्तमान में

**गोड्डा व दुमका में 19-19 प्रत्याशी वहीं राजमहल में प्रत्याशियों की संख्या 14**

**अनहोनी से निपटने के लिए बाइक सवार क्विक रिसपांस टीम की तैनाती की गई**

इलाके में नक्सली गतिविधि का कोई खुफिया इनपुट नहीं है। दुमका के तीन बूथों को बदला गया है। मतदानकर्मी शुक्रवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे और शनिवार को मतदान के बाद सभी मतदानकर्मी वापस लौट जाएंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार दिनभर मतदान होगा, इसलिए सभी मतदाता मतदान जरूर करें। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

### 241 बूथ पर महिला, 7 पर दिव्यांग संभालेंगे कमान

सीईओ ने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोड्डा, राजमहल और दुमका में कुल मतदाताओं की संख्या 53,23,886 है। उनमें 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला समेत 33 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। वहीं कुल बूथों की संख्या 6258 है। इनमें से 489 बूथ शहरी इलाके में और 5769 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 241 बूथों की कमान महिलाओं के हाथों में होगी। जबकि 7 बूथों पर दिव्यांग और 11 पर युवा मतदान की सारी व्यवस्था संभालेंगे। 18 बूथ यूनिक हैं। गोड्डा में मुख्य मुकाबला भाजपा के वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे व कांग्रेस प्रत्याशी यादव के बीच है। जबकि दुमका में मुकाबला झामुमो के नलिन सोरेन व भाजपा प्रत्याशी शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन के बीच है।



**राजमहल** (एसटी रिजर्व) सीट

17,04,671 मतदाता
8,51,165 पुरुष
8,53,496 महिला
10 थर्ड जेंडर
2020 मतदान केंद्र
127 शहरी क्षेत्र में
1893 ग्रामीण क्षेत्र में
166 बूथ महिलाओं संचालित
03 बूथ दिव्यांगों संचालित
06 बूथ युवाओं द्वारा संचालित
05 बूथ यूनिक कैटेगरी में

लोकसभा चुनाव को लेकर ताला मरांडी व विजय हांसदा में टक्कर

**दुमका** (एसटी रिजर्व) सीट



15,91,061 मतदाता
7,99,045 पुरुष
7,92,010 महिला
06 थर्ड जेंडर
1891 बूथ
105 शहरी क्षेत्र में
1786 ग्रामीण क्षेत्र में
70 बूथ महिला संचालित
01 बूथ दिव्यांग संचालित
03 बूथ युवा संचालित
11 बूथ यूनिक कैटेगरी में

**गोड्डा** सामान्य सीट



20,28,154 मतदाता
10,50,328 पुरुष
9,77,809 महिला
17 थर्ड जेंडर
2347 बूथ
257 शहरी क्षेत्र में
2090 ग्रामीण क्षेत्र में
05 बूथ महिला संचालित
03 दिव्यांग संचालित
02 युवा संचालित
02 यूनिक कैटेगरी में

### चुनाव का अंतिम चरण


## 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए चुनाव प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव का प्रचार भी थम गया है। सातवें और अंतिम चरण में 57 सीटों पर एक जून को मतदान है। इस चरण में 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के बाद 4 जून को नतीजों की घोषणा की जाएगी। अंतिम दौर में जो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, उनमें वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हैं। हिमाचल की मंडी सीट से अभिनेत्री कंगना रनौत भाजपा की उम्मीदवार हैं। इस सीट से उनके खिलाफ कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी सातवें चरण में उम्मीदवार हैं। पंजाब में कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार में भोजपुरी कलाकार पवन सिंह, ऊर्जा मंत्री आरके सिंह मैदान में हैं। इसके अलावा मिजार्पुर से अनुप्रिया पटेल, चंदौली से महेंद्रनाथ पांडेय और हमीरपुर लोकसभा सीट से अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव होना है। इसके अलावा चंडीगढ़ की 1 और हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर मतदान होना है।

## साजिशन कांग्रेस-झामुमो ने संताल में बांग्लादेशियों को बसाया : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशियों के घुसपैठ और अवैध खनन के कारण पाकुड़ एवं साहिबगंज के कई इलाकों में संथाल, पहाड़िया आदिवासी विस्थापित हो चुके हैं। उनके बारे में कोई चिंता नहीं करता है। भाजपा की सरकार बनने के बाद विशेष टीम का गठन कर इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस और झामुमो ने अपने वोट बैंक को लेकर चुप्पी साध ली है। उनके लोगों ने जमीन ही नहीं छीना, बल्कि बहू बेटियों को भी छीना। बेटियों को 50 टुकड़ों में काटकर फेंक दिया। इसके बावजूद इंडी गठबंधन ने आवाज नहीं उठाया। अगर भाजपा आवाज नहीं उठाती तो किसी पर कोई कार्रवाई नहीं होती। बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को दुमका के एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संताल परगना क्षेत्र में संथाल, पहाड़िया आदिवासियों की आबादी लगातार कम होना खतरे की घंटी है। जब संताल में पहाड़िया की आबादी घटी, तब बढ़ी किसकी है, यह जांच का विषय है। पाकुड़ के इलाके में पहाड़ियों का गांव उजड़ गये। जहां कभी पहाड़ियां की आबादी थी, वहां घुसपैठियों की बड़ी आबादी है। घुसपैठ हुआ नहीं है, बल्कि जानबूझ कर झामुमो-कांग्रेस ने कराया है।



### मोदी शासनकाल में आदिवासियों पर हुआ अत्याचार : कल्पना

**पाकुड़।** राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी विजय हांदसा के लिए कल्पना सोरेन ने पाकुड़ में चुनाव प्रचार किया। पाकुड़ सदर प्रखंड के रहशपुर फुटबॉल मैदान और हिरणपुर प्रखंड में आयोजित जनसभा में कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग फुट डालो राज करो की नीति पर चलते हैं। ये जहां भी जाते हैं वहां सिर्फ और सिर्फ एक दूसरे को लड़ाकर आपसी भाईचारा को खत्म करने का काम करते हैं। केंद्र में 10 साल मोदी शासनकाल में आदिवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, मजदूर और किसानों के साथ सिर्फ और सिर्फ अत्याचार किया गया है। चुनाव के समय आपस में कैसे मतभेद पैदा किया जाए, एक-दूसरे से कैसे लड़ाया जाए इन भाजपाइयों की यही मानसिकता रहती है। कल्पना सोरेन ने कहा कि यहां के लोगों को अब बेवकूफ नहीं बना सकते क्योंकि बहुत हो गयी जुमलेबाजी की सरकार अबकी बार तड़ी पार। उन्होंने कहा कि भाजपा को चेतावनी देना चाहती हूं कि यह झारखंड है और यहां बाहरी वालों की नहीं चलने वाली है क्योंकि ये धरती क्रांतिकारियों की है।



## केरल, पूर्वोत्तर में एक साथ दी मानसून ने दस्तक

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम मानसून ने सामान्य से दो दिन पहले गुरुवार को केरल में दस्तक दे दी। साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों में भी मानसून पहुंच गया। आम तौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचने के साथ भारत की मुख्य भूमि में प्रवेश करता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी सूचना देते हुए लिखा, दक्षिण पश्चिम मानसून गुरुवार 30 मई को केरल और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में पहुंच गया। आईएमडी ने बुधवार को कहा था कि अगले 24 घंटे में दक्षिण पश्चिम मानसून के केरल पहुंचने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। शेष पेज 11 पर

## मृत चमगादड़ों का मांस पका कर खा गए लोग, हुई जांच

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** भयंकर गर्मी और लू से गढ़वा के सुंडीपुर में बड़ी संख्या में चमगादड़ों के मरने की खबर से जहां लोग और प्रशासन सकते में हैं। वहीं कुछ लोगों के लिए यी पिकनिक का अवसर बन गया। गांव के कई लोगों ने मृत चमगादड़ों का मांस पकाकर खा लिया।

इसकी सूचना मिलने पर संक्रमण की आशंका के मद्देनजर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ के नेतृत्व में गांव में चिकित्सा शिविर लगा लोगों की जांच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोग आए लेकिन कार्रवाई के डर से अधिकतर ने चमगादड़ का मांस खाना कबूल नहीं किया। शेष पेज 11 पर

### मृत चमगादड़ों का सैंपल पुणे लैब भेजा जाएगा

**कांडी (गढ़वा)।** भयंकर गर्मी और लू से गढ़वा के सुंडीपुर में बड़ी संख्या में चमगादड़ों के मरने की खबर प्रकाश में आने के बाद सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद गुरुवार को सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों का जमावड़ा सुंडीपुर में लगा रहा।

## कन्याकुमारी पहुंचे पीएम मोदी, विवेकानंद रॉक मेमोरियल में करेंगे ध्यान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण का चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार की शाम अपनी तीन दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा पर ध्यान लगाने के लिए कन्याकुमारी पहुंच गए। लोकसभा चुनाव के लिए देशभर में पिछले 75 दिनों के भाग-दौड़ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार से कन्याकुमारी के उसी विवेकानंद रॉक मेमोरियल (विवेकानंद शिला पर) पर एक जून तक ध्यान लगाएंगे, जहां पर स्वामी विवेकानंद ने तीन दिनों तक तपस्या करते हुए विकसित भारत का सपना देखा था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह वही स्थान है जहां देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर भगवान शिव की प्रतीक्षा की थी। यह भारत का सबसे दक्षिणी छोर है, जहां पर पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट आपस में मिलते हैं।

यह क्षेत्र हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन स्थल भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी पहुंचकर सबसे पहले मां भगवती अम्मन मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद वह विवेकानंद रॉक मेमोरियल (विवेकानंद शिला पर) जाएंगे जहां पर ध्यान मंडपम में वह एक जून तक ध्यान लगाएंगे। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में लगभग 45 घंटे तक रहेंगे और एक जून की शाम को वह दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## 14 दिनों की रिमांड के बाद जेल गए आलमगीर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** झारखंड के टेंडर कमीशन घोटाले में राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किए जाने के बाद रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया। ईडी ने उन्हें 15 मई की शाम को गिरफ्तार किया था। जेल भेजे जाने के बावजूद आलमगीर आलम मंत्री पद पर बने हुए हैं। न तो उन्होंने इस्तीफा दिया है, न ही उन्हें मुख्यमंत्री ने उनके पद से हटाया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें एजेंसी ने रिमांड पर लेकर कुल 14 दिनों तक पूछताछ की। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग में सेक्रेटरी रहे आईएएस मनीष रंजन, पीएस संजीव कुमार लाल, घरेलू सहायक जहांगीर आलम से भी उनका आमना-सामना कराया गया और कमीशन वसूली को लेकर कई सवाल पूछे गए। एजेंसी ने पूछताछ के दौरान आलमगीर आलम पर कई सवालों के जवाब नहीं देने का आरोप लगाया है। एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि आलमगीर आलम से पूछताछ में टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े कई नए तथ्य उजागर हुए हैं। टेंडर कमीशन घोटाले में इंजीनियर, अधिकारी व मंत्री का एक संगठित गिरोह सक्रिय था। ईडी ने नमूना के तौर पर जनवरी महीने में पारित 92 करोड़ के 25 टेंडर के ब्यौरे से संबंधित एक पेपर भी कोर्ट में जमा किया था, शेष पेज 11 पर


फाइल फोटो

## इंडिया



**सुनील बादल**

*भारत की सबसे छोटी नदी अरवरी है, जो अरावली पर्वतमाला से निकलकर राजस्थान के अलवर जिले में बहती है।*

## प्राकृतिक कोप से बचने का उपाय प्रकृति के ही पास

पूरा देश भीषण गर्मी का अनुभव कर रहा है पर इससे बड़ी समस्या जलसंकट है जो आने वाली है । विशेषज्ञों ने बहुत पहले भविष्यवाणी की थी कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा पर हमने उसे गंभीरता से नहीं लिया ।कभी आसानी से मिलने वाला पेयजल अब उत्पाद बन गया है और करोड़ों का कारोबार बन चुका है । हम सभी यह मान कर चल रहे हैं कि मेरे घर में इतनी सुविधाएं हैं मुझे इन छोटी बातों से क्या पर गलियों की पानी लड़ाई राज्यों तक पहुंच गई है जो हमारे घरों तक पहुंच सकता है क्योंकि भूगर्भ जल का स्तर तेजी से नीचे गिरता जा रहा है और हम कंक्रीट का जंगल बनाने के साथ धरती को सीमेंट से ढंकते जा रहे हैं जब वर्षा जल जमीन के अंदर जाएगा ही नहीं तो पानी आएगा कहां से ? छोटी नदियों के संगम से बनी गंगा 2,550 किलोमीटर, ब्रह्मपुत्र और सिंधु भारत में क्रमशः 916 और 1,114 किलोमीटर लंबी हैं। लगभग सभी बड़ी नदियों के उद्गम ग्लेशियरों से हैं। इनके बहाव क्षेत्र में जंगल, तराई, मैदान और बीहड़ क्षेत्रों से छोटी-छोटी नदियां बड़ी नदियों में मिल रही हैं।

भारत की सबसे छोटी नदी अरवरी है, जो अरावली पर्वतमाला से निकलकर राजस्थान के अलवर जिले में बहती है। यमुना सबसे बड़ी सहायक नदी है। यमुना में भी टौंस, हिंडन, चंबल, बेतवा आदि मिलती हैं। छोटी नदियां बड़ी नदियों के प्रवाह बढ़ाने के साथ उन्हें भूजल पुनर्भरण में सक्षम बनाती हैं। मिट्टी की नमी बनाए रखती और जैव विविधता में सुधार करती हैं। सूखे और बाढ़ का सामना करने में मदद करती हैं, लेकिन सूख रही छोटी नदियों का कायाकल्प समुदाय के बिना संभव नहीं है।?इन सहायक और छोटी नदियों में निरंतर घटती जल राशि चिंता का विषय है।ग्लेशियरों के सूखने से हिमपोषित नदियां भी सूख रही हैं।?भीषण गर्मी से बुंदेलखंड की कई नदियां सूख गई हैं।?गंगा-यमुना की छोटी नदियां और जल



स्रोत सूख गए हैं। हर वर्ष हिमालय से लेकर मैदानों तक भारी जल सैलाब से अपार जन-धन की हानि हो रही है। बारिश के पानी को रोकने की पारंपरिक शैली को आधुनिक विकास ने रौंद डाला है, जहां तालाब, जोहड़ जैसी जल संरचनाएं होती थीं। अब उन स्थानों पर बहुमंजिला इमारतें बन गई हैं। खनन, सीमेंटेड संरचनाओं ने पूरे जल क्षेत्र की जलवायु पर विपरीत असर डाला है। भूजल बहुत नीचे चला गया है। इन चुनौतियों के बावजूद आज भी भारत के गांवों में लोग अपने पारंपरिक प्रबंधन से जल की व्यवस्था करते हैं, जिससे विवेकपूर्ण जल उपयोग को बढ़ावा मिलता है।सक्रिय समाजसेवियों, पर्यावरणविदों और पानीदार समाज ने मिलकर ऐसे उदाहरण भी प्रस्तुत किए हैं कि सूखी छोटी नदियां फिर से बहने लगी हैं। अलवर में तरुण भारत संघ ने सूखी नदियों को जिंदा कर दिया है। लोग वहां नदियों के पुनर्जीवन के सामाजिक और पर्यावरणीय तरीके सीख रहे हैं। बुंदेलखंड में परमार्थ समाजसेवी संस्थान ने छोटी नदियों के पुनर्जीवन के लिए जोरदार अभियान चला रखा है। उन्होंने अब तक विलुप्त होती बछेड़ी, कनेरा, बारगी, खूडर, घुरारी नदी के पुनर्जीवन के लिए स्थानीय राज-समाज के साथ मिलकर महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। मध्य प्रदेश के खजुराहो में हाल ही में जल जन जोड़ो अभियान और परमार्थ समाजसेवी संस्थान द्वारा आयोजित एक संवाद में 15 राज्यों से 50 नदी प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि 51 नदियों के पुनर्जीवन हेतु यात्रा का आयोजन होगा। जलपुरुष राजेंद्र सिंह की अगुवाई में देश भर से आए जल विशेषज्ञों ने मांग की है कि केंद्र सरकार नदियों के लिए एक स्पष्ट नदी नीति बनाए। नदियों के लिए काम करने वाले लोग मानते हैं कि छोटी नदियों का समुदाय की खाद्य सुरक्षा, उनका सम्मानजनक जीवन और उनके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही बड़ी नदियों के प्रवाह को बढ़ाना, भूजल का पुनर्भरण, जमीन की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाने में भी ये मददगार होती हैं। जलवायु परिवर्तन का सीधा संबंध छोटी नदियों से है। यदि हम छोटी नदियों को जीवित कर लेंगे, तो जलवायु परिवर्तन का खतरा कम हो जाएगा। इस अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए निकाली जाने वाली यात्राओं के पहले यह जरूरी है कि संबंधित नदी के बारे में सारे आंकड़े एकत्रित करने के बाद समुदाय के साथ मिलकर संवाद किया जाएगा।

विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि पारंपरिक जल सुरक्षा के उपायों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो मानव जीवन पर संकट बढ़ जाएगा। अगले 20 वर्षों में नदियां सूख जाएंगी। यदि छोटी नदियों को पुनर्जीवित करना है, तो हर क्षेत्र की जलवायु के अनुसार अलग-अलग प्लान की आवश्यकता है। शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नदी ज्ञानतंत्र को शामिल किया जाए। डब्ल्यूएचएच भारत के प्रमुख राकेश कटल कहते हैं कि यह नदियों को बचाने की आपातकालीन स्थिति है। इसलिए देश भर में नदियों के पुनर्जीवन के लिए चिंतित समाज और पर्यावरणविद आगे आकर एक-एक नदी को पुनर्जीवित करने लिए कदम बढ़ा रहे हैं।

## सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी की पत्नी की घर में घुसकर हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के विद्यानगर मोहल्ले में सुशीला देवी (60) की गुरुवार की सुबह चार युवा अपराधियों ने हत्या कर दी। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार अपराधियों में एक लड़की भी शामिल थी। हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया है। बताया जा रहा है कि रिटायर्ड रेलवे अधिकारी अशर्फी प्रसाद ने विद्यानगर में दो साल पहले शानदार घर बनवाया था। ये मूल रूप से बिहार के बेतिया जिला अंतर्गत शिवराजपुर गांव के रहने वाले हैं। अशर्फी प्रसाद बरकाकाना रेलवे स्टेशन से सेवानिवृत हुए थे। गुरुवार को अचानक उस समय अपराधियों ने घर पर धावा बोला जब सुशीला देवी अकेली थीं। उनका शव रसोई में खून से लथपथ पाया गया। उनके सिर पर भारी हथियार से हमला किया गया था। अपराधियों ने यह दिन बेहद बारीकी से छानबीन कर चुना था। उन्हें इस बात की पूरी खबर थी कि सुशीला देवी के घर में कोई भी मौजूद नहीं है। उनके पति अशर्फी प्रसाद नतनी को छोड़ने के लिए बुधवार को ही कोलकाता निकल गए थे। बेटी अल्का मेदांता अस्पताल रांची में काम करती हैं। वह सुबह सात बजे काम पर निकल जाती है। अपराधियों ने सुबह 9:00 बजे का समय चुना जब आसपास के लोग भी अपने घरों में काम में व्यस्त रहते हैं।



*रसोई में पड़ा मिला शव सिर पर भारी हथियार से हमले का था निशान*

**सुरक्षा के लिए लगा था सीसीटीवी कैमरा, अपराधी साथ ले गए डीवीआर:** अशर्फी प्रसाद ने अपने परिवार और घर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा भी इंस्टॉल कराया था। शेष पेज 11 पर

# स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने किया सदर अस्पताल खूंटी का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार को खूंटी सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान स्वास्थ्य सचिव ने सदर अस्पताल में मोतियाबिंद का फेको पद्धति से ऑपरेशन करने और दो आधुनिक ओटी की शुरुआत करने का निर्देश दिया। साथ ही, प्रखंडों में जहां ओटी की सुविधा है, वहां सदर अस्पताल के सर्जरी विशेषज्ञों को शल्य चिकित्सा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्पेशलिस्ट चिकित्सक रांची सदर अस्पताल में एक्सपोजर विजिट करेंगे। आयुष्मान भारत की राशि का उपयोग के रोगी कल्याण कार्यों पर करेंगे। प्रधान स्वास्थ्य सचिव ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन द्वारा मरीजों प्रधान स्वास्थ्य सचिव ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से मरीजों का पंजीकरण करने का निर्देश देते हुए इसके लिए सिविल सर्जन खूंटी को अधिकृत किया। इसके साथ ही प्रधान स्वास्थ्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि कम वजन वाले बच्चों का वजन कम क्यों है, इस पर सिविल सर्जन एवं महिला रोग विशेषज्ञ शोध कर प्रधान सचिव को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। इस अवसर पर अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, संयुक्त स्वास्थ्य सचिव ललित मोहन शुक्ला और राज्य कार्यक्रम समन्वयक द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर कालामाटी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग द्वारा दी जा रही 12 पैकेज सुविधा का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाए।

## लापुंग पुलिस ने मलगो मोड़ से अवैध बालू लदे हाइवा को किया जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**लापुंग।** लापुंग के मलगो मोड़ से एक और बालू लदे हाइवा को लापुंग पुलिस ने जब्त किया। लापुंग थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ लगातार सघन छापामारी अभियान जारी है। जिससे बालू माफिया में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि 29 मई को 13 बालू लदे हाईवा को रांची जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन, खान निरीक्षक व थाना प्रभारी लापुंग संतोष कुमार यादव के सयुक्त छापामारी से 13 बालू लदे हाइवा जब्त किया गया था। इसके उपरांत लगातार दूसरे दिन हाइवा न. सीजी 04 जीबी 3595 अवैध बालु लदे वाहन को लगभग 11 बजे दिन में लापुंग पुलिस ने जब्त कर सफलता अर्जित किया । पुलिस को देखते ड्राइवर फरार हो गया गाड़ी को पुलिस के जवान के द्वारा वाहन को थाना परिसर में जब्त कर वाहन चालक व वाहन मालिक पर विधि सम्मत कानूनी कारवाई किया जाएगा।

**बिजली-पानी के लिए दो घंटे जाम रखा खलारी-रांची मार्ग**

# विस्थापित बस्ती नयाधौड़ा, चानक धौड़ा प्रगतिनगर में दस दिनों से नहीं है बिजली



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी के नयाधौड़ा, चानक धौड़ा, प्रगतिनगर व नेहरू स्टेडियम के ग्रामीणों ने बिजली पानी की मांग को लेकर स्टेट हाइवे-7, हजारीबाग-बिजुपाड़ा सड़क अंतर्गत खलारी-रांची मार्ग को दो घंटे तक जाम कर दिया। नयाधौड़ा, चानक धौड़ा व प्रगतिनगर सीसीएल द्वारा विस्थापित लोगों की बस्तियां हैं। यहां बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं सीसीएल एनके एरिया के केडीएच प्रोजेक्ट द्वारा ही दी जाती रही है। विगत 10 दिनों से इन बस्तियों में बिजली नहीं था। जिससे पानी की भी समस्या उत्पन्न हो गई थी। प्रबंधन की उदासीनता देखते हुए इन बस्तियों में रह रहे ग्रामीणों का धैर्य टूट गया और गुरूवार सुबह 9 बजे बस्तियों के महिला, पुरूष अपने घरों से निकलकर केडी अंबेडकर चौक के निकट खलारी-रांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिए। जाम के कारण वाहनों की कतार लग गई। छोटे वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से जाना पड़ा। सूचना मिलते ही खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह व केडीएच सह डकरा परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह वहां पहुंच गए। इधर श्रमिक नेता राजनसिंह राजा भी ग्रामीणों के साथ खड़े थे। ग्रामीणों ने केडीएच पीओ व थाना प्रभारी को बताया कि उनलोगों ने सीसीएल के कोयला खदानों के विस्तारीकरण के लिए अपना अहम योगदान दिया है। तब प्रबंधन द्वारा बिजली-पानी के लिए आश्वस्त किया गया था। परंतु आज इस भीषण गर्मी में दस दिनों से बिजली नहीं है।

## प्रेमी युगल ने परिजनों के बीच मंदिर में रचाई शादी

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड में प्रेमी युगल ने मंदिर में शादी रचा लेने का एक मामला प्रकाश में आया है। युवती ने थाना पहुंचकर मदद करने की गुहार लगायी एवं अपने प्रेमी से विवाह करा देने की बात करने लगी। तभी सिल्ली पुलिस ने उनके परिजनों को बुलाया एवं युवती के प्रेमी को भी थाना बुलाया गया और दोनों के परिजनों को बुलाकर युवती को सौंप दिया गया। युवती ने घर जाने से इंकार करने पर परिजनों ने उसे देलवेडा शिव मंदिर में ले जाकर विवाह कार्यक्रम को संपन्न कराया और युवती को प्रेमी के संग घर भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सिल्ली प्रखंड खेरडीह निवासी गोपाल महतो के पुत्र राहुल महतो का सिल्ली के टूटकी निवासी मनोज महतो की पुत्री बदला नाम (राखी) कुमारी के साथ पिछले दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच मनोज महतो ने अपने पुत्री का विवाह कही दूसरे जगह तय कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही युवती थाना के शरण में पहुंच कर मदद की गुहार लगायी। मंदिर परिसर में दोनों के परिजन पहुंचे एवं वर वधु को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह पुलिस रिमांड पर

**रांची।** रांची के चुटिया थाना पुलिस ने एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप उर्फ सैंडी की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को गुरुवार को चार दिनों के रिमांड पर लिया है। मामले में पुलिस हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार, फर्जी आर्म्स लाइसेंस और हत्या करने की वजह सहित अन्य विषयों पर पूछताछ करेगी। पुलिस मामले में अबतक हथियार बरामद नहीं कर पाई है।

## तीन जून को बारीडीह के पड़हा जतरा में उमड़ेगा जनसैलाब

**बेड़ो।** बारीडीह के ऐतिहासिक पड़हा जतरा मैदान में 12 पड़हा एवं 21 पड़हा संचालन समिति बेड़ो के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बैठक के दौरान बारीडीह में तीन जून को आयोजित होने वाले 35 वां वार्षिक परंपरागत ऐतिहासिक पड़हा जतरा समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने की रणनीति बनाई गई।

# हथियार के बल पर अपराधियों ने पिकअप वैन लूटा

**चामा जंगल पहुंचने के बाद अपराधियों ने पिकअप के चालक को उतार दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गए**

**चान्हो।** गुरूवार शाम लगभग तीन बजे सरसों तेल लदे एक पिकअप वैन को अपराधी लेकर भाग गए। रांची मेदिनीनगर एन एच पर कटैया मोड़ के निकट लगभग पांच लाख रुपए के सरसों तेल लदे एक पिकअप वैन को चालक असगर अंसारी गुरुवार को 220 पेटी सलोनी तेल लेकर रांची के पंडरा मार्केट से चंदवा जा रहा था। माल चंदवा के दुकानदार हरीलाल की थी जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए है। पंडरा से चंदवा जाने के दौरान पिकअप वैन जेएच 01सीवाई- 0673 का चालक कटैया के समीप गन्ना जूस पीने रुका था, तभी एक ही बाइक में पहुंचे तीन हथियारबंद अपराधी वहां पहुंचे और चालक असगर अंसारी के साथ मारपीट करते हुए गाड़ी का चाभी, नगद ग्यारह हजार रुपए और मोबाइल लूट लिया। ड्राइवर और गाड़ी को कब्जे में करने के बाद वे लोग उसे बीजूपाड़ाझखेलारी रोड होते हुए चामा जंगल के पास ले गए। इस दौरान दो अपराधी गाड़ी के अंदर थे जबकि एक अपनी बाइक को ड्राइव करते हुए उनके साथ साथ था। चामा जंगल पहुंचने के बाद अपराधियों ने पिकअप के चालक को उतार दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गए। लूट का शिकार चालक किसी तरह बिजुपाड़ा पहुंचा और एक दुकानदार का मोबाइल मांग कर अपने मालिक को सूचना दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजीम अंसारी पिकअप वैन के चालक को साथ लेकर अपराधियों के धर पकड़ के प्रयास में लगे हुए थे।

**श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन**

# मनुष्य समय निकाल कर करें श्रीमद्भागवत कथा का अध्ययन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** 25 से 31 मई तक लुंडरी ग्राम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महात्म्य सत्संग और कथा में वृंदावन से पधारे कथावाचक धर्मपारायण लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को समय निकाल कर श्रीमद भागवत कथा का अध्ययन करना जरूर करना चाहिए और भगवान की निःस्वार्थ सेवा करनी चाहिए। अपने आने वाले पीढ़ियों को भी संस्कार सीखने चाहिए और उनको कथा सत्संग सुनाना चाहिए ताकि वो भी भक्ति के मार्ग पर बने रहे। और तो और हमारे प्यार श्री कृष्ण जी के रासलीला देखने के लिए देवों के देव यानी महादेव को भी एक गोपी का रूप धारण करना पड़ा। वैसे भागवत कथा हर मनुष्य के भाग्य में नहीं होती है बहुत भाग्यशाली ही होते है जिनके भाग्य में भागवत कथा श्रवण करने का अवसर होता है।

# बोकारो में तालाब में डूबे 3 बच्चों के शव निकाले गए

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** झारखंड के बोकारो जिले के पेटरवार में तालाब में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे बुधवार को डूबे थे, जिनके शव गुरुवार को बाहर निकाले गए। बताया गया कि पेटरवार के सदमा कला गांव के तीन बच्चे बुधवार को अपने घरों से खेलने निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू हुई। सारी रात लोग आस-पास के इलाकों में उनकी खोज करते रहें, लेकिन कुछ अता-पता नहीं चला। पुलिस को भी सूचना दी गई। गुरुवार की सुबह पेटरवार ब्लॉक मुख्यालय स्थित बिशेश्वर धाम मंदिर परिसर में बने अमृत सरोवर में स्थानीय लोगों ने एक बच्चे का शव तैरता हुआ देखा। यह खबर इलाके में फैली तो लापता बच्चों के परिजन मौके पर पहुंचे। शव लापता बच्चों में से एक का था। इसके बाद दो अन्य बच्चों के शव भी तालाब से बाहर निकाले गए। मृत बच्चों की उम्र 8, 9 एवं 11 वर्ष बताई गई है। अनुमान है कि बच्चे तालाब में स्नान करने गए होंगे और इसी दौरान यह हादसा हो गया। बच्चों के शव बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पेटरवार थाना इंचार्ज केके कुशवाहा ने बताया कि तीनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय हॉस्पिटल भेजे गए हैं। बता दें कि इस घटना को मिलाकर पिछले एक हफ्ते के दौरान झारखंड के अलग-अलग इलाकों में जलाशयों में डूबने से नौ लोगों की मौत हुई है। इनमें ज्यादातर बच्चे और युवा हैं। बुधवार को लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र में कच्चा बांध में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों रितेश भगत (9 वर्ष) और अनूपा कुमारी (8 वर्ष) की मौत हुई थी। मंगलवार को रांची के तुपुदाना इलाके में ब्लू पोंड में डूबने से संत चार्ल्स स्कूल के छात्र 15 वर्षीय अनुग्रह किंडो की मौत उस वक्त हुई जब वह अपने दो दोस्तों के साथ नहाने पहुंचा था।


झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-
- नमक-चीनी का घोल
- छाछ
- नींबू-पानी
- आम का शर्बत
- लस्सी
- तरबूज
- खरबूजा
- खीरा
- ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है|सावधानियाँ हीं बचाव|
- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

PR No. 325215 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25

# समर कैंप में भाग लेने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है : नंदकिशोर पाटोदिया

## महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन, 150 बच्चों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा रांची के तत्वावधान में एवं महिला समिति के सहयोग से महाराजा अग्रसेन भवन में गुरुवार को तीन दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। तीन दिवसीय समर कैंप में कक्षा 2 से कक्षा 12 तक के 150 से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस समर कैंप में बच्चों को चित्रकला, गीत-संगीत, नृत्य, शतरंज, हस्तकला, पाक कला, जूडो-कराटे, अभिनय, वक्तृत्व कला, योग, रचनात्मकता व्यक्तित्व विकास, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, देशभक्ति की बेसिक जानकारी निपुण प्रशिक्षकों द्वारा दी गई। तीन दिनों तक सभी बच्चे बहुत उत्साहित थे। सभी ने ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेते हुए खूब मौज-मस्ती की।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चे सीखते हैं कि वे किसी भी विषम परिस्थितियों का मुकाबला कर सकते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी तथा सभी ज्ञानवर्धक बातों का ध्यान रखने की आवश्यकता है। अग्रवाल सभा के सचिव मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि विगत 21 वर्षों से अग्रवाल सभा बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन कर रहा है, जिससे कि बच्चे अपनी रुचि और प्रतिभा की पहचान सकें।

अग्रवाल सेवा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने कहा कि समर कैंप में बच्चे ज्ञानवर्धक बातें सीखते हैं। कोशिश की जाती है कि खेल-खेल में उनके अंदर अच्छे संस्कारों के बीज भी डाल दिए जाएं। उन्होंने बताया कि समर कैंप में 80 बच्चों को सर्टिफिकेट दिया गया। 21 वर्षों तक अपनी बहुमूल्य सेवा देने पर पाजेब के दीपक सिन्हा, मो साबिर हुसैन एवं सुबोध कुमार को अग्रवाल सभा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रशिक्षकों को उचित मानदेय दिया गया। अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि समर कैंप के समापन समारोह कार्यक्रम में प्रभाकर अग्रवाल, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, प्रमोद अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, अजय डीडवानिया, विजय खोवाल, नरेश बंका, रमाशंकर बगड़िया, नरेंद्र नेवटिया, निर्मल बुधिया, सुनील पोद्दार, किशन पोद्दार, उर्मिला पाड़िया, रीना सुरेखा, मंजू लोहिया, मधु सर्राफ,बिना मोदी, प्रीति पोद्दार, सीमा पोद्दार, छाया अग्रवाल, प्रीति फोगला, प्रीति अग्रवाल, रेनू राजगढ़िया, सीमा टाटियां, सुनीता सरावगी, अंशु नेवटिया, प्रीति बंका, सुनैना लॉयलका, ललिता नारसरिया, कमला विजयवर्गीय, संगीता गोयल, मंजू लोहिया, मंजू केडिया, सरिता अग्रवाल, रेनू छापड़िया ने सहयोग दिया।

# सतत विकास को आदिवासी विकास के दृष्टिकोण पर विचार करें : डॉ कुजूर



*संत जेवियर्स कॉलेज में 'गौरव-गरिमा के साथ विकास : आदिवासियों के संदर्भ में' विषय पर व्याख्यान का आयोजन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में गुरुवार को अर्थशास्त्र विभाग और आईक्यूएसी ने 'गौरव-गरिमा के साथ विकास : आदिवासियों के संदर्भ में' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। साथ ही, जेवियर इकॉनोमिक सोसाइटी का भी गठन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा एवं मुख्य अतिथि डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे व प्राध्यापकगण ने दीप प्रज्वलित कर किया। अर्थशास्त्र विभाग ने 'गौरव-गरिमा के साथ विकास : आदिवासियों के संदर्भ में' पर प्रकाश डालते हुए जनजातीय स्थिति एवं भूमिका को स्पष्ट करने का प्रयास किया। प्राचार्य डॉ एन लकड़ा, एसजे ने अपने वक्तव्य में अर्थशास्त्र की भूमिका बताते हुए कहा, बिना अर्थशास्त्र के हम कुछ भी नहीं सोच सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विकास की दशा व दिशा सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे किसी का अहित ना हो सके। संवैधानिक मौलिक शिक्षा का ज्ञान भी जरूरी है। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मारकुस बारला ने डॉ मारियानुस कुजूर एसजे की शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ धीरजमणि पाठक ने छात्रों के लिए सांस्कृतिक गतिशील आकांक्षाएं और सामान्य संसाधनों के आदान-प्रदान की बात कही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर, एसजे ने जनजातियों के पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण खुद की पहचान को स्थापित न कर पाना बताया। उन्होंने कहा कि पहले स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के रूप में परिभाषित किया जाता था, लेकिन अब यह सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक के रूप में बदल चुका है।

### समाहरणालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक, युवाओं को जागरूक करने को तैयार हुई रणनीति

# रांची में ड्रग्स के खिलाफ चलेगा अभियान

*स्कूल, कॉलेज, बड़े शैक्षणिक संस्थानों के प्रिंसिपल को अभियान से जोड़ा जाएगा*

*नशा के दुष्प्रभाव से निपटने के संबंध में ली जाएगी विशेषज्ञों की मदद*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता और सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में रांची में ड्रग्स के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने के संबंध में रणनीति तैयार की गई। मौके पर सिटी एसपी आरके मेहता ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को राज्य सरकार से रांची जिला को नशा मुक्त करने के लिए जो गाइडलाइन प्राप्त हुई है, उसके अनुसार रांची जिला को नशा मुक्त करने के लिए क्या-क्या रणनीति बनाई जा सकती है। इसे लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। हमारी रणनीति के तहत रांची जिले के स्कूल, कॉलेज, बड़े शैक्षणिक संस्थान (सरकारी और निजी) के प्रिंसिपल को इस अभियान में जोड़ने का काम किया जाएगा। इसमें सीआईपी, रिम्स, स्वयं सहायता समूह, बुद्धिजीवी वर्ग, कई नुक्कड़ नाटक करने वालों को जोड़ा जाएगा और रांची में वृहद पैमाने पर कैंपेन चलाया जाएगा। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बैठक में कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं में ड्रग्स एक बड़ा जंजाल है। यह युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। यह युवाओं को इमोशनली, सोशली, इकोनॉमिकली कैंसर की तरह बर्बाद कर रहा है। इसे लेकर सभी स्टेक होल्डर को शामिल करते हुए एक बड़ा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसमें नशा के दुष्प्रभाव के बारे में विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। बैठक में डीएसपी अमर कुमार पांडेय, डीएसपी अरविंद कुमार, डीएसपी प्रकाश सोय, जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार उपस्थित थे।

**ये योजनाएं बनीं**

- रांची जिले में ड्रग्स के विरुद्ध बड़ा अभियान चला कर विद्यार्थियों और युवाओं को जागरूक किया जाएगा।
- रांची जिले में ड्रग्स के खिलाफ अभियान के लिए पुलिस उपाधीक्षक (कोतवाली) प्रकाश सोय को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया।
- एनसीबी से संपर्क कर रांची जिले के सभी थानों में इससे संबंधित वर्कशॉप का आयोजन होगा।
- इस अभियान में सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज, एनजीओ, बुद्धिजीवी वर्ग और नुक्कड़ नाटक दलों को जोड़ा जाएगा।
- केंद्रीय मनोचिकित्सक संस्थान (सीआईपी) रांची एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण, स्कूलों और कॉलेजों के प्रधानाध्यापक, प्रिंसिपल इस अभियान में नोडल अधिकारी के रूप में रहेंगे।
- इस अभियान में बड़े पैमाने पर डिजिटल कैंपेन चलाया जाएगा। वीडियो, गाने, जिंगल, पोस्टर, पंपलेट एवं अन्य माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# मेदांता रांची में पहली बार एंडोस्कोपी प्रक्रिया से पैंक्रियाइटिस का इलाज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ संगीत सौरव, कंसल्टेंट गैस्ट्रोलॉजिस्ट, डॉ संतोष नायक और विश्वजीत, मेडिकल डायरेक्टर मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, रांची ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गुरुवार को कहा कि एक्यूट पैंक्रियाइटिस का इलाज एंडोस्कोपी अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) प्रक्रिया के जरिए किया गया है। पेट में असहनीय दर्द, बार-बार बुखार आने तथा उल्टियां होने से परेशान राज्य के रामगढ़ के 35 वर्षीय युवक को ईयूएस प्रक्रिया के जरिये राहत दिलाई गई। उन्होंने बताया कि एक्यूट पैंक्रियाइटिस के बाद मरीजों में गंदे संक्रमित तरल पदार्थ और मलबे का संग्रह विकसित होता है, जिसे स्यूडोसिस्ट या डब्लूओएन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में पेट के अंदर से संग्रह में एंडोस्कोपी (कोई सर्जरी नहीं) के माध्यम से पानी की निकासी के लिए एक छेद बनाया जाता है और एक धातु का स्टेंट लगाया जाता है। इसके माध्यम से मरीज को तत्काल राहत के साथ हानिकारक सिस्ट को आंतरिक रूप से सूखा दिया जाता है। इस प्रक्रिया के बाद अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और उसे कोई तकलीफ नहीं है।

ईयूएस प्रक्रिया करने वाले हॉस्पिटल के डॉ संगीत सौरभ ने बताया कि गत मार्च महीने में पेट में दर्द, बुखार और उल्टियां होने के बाद मरीज को एक अन्य हॉस्पिटल में दिखाया गया। वहां सुधार न होने के बाद मरीज को मेदांता हॉस्पिटल लाया गया। शुरुआती दौर में उसे एंटीबायोटिक्स पर रखा गया, लेकिन दस दिनों के बाद फिर उसे तकलीफें शुरू हो गईं। तब सिटी स्कैन कराया गया, तो पता चला कि मरीज को एक्यूट पैंक्रियाइटिस है। उन्होंने बताया कि पैंक्रियाइटिस होने के कारण जो पैंक्रियाज के चारों तरफ मवाद जमा होता है, वह संगठित होकर गोला का रूप ले लेता है। ऐसे 70 प्रतिशत मरीज इलाज से ठीक हो जाते हैं। लेकिन, 20 से 30 प्रतिशत मरीजों में दर्द, बुखार और उल्टियों की शिकायत आती है। पहले इस स्थिति में मरीज की सर्जरी की जाती थी। लेकिन, अब ईयूएस से प्रक्रिया पूरी कर इसे ठीक किया जाता है। यह सुविधा झारखंड में सिर्फ मेदांता हॉस्पिटल में उपलब्ध है। डॉ सौरभ ने बताया कि अब पैंक्रियाइटिस की बीमारी काफी बढ़ रही है। यह अत्यधिक गंभीर बीमारी है, जो सर्वोत्तम इलाज के बावजूद 10 प्रतिशत मामले में जानलेवा हो सकती है। गॉलस्टोन और शराब पीना इसके दो प्रमुख कारण हैं।

# इस्पात परियोजनाओं का समय पर क्रियान्वयन बड़ी चुनौतियों में से एक : एनएन सिन्हा

## इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईकॉन्स 24 : पूंजीगत वस्तुओं की महत्ता का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेकॉन लिमिटेड ने भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में सेल के साथ मिलकर गुरुवार को डोरंडा की श्यामली कॉलोनी स्थित प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के सम्मेलन हॉल में इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'आईकॉन्स 24 : पूंजीगत वस्तुओं की महत्ता' का आयोजन किया। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन शुक्रवार (31 मई) को होगा।

इस सम्मेलन का उद्देश्य नई साझेदारियों को बढ़ावा देने, नए समाधान खोजने और इस्पात उद्योग के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, इस्पात उत्पादकों, विनिर्माताओं, शिक्षाविदों आदि सहित इस्पात उद्योग के प्रतिभाशाली लोगों और अग्रणी हितधारकों को एकजुट करना है।

आईकॉन्स 24 के पहले दिन आरंभ में मेकॉन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार वर्मा ने सभी गण्यमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और सम्मेलन की विषयवस्तु से सबको अवगत कराया। सम्मेलन का उद्घाटन नागेंद्र नाथ सिन्हा, सचिव, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार, सुकृति लिखी, अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, इस्पात मंत्रालय, अभिजीत नरेंद्र, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, डॉ संजय रॉय, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी, एनएमडीसी, अजीत कुमार सक्सेना, सीएमडी, मॉयल, संजय कुमार वर्मा, सीएमडी एवं अतिरिक्त प्रभार निदेशक (वाणिज्यिक), मेकॉन और अमरेंदु प्रकाश, अध्यक्ष, सेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुछ गण्यमान्य व्यक्ति वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वर्चुअल रूप से इस सम्मेलन में शामिल हुए। सीएमडी-सेल, सीएमडी-मॉयल और सीएमडी-एनएमडीसी ने सभा को संबोधित किया। अध्यक्षीय संबोधन अभिजीत नरेंद्रन ने दिया और विशेष भाषण नागेंद्र नाथ सिन्हा ने दिया।

मौके पर नागेंद्र नाथ सिन्हा, सचिव, इस्पात मंत्रालय ने कहा कि आज भारत में स्थापित की जा रही इस्पात परियोजनाओं के लिए सावधानीपूर्वक परियोजना नियोजन और समय पर क्रियान्वयन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन गया है। हमें इस्पात परियोजनाओं को सुदृढ़ बनाए रखने और उनकी दीर्घकालिक स्थिरता के लिए अपनी परियोजनाओं को समय पर क्रियान्वित करने के नवोन्मेषी उपाय खोजने की आवश्यकता है। उन्होंने भारी उद्योग क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य करने के नए तरीकों, नए विचारों और नई प्रतिभाओं को शामिल करने पर भी जोर दिया।

अभिजीत नरेंद्र, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय ने कहा कि यद्यपि हम इस्पात उत्पादन में दूसरे स्थान पर हैं, लेकिन इस्पात उद्योग के लिए मशीनरी बनाने में हमारी सीमाएं हैं। उन्होंने सभी हितधारकों को शामिल करने वाले इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया।

# तनाव का इलाज तंबाकू नहीं है : राजकिशोर कर्ण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पारिवारिक, सामाजिक व प्रशासनिक दबावों के बीच कार्य करते हुए मानव आज असंतोष, तनाव और कुंठा में घिरा हुआ है। कुछ लोग इससे मुक्त होने के लिए बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब आदि का प्रयोग करते है। लेकिन, वास्तव में तनाव का इलाज तंबाकू नहीं है। सिगरेट, शराब आदि धीमा जहर हैं। ये बातें हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित ब्रह्माकुमारी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में अभियंता राजकिशोर कर्ण ने कही। उन्होंने कहा, बचपन में भी कई बच्चे खराब संगति के कारण इस लत के शिकार हो जाते हैं। उन्हें बचाया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित अभियंता अनिल सिंह ने कहा, जो भी व्यक्ति इस लत के वश में एक बार जाने-अनजाने फंस जाता है, वह समय से पूर्व ही काल का ग्रास बन जाता है। राजयोग के अभ्यास से कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति में बढ़ोतरी होती है। इस बढ़ी हुई इच्छा शक्ति से मन को स्वच्छ बनाकर मानव मलीन विचारों से मुक्त होता है। स्वास्थ्य और मानसिक शुद्धि के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की राजयोग रूपी प्रयोगशाला का अनुभव करना चाहिए, जिससे रोग प्रतिकारक शक्ति में वृद्धि होती है।

कार्यक्रम में उपस्थित अभियंता किशोरी ने कहा, धूम्रपान व तंबाकू का व्यसन एक खराब चीज है। देह मंदिर से धुआं निकालते व अग्नि को मुख से निगलते मूर्ख मनुष्य गर्व का अनुभव करते हैं। सिगरेट के धुएं में 400 प्रकार के खतरनाक रसायन रहते हैं। सिगरेट पीने से खून की मात्रा में निकोटीन की मात्रा अधिक होने से ऑक्सीजन वहन की क्षमता बहुत कम हो जाती है। इससे हृदयरोग, कैंसर हो सकता है। आठ सिगरेट एक दिन में जेब से निकालकर सुलगाने में 16 मिनट लगते हैं, जबकि 15 मिनट के राजयोग अभ्यास से वह आदत छूट सकती है। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने सिगरेट, गुटखा आदि भविष्य में प्रयोग न करने की प्रतिज्ञा की।

## ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, नशा जीवन का नाश करता है




ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, विडंबना इस बात की है कि आजाद भारत के लोग अंग्रेजों की गुलामी से तो मुक्त हो गए, लेकिन साढ़े पाँच फीट का इंसान ढाई इंच के सिगरेट और बीड़ी का गुलाम है। इंसान मुख से आग निगल रहा है और बुराइयों का धुआं उगल रहा है। इसकी आग ठंडी करने के लिए राजयोग शीतल उपचार प्रक्रिया है, जिसका अभ्यास चौधरी बगान, हरमू रोड ब्रह्माकुमारी केंद्र पर कराया जाता है। राजयोग सभी तरह के नशा और व्यसनों का नाश करने के लिए अचूक औषधि है। यदि कोई व्यक्ति तंबाकू का सेवन त्याग दे, तो इसका हानिकारक प्रभाव खत्म हो कैंसर खतरा टल जाता है। ईश्वरीय राजयोग साधना के दौरान जब व्यक्ति परमात्मा से संपर्क साध लेता है, तो नशे की लालसा कम होकर खत्म हो जाती है। राजयोगी मन का स्वामी बन कर रहता है, दास नही। राजयोग से मनोबल में अल्पकाल में ही बहुत वृद्धि होती है। परमात्मा की संतान होने के नाते हमें उनके द्वारा रचे हुए रूद्र ज्ञान यज्ञ में बुराइयों की आहुति डालकर ईश्वरीय राजयोग सीखना चाहिए, तभी भारत की मूल दैवी सभ्यता सृष्ट पर आएगी।

### नौतपा के कहर से तप रहा झारखंड : पंडित मनोज पांडेय

**रांची।** राज्य नौतपा कहर से तप रहा है। आसमान से बरसती आग से मनुष्य ही नहीं, पशु-पक्षी भी परेशान हैं। राज्य के 17 जिलों में तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। पलामू में 47.4 डिग्री तापमान पहुंच गया है। राजधानी रांची में गुरुवार दस बजे के बाद सड़कों पर निकलना दूभर हो गया। हालांकि, शाम चार बजे के बाद आसमान में बादल छाने से थोड़ी राहत मिली। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि ऐसे मौसम को नौतपा कहा जाता है। नौतपा में आंधी-बारिश का होना बड़ी बात नहीं है। पर, नौतपा का प्रकोप भी बरकरार रहता है। उन्होंने बताया कि नौतपा 25 मई से शुरू हुआ है, इसका प्रकोप दो जून तक रहेगा। जैसे-जैसे दिन गुजरेंगे तापमान में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है।

## न्यूज बॉक्स

### अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कमल कांत झा का दिल्ली में निधन



**रांची।** मैथिली भाषा में लघुकथा 'गाछ रुसल अछि' के लिए वर्ष 2020 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित एवं साल 2009 से अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कमलकांत झा का निधन गुरुवार को एम्स दिल्ली में हुआ। वे 91 वर्ष के थे। बिहार के मधुबनी जिले के कलुवाही ग्राम में जन्मे डॉ झा बाल स्वयंसेवक थे तथा वर्षों तक जिला कार्यवाह रहे। वर्ष 1962 से ही वे लेखन कार्य से जुड़े रहे। वर्ष 1965 में जयनगर कालेज में मैथिली के लेक्चर से प्रारंभ कर प्रोफेसर बने एवं 2003 में सेवानिवृत्त हुए। इन्होंने मैथिली के संग हिंदी में भी लगभग 25 पुस्तकें लिखीं। उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों में अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ झा, उपाध्यक्ष राजेश झा, गंगाप्रसाद यादव, डॉ आभा झा, महासचिव अजय झा आदि शामिल हैं।

### प्रिस्टीन केयर ने ऑर्थो स्पोर्ट्स के साथ की साझेदारी

**रांची।** स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी प्रिस्टीन केयर ने ऑर्थो स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के साथ स्पोर्ट्स इंजरी के लिए एक अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। इस सहयोग का उद्देश्य आधुनिक टेक्नोलॉजी और एक्सपर्ट केयर की मदद से स्पोर्ट्स इंजुरी का सबसे बेहतरीन उपचार और रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम पेश करना है। चार हजार वर्ग फीट में फैला यह नया सेंटर स्पोर्ट्स इंजुरी थेरेपी के क्षेत्र में नवीनतम सुविधाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सेंटर एक विस्तृत एथलीट रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम पेश करेगा, जो चोटों से उबरने वाले एथलीटों की खास जरूरतों को पूरा करेगा। यह सेंटर स्पोर्ट्स मेडिसिन के क्षेत्र की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिससे कि खिलाड़ियों की बेहतर रिकवरी हो। साथ ही, उनके परफॉर्मेंस को बेहतर बनाया जा सके। इस सेंटर में एडवांस सर्जिकल टूल्स जैसे इंटरनल ब्रेस के साथ एसीएल रिपेयर, एसीएल रिकंस्ट्रक्शन क्वाडप्रो हार्वेस्टर, इंटरनल ब्रेस और फाइबरटैग टाइटरोप इंप्लांट्स, ऑटोकार्ट कार्टिलेज ट्रांसप्लांट का उपयोग किया जाएगा। इन टूल्स की मदद से यह सेंटर केयर और प्रिसिजन के उच्चतम मानक स्थापित करेगा।

### अटल स्मृति वेंडर मार्केट से हटाया गया अतिक्रमण



**रांची ।** रांची नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अवस्थित अटल स्मृति वेंडर मार्केट में खाली पड़े चबूतरे पर आसपास के कई दुकानदारों ने जबरन कब्जा कर रखा था। इसे लेकर बाजार के दुकानदारों द्वारा निगम को कई बार शिकाय की गई थी। गुरुवार को नगर निगम ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से उन चबूतरों को मुक्त कराया। बता दें कि मार्केट के भूतल एवं प्रथम तल पर सर्जना चौक से कचहरी चौक तक के सर्वेक्षित वेंडर को लॉटरी के माध्यम से स्थल अथवा चबूतरा आवंटित किया गया था। इसके उपरांत सर्जना चौक से कचहरी चौक तक मार्केट नहीं चलाने को लेकर घोषणा की गई थी। बावजूद इसके, खाली पड़े 70 चबूतरों में 30 पर अवैध रुप से कब्जा था। प्रशासक के आदेश अनुसार उन सभी दुकानदारों को चिह्नित कर कार्रवाई करने तथा खाली पड़े दुकानों पर तालाबंदी करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने मार्केट में खाली पड़ी सभी दुकानों में ताला लगा दिया है।

### जल संकट से बचने को निगम 35 एनजीओ के माध्यम से लोगों को करेगा जागरूक

**रांची।** पानी की किल्लत से निपटने के लिए रांची नगर निगम राजधानी के सभी वार्ड में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर जोर दे रहा है। 53 वार्ड में कुल 2,23,340 घर है। लेकिन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम महज 42,906 घरों में ही बनाया गया है। वहीं, 34,299 घर ऐसे हैं, जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगा कर डेढ़ गुणा होल्डिंग टैक्स दे रहे हैं। ऐसे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए 35 एनजीओ को अभियान में लगाने का निर्णय नगर निगम ने लिया है।

**यह है नियम**

झारखंड वर्षा जल संचयन अधिनियम 2017 की धारा 5.1 के तहत 300 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली भूमि अथवा मकान पर डेढ़ गुना अधिक होल्डिंग टैक्स लेने का प्रावधान है।

### डीआईजी ग्राउंड में बनेगा ओपीडी बिल्डिंग



**रांची।** डीआईजी ग्राउंड में ओपीडी बिल्डिंग निर्माण को लेकर गुरुवार को रिम्स निदेशक प्रो राजकुमार की अध्यक्षता में संपदा समिति और सभी विभागाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि नई बिल्डिंग के निर्माण के लिए डीआईजी मैदान को चिह्नित किया गया है। बिल्डिंग की रूपरेखा पर समिति के सभी सदस्यों में आपसी सहमति बनी है। बैठक में अंडरपास की अंतिम रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। इस अंडरपास के माध्यम से पुरानी बिल्डिंग और नए ओपीडी भवन को जोड़ा जाएगा। साथ ही, क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की बिल्डिंग पर काम कर रही एजेंसी को दो महीने में बिल्डिंग का काम समाप्त कर हैंडओवर करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में डीन प्रो विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक प्रो हिरेंद्र बिरुआ, संपदा पदाधिकारी डॉ शिवप्रिय, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी मौजूद थे।

### मणिटोला काली मंदिर का बड़ा पूजा महोत्सव 5 जून से

**रांची।** डोरंडा के मणिटोला स्थित मां काली जगदंबा मंदिर का तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव 5 जून से प्रारंभ हो जाऐगा। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि पहले दिन शाम छह बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं संग स्थानीय और बाहर से आए कलाकार भक्ति की सतरंगी छटा बिखेरेंगे। पवन पासवान ने बताया कि इसके लिए ओडिशा, छत्तीसगढ़ और जमशेदपुर के कलाकारों को खास तौर से बुलाया गया है। यात्रा में शामिल श्रद्धालु पत्थर रोड, शिवपुरी, हिनू मुख्य मार्ग होते हुए इंदिरा पैलेस से घूम कर पीएचडी, बाल मंदिर मार्ग के रास्ते मुख्य मंदिर आएंगे। यहां पूजन-आरती के बाद दीप महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 6 जून को मुख्य पूजा होगी। तड़के तीन बजे से रात के 11 बजे तक पूजन-अनुष्ठान चलेगा। अंतिम दिन 7 जून को मां का विशेष भोग बंटेगा। सवा लाख से ज्यादा भक्त मां का प्रसाद ग्रहण करेंगे।




# भाजपा की जा रही सत्ता, आलमगीर व हेमंत को भेजा जेल : इमरान प्रतापगढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जगह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी प्रचार के अंतिम दिन राजमहल संसदीय क्षेत्र के साहिबगंज जिला के बरहरवा प्रखंड के गुमानी में विशाल जनसभा का संबोधित किया। जनसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हम आज विजय को आपके सहयोग से विजयी बनवाने आए हैं।आज मैदान में इतनी भीड़ के बाद भी काफी सुना सुना लग रहा है क्योंकि आज आलमगीर आलम साहब इस सभा में नहीं है। हम संकट के दौर से गुजर रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर एक रणनीति के तहत पहले हेमंत सोरेन और फिर आलमगीर आलम साहब को जेल भेजा गया ताकि इस क्षेत्र में इंडिया जनबंधन कमजोर हो लेकिन आपके सहयोग से भाजपा नेताओं को यह संदेश पहुंच गया है।



## महंगाई से जनता में हाहाकार,सोया है चौकीदार

इस अवसर पर अपनी कविता के द्वारा इमरान प्रतापगढ़ी प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा जनता महंगाई के मारे कर रही हाहाकार,कहां सोया है चौकीदार । इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि गुमानी से ही केंद्र के हुकूमत की गुमान टूटेगी। मैने हिंदुस्तान की राजनीति में आलमगीर आलम जैसा ईमानदार व्यक्ति नहीं देखा है, मोदी सरकार ने इन्हें जेल भेजा, हेमंत सोरेन को जेल भेजा, क्योंकि उनके नीचे से जमीन खिसक रही है, इन्हें आभास हो गया है कि उनकी सत्ता जाने वाली है और सत्ता के बिना ये रह नहीं सकते। भाजपा के नेता बेशर्मी के साथ संविधान बदलने के लिए 400 सीटे जनता से मांग रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया जनबंधन है जो संविधान पर आंच नहीं आने देगी। हमारे नेता राहुल गांधी संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं । इस संघर्ष में आपको हमारा साथ देना है। हम देश की जनता के मन को पढ़कर कह रहे हैं की 4 जून को मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। मोदी सरकार 2000 का नोट 7 साल नहीं चल सकी और वह हमसे 70 सालों का हिसाब मांगते हैं अगर इस बार हम चुके तो देश में चुनाव कभी नहीं होंगे।

# कांग्रेस नहीं आएगी सत्ता में, फिर भी चांद-सितारे लाने का कर रही वादा

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

**भाजपा के अल्पसंख्यक नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने गोड्डा में इंडी गठबंधन के नेताओं पर जमकर निशाना साधा । भाजपा नेता ने कहा कि पूरे देश की जनता के साथ खुद कांग्रेस भी अच्छी तरह जान रही है कि वह 2024 में भी सत्ता में नहीं आने वाली है, इसके बावजूद देश के लोगों को हसीन सपने दिखा रही है, कुछ भी वादा कर रही है और चांद सितारे लाने का वादा कर रही है। न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी।**

## दाढ़ी बढ़ाने से हेमंत को नहीं मिलेगी सहानुभूति

शाहनवाज हुसैन ने कहा कि तेजस्वी यादव के पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में सन ऑफ



मल्लाह को गले लगा खूब समान में उड़ रहे है और झारखंड में अल्लाह के एक बंदे को छोड़ दिया है यह कैसे सहयोगी हैं। शाहनवाज ने हेमंत सोरेन बढ़ी दाढ़ी पर कहा कि इससे जनता की सहानुभूति नहीं मिलेगी। हेमंत सोरेन आजादी की लड़ाई के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए हैं। भोली भाली झारखंड की जनता को बेवकूफ न बनाएं। गौरतलब है कि जेल मे हेमंत सोरेन ने दाढ़ी बढ़ा ली है। अपने आपको गुरुजी के लुक में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों के बीच भी जा रहे हैं और भाजपा से जुड़ने की अपील कर रहे हैं। साथी ही धर्म के आधार पर अल्पसंख्यक को आरक्षण में कोटा तय करना गलत है। शहनवाज हुसैन ने बिहार की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें सिर्फ एक नई सीट जितनी है और इस बार 40 में 40 जीतना है। राजद का खाता नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में माय बाप की राजनीति हो रही है। एक तरफ मीसा और रागिनी बहन को टिकट दिया जा रहा दो दूसरी तरफ शहाबुद्दीन की बेवा को टिकट नहीं दिया।


# मोदी तीसरी बार पीएम बने तो कभी नहीं होगा चुनाव : पप्पू यादव



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

बिहार कांग्रेस के नेता और पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव ने कहा कि न केवल उन्हें बल्कि पूरे इंडी गठबंधन को यह अंदेशा है कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बनते हैं, तो इस देश में कभी चुनाव नहीं होगा। लोकतंत्र की बात छोड़ दें, रूस और चाईना की तर्ज पर ये चुनाव को कानून और संविधान संशोधन करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समाप्त कर देगी। नरेंद्र मोदी और आरएसएस की पूरी मंशा इस देश में चुनावी प्रक्रिया को खत्म करने की है।एक बादशाहत काम करना, अंतिम जीवन तक राष्ट्राध्यक्ष बने रहने की इनकी पूरी मंशा हैं, इसलिए ये 400 पार सीट मांग रहे हैं। 400 पार केवल संविधान बदलने के लिए नहीं बल्कि चुनावी प्रक्रिया को ही खत्म करने के लिए मांग रहे हैं। पप्पू यादव ने कहा कि दुनिया के इतिहास में सबसे झूठ बोलने वाले, आरोप प्रत्यारोप, हमारे भारतीय संस्कृति में ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया, जितना हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। आज उन्होंने कहा कि हमारा मुंह न खुलावाएं नहीं तो सात पुश्त नंगा कर देंगे।

झामुमो के प्रवक्ता व महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश में आखिरी चरण का मतदान एक जून को होगा। झारखंड में भी अंतिम चरण के तहत तीन सीटों



पाकुड़ में राजमहल के सांसद सह इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा, मोदी सरकार में आदिवासियों , ओबीसी व अनुसूचित जातियों के साथ भेदभाव किया गया।

# ओबीसी मोर्चा ने संताल के तीनों सीट पर इंडी गठबंधन की जीत का किया दावा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 1 जून को झारखंड में लोकसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में गोड्डा से प्रदीप यादव,राजमहल से विजय हंसदा और दुमका से नलिन सोरेन की जीत पक्की है।ए सभी सीटें इंडिया गठबंधन एक तरफा जीत रही है। और झारखंड के 14 में से 8 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत निश्चित होगी। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने संथाल के दौरे से लौटने के पश्चात रांची में एक प्रेस वार्ता में कही। गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी संथाल परगना क्षेत्र में मजबूती से इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनसंपर्क, नुक्कड़ सभा, और रैली के माध्यम से मतदाताओं को इंडिया गठबंधन को वोट करने के लिए प्रेरित की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 7 दिनों से वो लगातार गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों, देवघर जिले के कई प्रखंड और पंचायतों का दौरा कर प्रदीप यादव के पक्ष में ओबीसी मतदाताओं को गोलबंद किया हूं। इंडिया गठबंधन के द्वारा ओबीसी के प्रमुख मुद्दों सहित युवा,महिला,किसान मजदूर आदि के मुद्दे को घोषणा पत्र में शामिल किए जाने से मतदाताओं का रुझान इन्डिया गठबंधन के प्रति बढ़ा है। साथ ही स्थानीय होने के कारण प्रदीप यादव की एक तरफा जीत लगभग तय है। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता सहित सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, दिलीप वर्मा, महासचिव अजय मेहता, शुभम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## 29.94 लाख की ठगी करने वाला साइबर अपराधी दिल्ली से गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) के साइबर क्राइम थाना ने दिल्ली के छावला थाना क्षेत्र से एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराध रवि शंकर द्विवेदी के पास से मोबाइल, सिम कार्ड और व्हाट्सएप चार्ट बरामद किया गया है। डीएसपी नेहा बाला ने गुरुवार को बताया कि साइबर क्राइम थाने में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाइम जॉब ऑफर किया गया। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को एक टेलीग्राम आईडी के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया। इस टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। उसके बाद उनसे एक वेबसाइट अकाउंट बनाने को बोला गया, जहां महिला द्वारा किए गए इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखाई देता था।

# भाजपा प्रभारी ने मां दिउड़ी से लिया आशीर्वाद, बोले सभी सीटें जीतेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के अंतिम दिन गुरूवार को तमाड़ के प्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मत्था टेका और मां का आशीर्वाद लिया। भाजपा नेता ने मां दिउड़ी से झारखंड की सभी सीटों पर भाजपा की जीत के लिए मन्नत मांगी।



दिउड़ी मंदिर में इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि झारखंड में भाजपा 14 सीटें जीतने जा रही है। मोदी सरकार के जनहित में किये गए काम और झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार के बारे में जनता को बताकर हमने वोट मांगा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की ओर से यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि झारखंड में आदिवासियों ने भाजपा से दूरी बना ली है। इस पर करारा प्रहार करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके गैंग के लोग ही उनके साथ रह गए हैं। उन्होंने कहा कि शेष झारखंड के आदिवासी बहुत ही सरल और देशभक्त हैं। वे सभी लोग भाजपा के साथ हैं। मोदी सरकार के साथ देश निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए वे भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो और उनके साथियों का झूठा प्रचार नहीं चलने वाला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। देश के लोग जानते हैं कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बिना किसी भेदभाव के अगर देश का कोई विकास कर सकता है तो वो हैं नरेन्द्र मोदी। देश की जनता यह भी जानती है कि अगर देश किसी एक व्यक्ति के हाथों में सुरक्षित रह सकता है, तो वो हैं प्रधानमंत्री मोदी। वाजपेयी ने कहा कि झारखंड में आगामी विधानसभा का चुनाव एक रणनीति के तहत लड़ा जाएगा और एक बार फिर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

# तुष्टीकरण के लिए आदिवासियों से हो रहा खिलवाड़ : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने कहा कि संथाल में आदिवासियों की आबादी खतरे में है। संताल परगना का डेमोग्राफी काफी तेजी से बदल रहा है। पिछले कुछ सालों में आदिवासियों की आबादी में 11 प्रतिशत से ज्यादा घटी है, जबकि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण संताल में मुस्लिम आबादी में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इन आकंड़ों से साफ है कि संताल में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है। संथाल में बदल रही डेमोग्राफी के लिए झामुमो, कांग्रेस और राजद जिम्मेवार है। इंडी गठबंधन तुष्टिकरण की राजनीति कर यहां के आदिवासियों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

*संताल में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में | 11 फीसदी आबादी घटी, मुस्लिमों की 35 फीसदी बढ़ी*



## बांग्लादेशी घुसपैठी के कारण बढ़ रही परेशानी

संताल में तुष्टीकरण के कई उदाहरण भी देखने को मिले हैं। हमें भारत के मुसलमानों से कोई परेशानी नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठी यहां की पहाड़िया और संथाल जनजाति समाज की लड़कियों से लव जिहाद के तहत शादी कर रहे हैं और उनकी आड़ में लैंड जिहाद भी कर रहे हैं। कई सरकारी स्कूलों में रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी दी जा रही थी। यहां जल, जंगल और जमीन लूटी जा रही है। पहाड़ों को लूटा जा रहा है। आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में ढूंढने से भी आदिवासी नहीं दिखेंगे।

## धर्म के आधार पर हिन्दू-मुस्लिम को बांट चुकी है कांग्रेस

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि जिस तरह संताल में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ा है, उसी तरह देश में मुस्लिम आबादी में 45 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है, जबकि हिन्दुओं की आबादी में 8 फीसदी की गिरावट आयी है। जो बेहद चिंता का विषय है। कांग्रेस धर्म के आधार पर भाई-भाई को बांट चुकी है। एक बार फिर कांग्रेस वही करना चाहती है, जिसे भाजपा नहीं होने देगी। अमर बाउरी ने भरोसे के साथ कहा कि इस बार मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और देश में समान नागरिक संहिता लागू होगा। सारा हक भारत के नागरिकों को मिलेगा और बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकाला जाएगा। अमर बाउरी ने दावा किया कि इस बार ना सिर्फ संथाल की सभी तीन सीटें बल्कि राज्य की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी।

## बीडीओ जयपुरियार समेत तीन को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास

**रांची।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने गुरुवार को जेट्रोफा की खेती के नाम पर सरकारी राशि का घोटाला करने के आरोपी मनिका प्रखंड की तत्कालीन बीडीओ साधना जयपुरियार समेत तीन को तीन-तीन वर्षों की सश्रम कारावास की सजा सुलाई है। साथ ही, 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, जिले के मनिका प्रखंड में वर्ष 2010 में जेट्रोफा प्लांटेशन के नाम पर व्यापक घोटाला किया गया था। तत्कालीन बीडीओ साधना जयपुरियार एवं ग्राम विकास सेवा समिति एनजीओ के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव एवं सचिव सत्येंद्र यादव के खिलाफ मनिका थाना कांड संख्या 76/10 भादवि की धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत मामला तत्कालीन डीडीसी सीपी बाखला ने दर्ज कराया था।

# न्यूज | बॉक्स

## झारखंड विधानसभा की गठित समितियों को मिला कार्यकाल का विस्तार

**रांची।** वर्ष 2023-24 के लिए झारखंड विधानसभा की गठित समितियों के कार्यकाल को विस्तार दिया गया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार, जब तक विधानसभा की नई समितियों का गठन नहीं हो जाता, तब तक उक्त तिथि तक 2023-24 के लिए गठित समिति को विस्तारित कर दिया गया है। यानी, वर्तमान में गठित विभिन्न समितियां अपना कार्य करती रहेंगी। हिंदी विद्यापीठ से शैक्षणिक योग्यता की उपाधि लेकर नौकरी पानेवाले सचिवालय के दो सहायकों को बैक डेट से आर्थिक लाभ देते हुए प्रमोशन भी दिया गया है।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के चार आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में गुरुवार को बरी कर दिया है। इस मामले में ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने पीड़िता सहित पांच गवाह पेश किये थे। लेकिन यह गवाह साबित नहीं कर पाये कि आरोपित युवकों ने ही सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद पोक्सो की विशेष कोर्ट ने चारों आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। आरोपितों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। पीड़िता के पिता के जरिये दर्ज करवायी गयी प्राथमिकी के अनुसार 27 दिसंबर 2023 को एक शादी समारोह में जाने के दौरान पीड़िता का परिचित मनीष उरांव और उसके दोस्त बिजला उरांव, संदीप उरांव और प्रकाश उरांव ने अगवा कर दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयान पर बेड़ो थाना में कांड संख्या 3/2024 दर्ज करायी गयी थी।

## कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** एनआईए की विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अपने जमानत के लिए पन्नालाल की ओर से अदालत में 10 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की गई थी। उल्लेखनीय है कि झारखंड की गरीब बेटियों को बहला फुसलकर काम दिलाने के बहाने बड़े-बड़े महानगरों में बेचने का आरोप है । इस अपराध में पन्ना लाल महतो की पत्नी सुनीता देवी भी आरोपित है। पन्नालाल महतो और उनकी पत्नी पर 15 साल में 5000 गरीब बच्चियों का सौदा कर 100 करोड़ रुपया अर्जित करने का भी आरोप है। तीन प्लेसमेंट कंपनी के जरिए झारखंड के बच्चियों को काम दिलाने के नाम पर देश के बड़े-बड़े महानगरों में ले जाकर बेच दी जाती थी। पन्ना लाल महतो को झारखंड पुलिस ने खूंटी से गिरफ्तार किया था। खूंटी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) थाने में 19 जुलाई 2019 को दर्ज एक केस में गिरफ्तार किया था। उस वक्त से ही वह जेल में है। इस केस को टेकओवर करते हुए एनआइए ने चार मार्च 2020 को प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के दौरान एनआइए को यह जानकारी मिली कि आरोपित पन्ना लाल महतो और उसकी पत्नी सुनीता देवी दिल्ली में तीन प्लेसमेंट एजेंसी से बड़े पैमाने पर मानव तस्करी कर रही है। आरोपित झारखंड से गरीब और निर्दोष बच्चे-बच्चियों को नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करते हैं और दिल्ली तथा आसपास के राज्यों में उनका सौंदा कर देते हैं। वहां उनका शोषण होता है।

## डीसी एवं डीडीसी की अध्यक्षता में हर महीने होगी समीक्षा बैठक

- जेईपीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारियों को भेजा पत्र

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने विभिन्न जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर समग्र शिक्षा के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा के लिए हर महीने जिलों के उपायुक्तों (डीसी) एवं उप विकास आयुक्तों (डीडीसी) की अध्यक्षता में बैठक करने का निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है कि उपायुक्त झारखंड शिक्षा परियोजना के जिला कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष होते हैं। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के स्मृति पत्र में अंकित है कि जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक समय-समय पर की जानी है, किंतु किसी भी जिले द्वारा इसका सतत अनुपालन नहीं किया जा रहा है। सभी जिले को हर तीन महीने में जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक करना अनिवार्य है। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने स्तर से अग्रेतर कार्रवाई करेंगे। पत्र में निर्देश दिया गया है कि समग्र शिक्षा के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों की समीक्षा के लिए हर महीने उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। साथ ही, जिले के उप विकास आयुक्त के साथ भी समग्र शिक्षा के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी एवं सुचारू रूप से कियान्वयन के लिए समय-समय पर उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए उनकी अध्यक्षता में भी बैठक किए जाने की आवश्यकता है। उक्त बैठक की कार्रवाई से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को समय-समय पर अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## घरेलू विवाद में बेटी ने अपनी मां को कुल्हाड़ी से काट डाला

**रांची ।** झारखंड के चांडिल में एक खौफनाक घटना घटी। पाल-पोस कर बड़ा करने वाली मां को ही उसकी बेटी ने कुल्हाड़ी से काट कर मार डाला है। मृतक की शादीशुदा बेटी अपने मायके आई हुई थी। रात के वक्त खाने बनाने के



क्रम में किसी बात पर विवाद बढ़ता चला गया और परिस्थिति अनियंत्रित हो गई। तभी बेटी अपना आपा खो बेठी और अपनी ही मां को मार डाला। मृतक लूसी मंजियाइन काफी वृद्ध थी। घटना चांडिल थाना क्षेत्र के रसुनिया गांव की है। घटना के बाद पुलिस को जानकारी मिलते ही मृतक की बेटी को उसके ससुराल में जाकर गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार वृद्ध महिला का बेटा विजय हांसदा ने बहन के खिलाफ चांडिल थाने में केस दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, रात के करीब 11:00 बजे विजय हांसदा घर लौटा, तो उसकी मां घर पर खून से लथपथ पड़ी हुई थी और उसकी बहन घर से गायब थी। पुलिस मृतका की बेटी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि खाने बनाने के दौरान घरेलू मामले पर विवाद बढ़ जाने पर घटना घटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक नजर

### शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने के मामले में थाने में मामला दर्ज

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के सलैया गांव में एक नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़िता की मां ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। आवेदन में लिखा कि ग्राम सलैया निवासी अमन भूंइया पिता जगदीश भूंइया मेरी नाबालिग पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर 27 मई को भगा ले गया। जिसके पश्चात दो दिनों बाद दोनों अपने घर आ गए। पुलिस को सूचना मिलने पर पीड़िता के मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अमन को हजारीबाग जेल भेजा। इस मामले का केस नम्बर 92/24 है।

### धर्मपुर में रोजगार दिवस का आयोजन

**टाटीझरिया।** प्रखंड के धर्मपुर पंचायत के पंचायत भवन परिसर में 30 मई गुरुवार को रोजगार दिवस कार्यक्रम के तहत बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया कांति देवी और संचालन पंचायत सचिव संजय कुमार ने की। वहीं रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद ने बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीणों से सरकार के आदेशानुसार नियमावली को बताते हुए कहा की आज की संगोष्ठी मुख्य रूप से अबूवा आवास तथा बिरसा हरित ग्राम योजना वर्ष 2024- 2025 के तहत लाभुको का आम बागवानी के लिए चयन किया जाना है। जो योग्य लाभुक है वे स्वेक्षापूर्वक योजनाओ का नाम सूची में चयन कर दे। मौके पर संतोष प्रजापति,उर्मिला देवी, अलका देवी, सुमन देवी, रंजीता देवी, रीना देवी, बबली देवी, पूजा देवी, बिना देवी, मालती देवी, गंगिया देवी, सुनीता देवी, मिचनी देवी, मंजू देवी, संगीता देवी समेत अन्य कई महिलाएं पुरुष शामिल थे।

### मुखिया ने किया टैंकर से लोगों की प्यास बुझाने का प्रयास



**बरही ।** बढ़ते पारे के बीच बरही पश्चिमी पंचायत में पेयजल की स्थिति दयनीय हो गई है. पंचायत के लगभग वार्ड में पेयजल के संसाधन या तो बिल्कुल ही ड्राई हो चुके है अथवा खराब हो चुका है. आम जनमानस में पानी को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है. ऐसे में स्थानीय मुखिया शमशेर आलम अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए विभिन्न मुहल्लो में टैंकर से पानी की जलापूर्ति करवा रहे है. टैंकर की व्यवस्था से लोगों को कुछ हद तक राहत मिली है. मुहल्ले में टैंकर आते ही पानी लेने के लिए लोगों की लंबी कतार लग जा रही है. गुरुवार को मल्लाह टोली, तेली टोला, गया रोड बड़ा शिवमन्दिर टोला आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था करवाई गई. मुखिया ने बताया कि पेयजल के लिए किसी को परेशानी नही होने दिया जाएगा. हर संभव टैंकर से जलापूर्ति की जाएगी. स्थाई समाधान की भी पहल की जा रही है. गुरुवार को पेयजल व्यवस्था में उपमुखिया अजीत निषाद, सामाजिक कार्यकर्ता असलम ऊर्फ टिंकू, शिवा निषाद, राहुल निषाद, अनिल निषाद, सुनील निषाद आदि ने सराहनीय योगदान दिया.

### आदिवासी बहुल गांव ज्वार पहाड़पुर में कुएं का पानी सूखा, मचा त्राहिमाम

# तीन किमी दूर से नाले का पानी लाकर पीने को विवश हैं ग्रामीण





**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

गर्मी का मौसम आते ही पानी का जलस्तर नीचे भागने लगा है और पानी के लिए दर-दर भटकने के लिए विवश हो रहे हैं। गांव में लगे चापानल भी सूख गये हैं। ग्रामीणों को कहना है अभी देखा जाये तो गांव के लिए पानी का कोई इंतजाम नहीं है। इस संबंध में प्रशासनिक से लेकर जनप्रतिनिधियों आवाज पहुंचाई गई लेकिन अब तक किसी तरह से रास्ता नहीं निकल पाया है। लोगों को पानी के लिए रात भर जागना पड़ रहा है। लोग सुबह होने का इंतजार करते हैं ताकि दूर दराज से जाकर पानी का बंदोबस्त करना पड़ता है। पानी को लेकर महिलाएं काफी परेशान रहती हैं। दो-तीन किलोमीटर से जाकर पाना चूंआ या नाले का पानी लाकर काम चला रहीं हैं। इस इसी तरह का मामला प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत ज्वार पहाड़पुर जो आदिवासी बहुल ग्राम है। यहां लगभग एक सौ पचास घर आदिवासी निवास करते हैं। ज्वार पहाड़पुर अंतर्गत टोला लरपीटी में कुआं का पानी सूख जाने के कारण ग्रामीणों में त्राहिमाम मचा हुआ है। स्थानीय निवासी मणिलाल सोरेन ने कहा कि हम लोगों का यह कुआं पानी पीने का मुख्य साधन था लेकिन इस भयानक गर्मी में इसका पूरा पानी सूख गया है। हम लोगों को पानी पीने के लिए नहीं मिल पा रहा है। हम लोग स्नान करने के लिए 3 किलोमीटर दूर एक नाला में जाते हैं और वही नाला का पानी लाकर खाने-पीने में प्रयोग कर रहे हैं।विदित हो कि ज्वार पहाड़पुर में नल जल योजना का भी लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला इस क्षेत्र में दो जगह बोरिंग हुआ है लेकिन पानी सप्लाई अभी तक नहीं हो पाया है। जिससे ग्रामीण पानी से वंचित हैं। स्थानीय ग्रामीणों कुआं को साफ कर और गड्ढा खोदकर पेयजल की व्यवस्था करने में लगे हुए हैं। लेकिन पानी नहीं निकल रहा है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से पानी की व्यवस्था अविलंब कराने का आग्रह किया है।

### चाणक्य आईएएस एकेडमी में एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

## सफलता की राह आसान बनाने के लिए अपनी काबिलियत पर कार्य करने की जरूरत : मिश्रा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सोंच बड़ी और सकारात्मक हो तो रास्ते में पड़ने वाले कांटे भी फूल बन जाते हैं। दरअसल यह इस बात पर निर्भर करता है कि हमारी सोंच की दिशा क्या है। कई बार हम अपनी काबिलियत को पहचान नहीं पाते लेकिन हमें इस पर गौर करना चाहिए, क्योंकि सफलता की राह आसान बनाने के लिए अपनी काबिलियत पर कार्य करने की जरूरत होती है और यह बिना काबिलियत पहचाने संभव नहीं है। उक्त बातें चाणक्य आईएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने गुरुवार को हजारीबाग कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी सभागार में ₹पहले ही प्रयास में यूपीएससी व जेपीएससी में कैसे सफलता हासिल करें₹ विषय को लेकर आयोजित सेमिनार में शामिल बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि आईएएस की परीक्षा दुनिया की कठिन परीक्षाओं में से एक है। ऐसे में परीक्षा आसान हो ऐसी कल्पना कर समय व्यर्थ करने के बजाय हमें खुद को ऐसे तैयार करना चाहिए जिससे ये परीक्षा हमारे लिए आसान बन जाए। कई लोगों के मन में सवाल आता है कि सिविल सेवा जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली जैसे शहर मुफीद है, पर यह एक मिथ्य है।

### तपती दुपहरी में पुलिस की नेक पहल राहगीरों को पिलाया शीतल जल

# मानव सेवा के उद्देश्य से प्याऊ की हुई व्यवस्था : सुरजीत कुमार



**गर्मी को देखते हुए बरही पुलिस ने की आम लोगों के लिए शीतल प्याऊ की व्यवस्था, एसडीपीओ व इंस्पेक्टर ने किया उद्घान**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

सड़क किनारे पुलिस टीम को देखते ही लोगों के ध्यान में वाहन चेकिंग आ जाता है, ऐसे में कई वाहन चालक घबरा जाते हैं। लेकिन बरही पुलिस की टीम तपती दुपहरी में सड़क किनारे यह कार्य नहीं बल्कि नेक कार्य करते हुए राहगीरों को शीतल पेयजल पिला रही है। दरअसल बरही के धनबाद रोड चौक पर बरही थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार के साथ उनकी टीम हाथों में शीतल पेयजल का गिलास लेकर गर्मी में मौसम की मार से राहगीरों को बचाने के कार्य में जुटी है। सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती गर्मी में आम लोगों के लिए शीतल प्याऊ की व्यवस्था कराने की सराहनीय पहल की है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बरही चौक के धनबाद रोड में शीतल प्याऊ जल का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक सह बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार व इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। वहीं थाना परिसर में थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने शीतलप्याऊ की व्यवस्था की है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सह एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि हजारीबाग उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल के सभी थाना अंतर्गत चौक चौराहों पर शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था की जा रही है। इसी के तहत बरही में भी प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके। वहीं तपती धूप में शीतल पेयजल मिलने से राहगीरों और स्थानीय मजदूरों ने काफी राहत महसूस की। इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल पेयजल नहीं मिल पाता था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है ताकि नागरिकों को ठंडा पानी मिल सके।

### नल जल योजना में भारी लुट व कार्य में अनियमितता का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

# संबंधित विभाग के अधिकारी कार्य का नहीं लेते जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के कपका पंचायत अंतर्गत मासीपीढ़ी गांव में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना के तहत हर घर नल और शुद्ध पेय जल पहुंचाने का लक्ष्य पुरी तरह से विफल होते दिख रहा है। वहीं इस भीषण गर्मी में कुंआ और चापानल का जलस्तर में कमी से लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इस निमित्त गुरुवार को मासीपीढ़ी के ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए नल जल योजना में भारी लुट और कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। लोगों ने बताया कि नल जल योजना के तहत हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, परंतु कार्य में गुणवत्ता न के बराबर है। बताया कि इस कार्य के लिए लोकल बालू का प्रयोग हो रहा है जिसमें बालू कम और मिट्टी की मात्रा अधिक है । पर्याप्त मात्रा में सीमेंट व गिट्टी नहीं मिलाया जा रहा है। ग्रामीण भागीरथ राम, शिवराम महतो, पीतांबर दास, संतोष मंडल द्वारिका राम ,रविकांत कुमार, सुनील कुमार ने बताया कि अगर कार्य में इसी तरह लापरवाही हुई तो हम लोग बाध्य होकर काम को बंद करा देंगे । बताया कि जब से कार्य शुरू हुआ है तब से कोई भी अधिकारी कार्य स्थल पर जांच पड़ताल करने या कार्य का जायजा लेने नहीं आये हैं। जिसके फलस्वरूप संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा, दहशत फैलाकर रंगदारी मांगने वाले पांच अपराधी



**नवीन मेल संवाददाता। जारीबाग**

जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के सांड, हरली और कांडतरी में 13,16 और 23 मई की मध्यरात्रि क्रमवार ट्रैक्टर जलाकर 15 लाख की रंगदारी मांगने वाले पांच अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।एक पत्रकार सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि पांच ट्रैक्टरों को जलाया गया था और क्षेत्र में दहशत फैलाने की साजिश रची गई थी। चुनाव के दौरान पुलिस व्यस्त थी,जिसके बाद कार्रवाई करते हुए गौतम कुमार,अरुण कुमार, अशोक कुमार और सुनील कुमार ग्राम हरली थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग और कुलदीप कुमार गोंडलपुरा थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से देसी कट्टा,जिंदा गोली, रंगदारी का हस्तलिखित पर्चा, मोबाइल एवं मोटरसाइकिल समेत आग लगाने की सामग्री बरामद की गई है।छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार,पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार,मुकेश कुमार सिंह थाना प्रभारी बड़कागांव,अवर निरीक्षक इंद्रजीत कुमार एवं अभिषेक कुमार,थाना रिजर्व गार्ड एवं एसआईटी टीम शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### 70 वर्षीय महिला को जहरीले जीव ने डसा, हुई मौत

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह निवासी चंद्रिका देवी 70 वर्ष, पति कैला कुम्हार को गुरुवार सुबह 3 बजे जहरीले जीव ने डंस लिया। जिसके बाद परिजन झाड़ फुक कराने लगे। जिससे कुछ देर बाद स्थिति गंभीर हो गई। तत्पश्चात पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया। वहीं रास्ता में ही उसकी मौत हो गई। बताते चलें कि चंद्रिका देवी को एक पुत्र भी नहीं है उन्हें सिर्फ पांच लड़की है। मौत की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने कहा कि चंद्रिका दीदी हम सभी की बहन के जैसी थी। इनका विवाह होने के पश्चात यह अपने मायके शिलाडीह में ही बस गई थी। इनकी मृत्यु होने से हम सब काफी दुखी हैं। इनका दाह संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में आसपास के लोग उपस्थित थे।

### चालक का नियंत्रण खोने से गोरहर में कंटेनर वाहन पलटा, बाल-बाल बचे चालक व सह चालक



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरहर इंडेन गैस एजेंसी के समीप गुरुवार सुबह 8:00 बजे बगोदर की ओर से आ रही कंटेनर गाड़ी संख्या एनएल 01 एसी 1395 के चालक का नियंत्रण खोने की वजह से पलट गया। वाहन पलटने के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ और आस पास के लोगों में अफरा तफरी मच गया। विदित हो कि सड़क चौड़ीकरण को लेकर उक्त स्थान पर सड़क विगत दो-तीन वर्षों से वन वे किया गया है। घटना के पश्चात ग्रामीण पहुंचे और चालक एवं उपचालक को गाड़ी से बाहर निकला।चालक को मामूली चोटे आई है जबकि उपचालक बाल बाल बच गया।

### ग्रामीण व्यक्तित्व विकास पर शिविर का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा आदर्श गांव योजना के तहत भदानीनगर प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को ग्रामीण व्यक्तित्व विकास पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से कार्यक्रम के क्षेत्र के प्रमुख राकेश कुमार महतो उपस्थित थें। शिविर में राकेश महतो द्वारा बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, प्रकार की रोचक व शिक्षाप्रद जानकारी संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए दी गई। इस दौरान अनुशासन, देशभक्ति, आर्ट एंड क्राफ्ट, विज्ञान के प्रयोग, योग, सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम, मिट्टी के खिलौने बनाना सहित बच्चों के लिए भाषण, चित्रकला, पत्र लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शिविर में राकेश महतो ने बच्चों के बौद्धिक क्षमता में विकास के लिए कई महत्वूपर्ण जानकारियां देते हुए कबाड़ से जुगाड़ के तहत कई वस्तुएं बनाने के तरकीब भी बताएं। प्रतियोगिता के सफल बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम के क्षेत्र प्रमुख राकेश कुमार महतो, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा देवी, मालती, गीता देवी, मनीष कुमार, सहाना परवीन, विकास कुमार पटेल, जितेंद्र गोप सहित लगभग 50 बच्चे मौजूद थे।

### विश्वकर्मा सम्मान से नवाजी गई यूपीएससी में चयनित स्वाति शर्मा



**हजारीबाग।** विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी जमशेदपुर के मानगो निवासी विश्वकर्मा समाज की बेटी सुश्री स्वाति शर्मा से मिलकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बतातें चलें की सुश्री स्वाति शर्मा ने यूपीएससी परीक्षा 2023 में 17वाँ स्थान प्राप्त किया है।विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने सुश्री शर्मा को मोमेंटो देकर,शॉल उढ़ाकर, विश्वकर्मा समाज का अंगवस्त्र पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया।मौके पर श्री राणा ने कहा कि स्वाति शर्मा ने विश्वकर्मा समाज का मान बढ़ाया है,समाज के युवाओं को इनसे प्रेरणा लेने की जरुरत है। सम्मान समारोह में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रदेश प्रधान महासचिव संतन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदीप शर्मा एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष शंकर विश्वकर्मा कुमार शर्मा के अलावा विश्वकर्मा समाज के दर्जनों सदस्य मौजूद थें।उपरोक्त जानकारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के अर्जुन शर्मा ने दी।

### लू से सुरक्षित रहें

### अनावश्यक घरों से निकलने से करें परहेज, बच्चों व वृद्ध का रखें ख्याल

# लू का बढ़ा रहा तेजी से प्रकोप, बरतें सावधानियां : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

जिले में गर्म हवा/लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है जिसके कारण छोटी-छोटी असावधनियों से जान-माल की क्षति की संभावना बनी रहती है। गर्मी के मौसम में संभावित लू के कारण आम जनजीवन पर इसका ज्यादा असर पड़ता है। इसको लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने जरूरी दिशा-निर्देश एवं आम जनों को क्या करें और क्या न करें को लेकर अपील जारी किया है।

**हीट वेब के प्रभाव को कम करने तथा रोक-थाम/सुरक्षा के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरतें**

- जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- जितनी बार हो सके पानी पीयें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें।





- जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग और ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्में का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें और हमेशा जूते या चप्पल पहनें।
- अधिक तापमान में कठिन काम ना करें। जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर के काम से बचें।
- अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर रखें।
- हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटिन वाले भोजन का सेवन ना करें, जैसे- मांस वा मेवे, जो शारिरिक ताप को बढ़ाते हैं।
- घर में बना पेय जल जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का पन्ना इत्यादि का नियमित सेवन करें।

**लू से बचने के लिए ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलायें। यदि व्यक्ति पानी की उल्टियां करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने वा पीने को न दें**

- बच्चों और पालतू जानवारों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला ना छोडें।
- जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें।
- अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**लू लगने पर क्या करें**

- लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर तंग कपड़े हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।

### पत्रकारिता दिवस पर उपायुक्त ने पत्रकारों को दी शुभकामनाएं

**हजारीबाग।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से आज समाज का हर वर्ग जागरूक,सजग और सूचनाओं से परितृप्त हुआ है।उन्होंने बताया कि 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। साल 1826 में आज ही के दिन उदन्त मार्तण्ड नाम से हिंदी का पहला समाचार पत्र छपा था। इसी वजह से इस दिन को पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाते है। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने हिंदी भाषा के इस साप्ताहिक समाचार पत्र की शुरूआत की थी। जो आज तक हमलोग समाचार पढ़ रहे हैं।

### बिजली विभाग की लापरवाही से हो रही क्षेत्र में जान लेवा घटनाएं

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मवेशी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया**

प्रखंड के झरपो पंचायत अंतर्गत मेन रोड मोहलेनिया टोला में 11000 हजार बोल्ट खंभा के बीच से घुसाया गया हाई टेंशन तार को 33000 बोल्ट हाई टेंशन तार के नीचे से संपर्क कर जोड़े जाने के कारण ही दुधारू गाय की मौत हो गई। वहीं बताया जाता है कि गाय लगभग सुबह शाम दोनों मिलाकर 20 लिटर दूध देती थी और गाय को किसान ने कहा 40000 रुपए की लागत से खरीद किया था। किसान रामेश्वर महतो ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह आए दिन घटना घट रही है। रामेश्वर महतो ने यह भी कहा कि पेय जल स्वच्छता प्रमंडल विभाग हजारीबाग द्वारा झरपो पंचायत में कई ऐसे जगह हैं जहां जमीन के रैयतों द्वारा भी मना करने के बाद भी पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग हजारीबाग के ठिकेदार कर्मियों द्वारा झरपो गांव के शांति मार्ग भुइंया टोला मेन रोड में स्थित राम लखन पांडेय घर के दरवाजे सामने समेत अन्य कई जगहों पर 11 हजार हाई टेंशन तार के समीप पानी टंकी बैठाया जा रहा है। जहां कभी भी जानेलेवा दुर्घटना घट सकती है। उसी रास्ते सैकड़ों की संख्या में साइकिल, मोटर साईकिल, चार पहिया वाहनों, पैदल राहगीरों, स्कूल जा रहे विद्यार्थियों का भी आवागमन होते रहता है।

## एक नजर

### मजदूर नेता ने कुरडेग व केरसई प्रखंड का किया भ्रमण सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बोलबा।** झारखण्ड प्रदेश मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने गुरुवार को बोलबा, कुरडेग एवं केरसई प्रखंड का क्षेत्र भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने कहा की केरसई प्रखंड मुख्यालय कार्यालय में 11:30 बजे तक कोई भी अधिकारी और बीडीओ, सीओ, बीपीओ समय पर नहीं आते हैं। जिसके कारण समस्या उत्पन्न हो रही है साथ ही ग्रामीणों ने कहा की हर दिन क्षेत्र के ग्रामीण अपनी-अपनी समस्या लेकर भीषण गर्मी में प्रखंड मुख्यालय आते हैं लेकिन पदाधिकारी के समय पर नहीं रहने से उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं होता है। अंत में निराश होकर घर वापस लौटना पड़ता है। मजदूर नेता ग्रामीणों के समस्याओं को ध्यान से सुनते हुए ग्रामीणों को कहा जल्द ही मामले को लेकर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को पत्राचार किया जायेगा,क्योंकि जिले के अन्य प्रखंडों का भी वही हाल है।

### नेरो नावाडीह वार्ड 14 में सोलर जलमिनार सालभर से खराब

**डोमचांच।** प्रखंड के नेरो नावाडीह वार्ड 14 में संपूर्ण ग्रामीण विकास कार्यक्रम अंतर्गत एचआरडीपी के तहत एनबीजेके के सौजन्य से संचालित सोलर जलमीनार पिछले एक वर्ष से खराब है। लाखों रुपए से बनाए गए सोलर जलमीनार खराब होने से लोगों को इस भीषण गर्मी में काफी परेशानी हो रही है। नेरो नावाडीह के उक्त वार्ड के लगभग 35 घरों के 150 लोगों के घरों में इस जलमीनार से पानी पहुंचता था। लेकिन जलमीनार खराब होने से लोगों के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। लोग कुआं और तालाब से पानी लाकर अपनी जरूरत पूरा कर रहे हैं। ग्रामीण जोबराज राणा ने बताया कि इस टोला के लोग इसी जलमीनार पर आश्रित थे। लेकिन एक साल से जलमीनार बंद पड़ी हुई है। इसके कारण लगाए गए नल भी टूट-फूट गए हैं।

### ग्रिजली में शिक्षकों के लिए योग्यता-आधारित शिक्षा पर सेमिनार

**चंदवारा।** तिलैया डैम स्तिथ ग्रिजली स्कूल में शिक्षक संवर्धन कार्यक्रम के तहत योग्यता-आधारित शिक्षा पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर बर्लिंग्टन पब्लिकेशन के नरोत्तम सैकिआ शामिल हुए। मुख्य वक्ता नरोत्तम सैकिआ ने योग्यता-आधारित शिक्षा की गहन खोज के साथ सेमिनार की शुरूआत की। उन्होंने कक्षाओं में इस नवीन दृष्टिकोण को लागू करने के लिए विभिन्न रणनीतियों को साझा किया, जिसमें व्यक्तिगत छात्र की जरूरतों के अनुरूप व्यक्तिगत और प्रभावी शिक्षा पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ग्रिजली स्कूल के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने प्रगतिशील शैक्षिक पद्धतियों को अपनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए उपस्तिथ शिक्षकों को संबोधित किया।

**मुख्यमंत्री दाल-भात योजना का हाल : फटे प्लास्टिक के नीचे रसोई घर**

# मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी से बनाया जाता है भोजन



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** महिलाओं के उत्थान के लिए केंद्र और राज्य सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। महिलाओं को रसोई घर में धुंआ से बचने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर और चूल्हा वितरण किया गया, मगर जलडेगा में मुख्यमंत्री दाल-भात योजना का संचालन करने वाली प्रकाशनी महिला समूह की महिलाओं का हाल देखिए। यहां फटे प्लास्टिक के नीचे रसोईघर है और मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी से भोजन बनाया जाता है। रसोई घर के पास कचड़ों की भरमार है तमाम परेशानियों के बीच भी प्रकाशनी महिला समूह द्वारा इस महत्वपूर्ण योजना का संचालन कर गरीबों को पांच रुपये में दाल भात और सब्जी खिलाया जा रहा है। पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है। मुख्यमंत्री से जुड़ी इस योजना की बदहाली पर किसी का भी ध्यान नहीं है। जलडेगा दुर्गा मंदिर के पास वर्ष 2013 से इस योजना का संचालन किया जा रहा है। जलडेगा एस एस हाई स्कूल की चहारदीवारी के पास बांस गाड़ कर और तिरपाल लगाकर महिलाओं ने रसोईघर बना रखा है। इस रसोई घर में बरसात और धूप के मौसम में भारी परेशानी होती है। लकड़ी के चूल्हे पर भोजन बनाने में भी महिलाएं परेशान रहती हैं। यहां पानी की भी व्यवस्था नहीं है। खाना बनाने के लिए बर्तन सेट नहीं है। जो भी बर्तन हैं, वे महिलाओं द्वारा लोन पर खरीदे गए हैं। बरसात के दिनों में बच्चों को खाना देने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात में पानी भी चूने के ज्यादा आसार नजर आने लगते हैं।

**गैस सिलेंडर,चूल्हा और बर्तन भी नहीं मिला है**

सरकारी सुविधा के नाम पर इन्हें केवल चावल, सोयाबीन और कभी कभी चना मिलता है लेकिन वो भी निर्धारित मात्रा से कम रहता है। उक्त खाद्य सामग्रियों को केंद्र तक लाने का भाड़ा भी महिलाओं द्वारा वहन किया जाता है। तेल, मसाला और लकड़ी आदि का खर्च इन महिलाओं को ही करना पड़ता है। इन्हें ना तो गैस सिलेंडर और चूल्हा मिला है, बर्तन मिला है और ना ही रसोईघर। समूह की सरोज हेरेंज, अलेता कंडुलना, आशामनी बागे, हेलेन होरो ने कहा कि इस योजना का संचालन करने में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने तत्कालीन बीडीओ संजय कोनगाड़ी और विजय राजेश बारला के समय प्रखंड कार्यालय में गैस चूल्हा के लिए आवेदन भी दिया है लेकिन दोनो बीडीओ महिलाओं को चूल्हे के धुंए से निजात दिलाने में नाकाम साबित हुए। महिलाओं ने राष्ट्रीय नवीन मेल को कहा कि सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन द्वारा अगर बेहतर संसाधन मुहैया कराया जाता तो योजना के संचालन में सुविधा होती।

### कुरडेग के खालीजोर के पास मोटरसाइकिल सवार की हादसे में मौत

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के खालीजोर हाता के समीप के देर रात केटीएम बाइक चालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। युवक की पहचान 20 वर्षीय खुलन नायक गोहमाला डुमरडीह के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खुलन नायक अपनी केटीएम बाइक से कुरडेग से अपने घर गोहमाला जा रहा था, इसी क्रम में खालीजोर हाता के समीप अत्यधिक स्पीड गति होने के कारण बाइक से नियंत्रण खो दिया और सामने बिजली पोल में टक्कर मारते हुए गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणो के सहयोग से कुरडेग पुलिस घायल व्यक्ति को कुरडेग अस्पताल लायी जहां चिकित्सकों ने मृत जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी परिवार वालों को दी गई जिसके बाद परिवार वाले अस्पताल पहुंचे। वहीं कुरडेग पुलिस शव अपने कब्जे में कर आवश्यक कानूनी कारवाई करते हुए पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

**बोलबा प्रखंड मुख्यालय में दो वर्षों से नलजल योजना ठप**

# पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में दो वर्षो से नलजल योजना ठप्प है जिसकी वजह से पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे है बोलबा प्रखंड मुख्यालय के लोग करोड़ों रुपए की लागत से बोलबा प्रखंड में बनी जलमीनार लगभग दो वर्षो से बन्द पड़ा है जब झारखण्ड सरकार में इंदर सिंह नामधारी विधानसभा अध्यक्ष थे उस समय से बोलबा के ग्रामीणों ने जलमीनार की मांग कर रहे थे। लंबे अरसे से मांग करने के बाद बोलबा प्रखंड मुख्यालय में जब जलमीनार का निर्माण शुरू हुआ तो यहां के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और हर घर नल जल योजना के तहत बोलबा प्रखंड के लोगों को पीने की पानी मिल जायेगा। बोलबा शंख नदी में जल सप्लाई के लिए कुंआ का निर्माण वैसे स्थान पर किया गया जहां भरपूर मात्रा में पानी नहीं है। जलमीनार एक अलिंगुड एवं दूसरा पालेमुण्डा गांव में बनाया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से कुछ दिनों तक बोलबा पाकरबहार, अलिंगुड, समसेरा आदि गांव में हर घर नियमित रूप से अच्छी पानी सप्लाई की जा रही थी। लोग समझ रहे थे कि हमें इसी तरह पीने के लिए पानी मिलता रहेगा । इसके बाद समसेरा पंचायत को सुपुर्द किया गया। पंचायत को जब से जिम्मेदारी दी गई एक दिन भी पानी सप्लाई नहीं किया गया। सबके घर में जल सप्लाई का नल धूल फांक रहा है। वहीं गांवों के अधिकांश चापाकल एवं जलमीनार खराब हो चुके हैं। दूसरी ओर कुंआ भी सुख चुका है। पानी के लिए ग्रामीणों को दूर-दूर भटकना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इस तपती गर्मी में पीने का पानी भी सही रूप से नहीं मिल पा रहा है लोगा पानी के लिए इधर से उधर भटकते नजर आ रहे हैं। इस संबंध में विभाग को भी इसकी सूचना दी गयी मगर उसपर भी संज्ञान नहीं लिया गया। समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने इस संबंध में बताया कि विभाग द्वारा इसका नया डीपीआर बनाया जा रहा है। शंख नदी में दूसरे स्थान पर पानी सप्लाई के लिए कुंआ बनाया जायेगा, बोलबा प्रखंड मुख्यालय सहित पाकरबहार, अलिंगुड, पालेमुण्डा समसेरा, रामटोली आदि गांवों के ग्रामीणों ने अविलम्ब हर घर नल जल योजना शुरू करने की मांग किया है।

**तपती गर्मी में पीने का पानी भी सही रूप से नहीं मिल पा रहा है लोग पानी के लिए इधर से उधर भटकते नजर आ रहे हैं**

### जलडेगा के लमडेगा सलगा टोली में लोगों को मीटर देकर विद्युतीकरण करना भूल गया बिजली विभाग



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड अंतर्गत लमडेगा सलगा टोली के लोगों को बिजली का इंतजार देश आजाद होने के पहले से है मगर उन्हें आज तक किसी सरकार ने बिजली मुहैया नहीं कराई। बीजेपी की सरकार केन्द्र में आई तो देश के अंतिम गांव में भी बिजली पहुंचाने की पहल हुई, सलगा टोली जैसे गांवों को प्राथमिकता से आधार पर चयनित कर उन्हें बिजली सप्लाई देने की योजना बनी लेकिन गांवों में करंट पहुंचाने से पहले ही ग्रामीणों को मीटर थमा दिए गए। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद गांव को बिजली नसीब नहीं हो रही है। किसी गांव में बिजली पहुंचाने के लिये सबसे पहले पोल लगाये जाते हैं। फिर पोल से तार खींचकर लोगों को बिजली दी जाती है। उसके बाद कहीं मीटर लगाने की प्रक्रिया होती है, मगर यहां तो बिजली विभाग उल्टा काम कर गया और बिन बिजली ही लोगों को मीटर थमा दिये गये। 22 परिवार के इस टोले में रहने वाले सिगरेन जोजो, जेम्स जोजो, उदय जोजो, अन्सेलेम जोजो, विनोद जोजो, नमजन जोजो, नियोजन जोजो, रेयाडन जोजो, तिन्तुस जोजो, जेमन जोजो, अब्राहम जोजो, दयाल जोजो, ग्रब्रियल जोजो, विजय जोजो, निस्तार जोजो, समसोन जोजो, सुलेमान जोजो आदि लोगों का आरोप है कि लगभग 5 वर्ष पहले गांव में जब मीटर दिया गया तो कहा गया कि बिजली लेनी हो तो मीटर लगवा लो और एक दो महीने में बिजली मिल जायेगी, लेकिन हम इंजतार करते रह गये।

**आज के परिवेश में अधिकतर युवा नशे का शिकार हो रहे हैं**

# नदी की बहती तेज धारा के समान खड़े हैं युवा : विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि युवा नदी की बहती धारा के समान होते हैं। युवाओं के भीतर अत्यंत ऊर्जा है, शक्ति है। युवा चाहे तो इस ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक कार्य के लिए कर सकता है। लेकिन आज के परिवेश में अधिकतर युवा नशे से ग्रस्त दिखाई देते हैं। युवा वर्ग को नशे से दूर रहने की जरूरत है। विधायक गुरुवार को कटासारू मंडली में आयोजित जीईएल चर्च केउंदडीह में 46वां युवा संघ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में बिशप मुरेल बिलुंग मुख्य अनुष्ठाता के रुप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि परमेश?वर प्रेम है। उन्होंने हमारे पापों की मुक्ति के लिए सुली पर चढ़ गए। वहीं विधायक ने कहा कि युवा अपने विचारों को बदलें तथा एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन के उज्ज्वल पक्ष को देखने में आशावादी रहें। उन्होंने कहा कि एक सकारात्मक रवैया आपको खुशी और सफलता की ओर ले जाता है और इससे आप अपने पूरे जीवन को बदल सकते हैं। नकारात्मक विचारों से जीवन में नैगेटिविटी आती है। जिससे हमारा किसी भी काम में मन नहीं लगता। मन हमेशा चिड़चिड़ापन सा रहता है। न तो परिजनों से बात करने को मन करता है और न ही कहीं और मन टिकता है।

**ईश्वर के चरणों में मन लगाने से सफल होता है जीवन : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि जीवन में प्रभु भक्ति बहुत जरूरी है। ईश्वर के चरणों में मन लगाने से हम आप सभी अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। जीवन से नकारात्मक दृष्टिकोण को हमेशा के लिए खत्म कर दें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अरबिंद लुगुन, प्रतिमा कुजूर,अंजली रानी, उर्मिला केरकेट्टा, अनूप मिंज, पादरी ओमन पूर्ति, प्रचारक प्रीतम मसीह टेटे,प्रचारक सिल्बन हेमरोम, प्रचारक अनुग्रह लकड़ा, सचिव पहियाश कुजूर, कोषाध्यक्ष ग्लेडसन सोरेंग, विवेक लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जनता दरबार आयोजित कर उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं, निदान का मिला आश्वासन



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, जमीन विवाद एवं जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित मामले आये।उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए अग्रसारित किया।

### सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी व उड़ते धूल से क्षेत्र की आम जनता त्रस्त, थाना को सौंपा ज्ञापन



**कोलेबिरा।** सड़कें समाज के दर्पण होती है, कहा जाता है कि विकास का रास्ता भी सड़क से होकर गुजरता है लेकिन लेट लतीफी तथा घटिया निर्माण व लेट लतीफी के कारण यही सड़कें ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन जाती है।ग्रामीण घटिया निर्माण कार्य की शिकायत भी करते हैं लेकिन होता कुछ नहीं है। कोलेबिरा प्रखण्ड में बन रही सड़क की धीमी गति और सड़क निर्माण कार्य से उड़ रही भारी धूल पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। लोगों को परेशानी को देखते हुए भाजपा नेताओं ने थाना में आवेदन देकर शिकायत की है । आवेदन के माध्यम से उन्होंने कहा है कि सड़क का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुसार वह जल्द होना चाहिए। बता दें कि कोलेबिरा रण बहादुर सिंह चौक से लेकर मनोहरपुर तक निमार्णाधीन सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण इन दिनों सड़क किनारे स्थित दुकानों के संचालकों व आने जाने वाले राहगीर व विद्यार्थी मरीज व्यापारी एम्बुलेंस के लिए परेशानी का सबब बना है।ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण के लिए रोड की खुदाई जहां तहां करवा दिया गया है वहीं दोनों और खुदाई व अनसाइज बोल्डर,डस्ट व मिट्टी डालकर कई महीनों से छोड़ दिया है।ऐसे में खोदी गई सड़क से दिनभर उड़ रही धूल से स्थानीय दुकानदार व यहां से गुजरने वाले काफी परेशान है। ज्ञापन देने वाले में सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, एसटी मोर्चा के जिला मंत्री मुनेश्वर तिर्की,जनेश्वर बिल्होर,भोला कुमार, लक्ष्मण रामुणी,मिस्त्री दिलेश्वर सिंह,महेस्वर सिंह, नारायण दास,भुवनेश्वर सिंह, के अलावा कई लोग मौजूद थे।

### सिमडेगा पुलिस ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार, 5 किलो गांजा बरामद



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस के द्वारा नशा के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है एवं त्वरित कार्रवाई के लिए एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया है। इसी कड़ी में बुधवार की शाम को अभियान के तहत सिमडेगा बस स्टैण्ड से 5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। जिसमें 02 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार तस्कर में एक महिला फतमा खातुन उर्फ विमला चौधरी पति-अमन अंसारी,झारसुगुडा निवासी एवम दूसरा अमित केरकेट्टा, सलडेगा, डिपाटोली सिमडेगा निवासी शामिल है।जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया गया कि सिमडेगा में यह लोग गांजा लाकर पुड़िया बनाकर बेचने का काम करता था जिसे गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो इस अभियान के तहत पूर्व के एक महीने के दौरान सिमडेगा जिला के 04 विभिन्न मामलों में ड्रग्स व गांजा बरामद करते हुए कुल 08 लोगों की गिरफ्तारी की गयी है। व्हेन इस दिव्या ने कहा कि किसी भी कीमत में अवैध शराब नशीली पदार्थ का खरीद बिक्री एवं चलन को रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जो भी इसमें शामिल होंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विकास कार्य

**उपायुक्त ने की जिला समन्वय समिति के साथ बैठक**

# सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों तक पहुंचे



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भवन निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर परिषद्, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ने योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को भी लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन करने व आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन एवं विकास के कार्यो को गति प्रदान करने की बात कहीं। तथा समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्यों के बारे में अब तक के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी सुयोग्य लाभुकों तक अवश्य पहुंचे। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा के क्रम में उन्होंने एफ.एच.टी.सी. से संबंधित कार्यों प्रगति की जानकारी ली। उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप हाउस टू हाउस नल से जल आपूर्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने 14 वें वित्त की राशि से बने जल मिनार अभी के समय में जो खराब पड़े हैं उसे ससमय ठीक करने का निर्देश दिया। वन प्रमंडल विभाग की समीक्षा कर उपायुक्त ने जंगल से गुजरने वाले सड़क निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण हेतु एनओसी प्रदान करने से संबंधित लंबित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### बानो पुलिस ने खोया मोबाइल बरामद कर किया सुपुर्द



**बानो।** बानो पुलिस ने खोए हुए मोबाइल को बरामद कर मोबाइल मालिक को सौंपा। थाना प्रभारी ने विकास कुमार ने बताया कि जनवरी माह में पाडो निवासी निवासी सुरेश सिंह का मोबाइल गुम हो गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि जनवरी माह में पाडो निवासी सुरेश सिंह का मोबाइल पाड़ों में ही गुम हो गया था इसके बाद सुरेश सिंह के द्वारा बानो थाना में मोबाइल गुमशुदगी संबंधी सन्हा दर्ज कराया था पुलिस ने काफी खोज बिन के बाद खोए हुए मोबाइल को वापस किया तथा मोबाइल मालिक को सौंप दिया। थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि मोबाइल फोन हो जाता है तो थाना में सन्हा दर्ज करें सिमडेगा पुलिस का प्रयास है कि अभियान के तहत गुम हुए मोबाइल को सकुशल बरामद करना है।

### आदिवासी मूलवासी को आगे बढ़ता नहीं देख सकती है भाजपा और कांग्रेस : एनोस एक्का



**ठेठईटांगर।** कांग्रेस और भाजपा कभी भी आदिवासी मुलवासी को आगे बढ़ता हुआ नहीं देख सकती है। कोई डिलिस्टिंग के माध्यम से आदिवासी समाज को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहा है तो कोई भोले भाले आदिवासियों की भावनाओं के साथ खेलकर ठगने का काम कर रहा है। पूर्व मंत्री सह झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का गुरुवार को पंडरीपानी में आयोजित पार्टी के बैठक को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने कहा कि विस चुनाव में जिले की दोनों सीटो में झापा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस ले। उन्होंने कार्यकताओं को झापा की पुंजी और आधार स्तंभ बताते हुए जोश भरने का काम किया। एनोस एक्का ने कहा कि नए जोश और उमंग के साथ सभी लोगों को पार्टी के साथ जोड़कर क्षेत्र के विकास के लिए झापा का झंडा पूरे जिले में लहराना है। उन्होंने जिले में जनता को कोई मान सम्मान नहीं मिलने, भ्रष्टाचार हावी होने की बात कहते हुए विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। बैठक को ललित समद, बाबुराम लकड़ा, संदेश एक्का, आइरीन एक्का, हर्ष बारला आदि ने भी संबोधित किया।

# देसी कट्टे एवं कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

### वाहन चेकिंग अभियान के दौरान इन्हें पकड़ा गया

### दोनों युवकों का पहले से ही आपराधिक रिकार्ड रहा है

**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता बिरनी गिरीडीह**

बिरनी थाना अंतर्गत भरकट्टा ओपी क्षेत्र में गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर शाम करीब 5:30 बजे बसगना और कुम्हरपिटनी के बीच नदी के पास वाहन चेकिंग अभियान चला कर एक मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को लोडेड देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक काले रंग की मोटरसाइकिल बजाज पल्सर संख्या जेएच 11 एडी 1766 में सवार दो युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए उक्त रास्ते से गुजरने वाले हैं। इस बीच पुलिस ने जाल बिछाकर युवकों को धर दबोचा। इधर पुलिस को देखते ही अपराधियों ने मोटरसाइकिल को मोड़ने का प्रयास किया परंतु पुलिस की तत्परता के कारण वे भागने में असफल रहे। इस दौरान पुलिस के द्वारा जांच में मोटरसाइकिल चालक के पास से एक जिंदा कारतूस एवं मोटरसाइकिल पर सवार दूसरे युवक के कमर से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया।



युवकों की पहचान छोटू अंसारी उर्फ लंगड़ा मियां उम्र लगभग 32 वर्ष पिता मुशर्रफ हुसैन उर्फ मुड़ल मियां ग्राम द्वारपहरी, थाना जमुआ, जिला गिरिडीह एवं दूसरे युवक की पहचान विकास कुमार साव उम्र लगभग 30 वर्ष पिता उमाशंकर साव ग्राम द्वारपहरी, थाना बिरनी, ओपी भरकट्टा, जिला गिरिडीह के निवासी के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों युवकों का पहले से हीं आपराधिक रिकार्ड रहा है, जहां विकास कुमार साव के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 160 / 22 दर्ज है, वहीं छोटू अंसारी के विरुद्ध जमुआ थाना में कांड संख्या 74/19 दर्ज है। फिलहाल दोनों को जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम, पुलिस इंस्पेक्टर ज्ञान रंजन, भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज, बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार, आरक्षी अमित कुमार यादव समेत अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डुमरी की बंद पत्थर खदान में नहाने गया युवक डूबा, मौत




**नवीन मेल संवादाता। गिरिडीह**

डुमरी थाना क्षेत्र के चीनो स्थित बंद पत्थर खदान में गुरुवार का नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई. युवक की पहचान चीनो निवासी वसी अंसारी के पुत्र शोयेब अंसारी (15 वर्ष) के रूप में हुई। बताया गया कि शोयेब अपने दोस्तों के साथ खदान में नहाने गया था। वह साबुन लगाकर लोटा से पानी लेकर नहा रहा था, तभी अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। पहले दोस्तों ने सोचा कि वह तैरना जानता होगा, लेकिन जब तीन-चार मिनट तक वह पानी से बाहर नहीं निकला तो उनलोगों ने शोर मचाय। शोर सुनकर वहां लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ देर बाद अचानक युवक पानी की सतह पर आ गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी प्रखंड अंतर्गत मनसाडीह ओपी क्षेत्र में गुरुवार को ट्रैक्टर के पलटने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ओपी क्षेत्र के करगो गांव की है, वहीं मृत चालक घसनी गांव का रहने वाले सोमरा हेंब्रम का पुत्र बंसी हेंब्रम बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बंसी मरांडी मनसाडीह के ही किसी व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाया करता था। गुरुवार को ईटों की अनलोडिंग कर वह कहीं से आ रहा था इसी क्रम में मनसाडीह और घसनी के बीच स्थित करगो गांव के पास असंतुलित होकर ट्रैक्टर टेलर सहित सड़क किनारे स्थित खेत में जा पलटा। ट्रैक्टर इंजन से दबकर चालक बंसी हेंब्रम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



घटना के बाद स्थानीय लोग व जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे, वहीं मामले की जानकारी पर मनसाडीह के ओपी प्रभारी अंकित कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हालांकि ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने दुर्घटना को लेकर कोई आपत्ति नहीं जताई, अपनी गलती से ही दुर्घटना होने की बात कह कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजने का अनुरोध किया। जिसके बाद ग्रामीण शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

## भीषण गर्मी के बीच शहरी क्षेत्र के कई वार्डों में गहराया जल संकट, चापाकल भी खराब



**नीवन मेल संवादाता। चक्रधरपुर**

झारखंड सहित पूरे देश में लोग एक तरफ जहां भीषण गर्मी से परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ जल सकंट ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के कई वार्डों में जल संकट गहरा गया है। चापाकलों से पानी निकलना बंद हो गया है। वहीं कई घरों के बोरिंग का जल स्तर भी नीचे चला गया है। जिसकी वजह से लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। चक्रधरपुर शहर के पुरानी रांची रोड, तम्बाकू पट्टी रोड, रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के भगत सिंह चौक के समीप, वार्ड संख्या आठ के टोकलो रोड, पुरानी रांची रोड समेत अन्य स्थानों पर लोग पानी की किल्लत से जुझ रहे हैं।

**पानी की समस्या से घरेलू कामकाज भी हो रहा प्रभावित**

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या गहरा गयी है। वहीं नगर परिषद की ओर सुबह के समय होने वाली पानी की सप्लाई भी सही तरीके से नहीं हो रही है। जिसकी वजह से लोगों को पीनी के पानी के लिए ज्यादा परेशानी हो रही है। पानी की दिक्कत होने से घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

**टैंकर से की जा रही पानी की सप्लाई**

चक्रधरपुर नगर परिषद् के सिटी मैनेजर अभिषेक राहुल ने कहा कि नगर परिषद पानी टैंकर भेजकर पानी की समस्या दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण पानी का स्तर भी नीचे चला गया है।

## मैथन के होदला जंगल की जमीन पर भू माफिया की नजर, काट दिए सैकड़ों पेड़

**नवीन मेल संवाददात। धनबाद**

मैथन डैम से सटे होदला जंगल की जमीन पर भू माफियाओं की नजर है। जमीन पर कब्जा करने के लिए माफियाओं ने जंगल के सैकड़ों को पेड़ों को काट दिया है। इससे जंगल का अस्तित्व एक बार फिर खतरे में है। इस पूरे प्रकरण में पुलिस प्रशासन व वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि जमीन व जंगल बचाने के लिए आदिवासियों ने इस बार मोर्चा खोल दिया है। 22 मौजा के बड़ी संख्या में आदिवासी युवक बुधवार की शाम एकजुट होकर ढोल नगाड़ों के साथ मैथन थर्ड डाइक स्थित होदला जंगल पहुंचे और डुगडुगी बजाकर पेड़ काटने का विरोध किया। जंगल मे काम करा रहे कब्जाधारियों के ठेकेदार राजीव मुर्मू को बंधक बना लिया। बाद में उसे वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया। आदिवासी युवाओं ने पुलिस प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों पर भू माफियाओं से मिलकर जंगल खत्म करने का आरोप लगाया है।

इधर, ठेकेदार राजीव मुर्मू ने बताया कि रूपनारायणपुर के एक होटल व्यवसायी चित्तो माजी ने होटल बनाने के लिए कुछ जमीन खरीदी है, जिसकी देख-रेख बथानबाड़ी निवासी बिमल गोराई व जाकिर अंसारी कर रहे हैं। उसने बताया कि बीते 17 दिनों से जंगल के बीच पेड़ों की कटाई चल रही है और वहां निर्माण के लिए सीमेंट के पिलर मंगाए गए हैं।

## बिजली विभाग के अभियंता को पकड़कर तेज धूप में 3 घंटे जमीन पर बैठाया

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गोमो में इस भीषण गर्मी में पिछले दो दिनों से बिजली नहीं रहने से परेशान भेंडरा के ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। आक्रो?शित लोगों ने गोमो विद्युत सबस्टेशन पहुंच कर जमकर बवाल किया। सहायक अभियंता संतोष मंडल की फजीहत करते हुए उन्हें पकड़कर जबरन ऑफिस से बाहर निकाला और चिलचिलाती धूप में करीब 3 घंटे तक जमीन पर बैठाए रखा। ग्रामीण बिजली विभाग के जीएम को बुलाने की मांग कर रहे थे। सहायक अभियंता संतोष मंडल के लाख आश्वासन देने के बावजूद वे मानने को तैयान नहीं थे। सूचना पाकर हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया है। सहायक अभियंता संतोष मंडल को ग्रामीणों ने चारों तरफ से घेरकर रखा था। वे बिजली निर्बाध रूप से बहाल करने की मांग कर रहे थे।



सहायक अभियंता संतोष मंड़ल ने कहा कि गोमो सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण बिजली कट रही है।

## मेघाहातुबुरु खदान में सेलकर्मियों की रविवार की ड्यूटी हो सकती है बंद

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन सेलकर्मियों को अब तक दी जाती रही रविवार की ड्यूटी जून माह से बंद करने की तैयारी में है. अगर सेलकर्मियों को रविवार ड्यूटी बंद हो जाता है तो प्रत्येक सेलकर्मियों को न्यूनतम 8 हजार से अधिकतम 20 -25 हजार रुपये का प्रतिमाह नुकसान उठाना पडेगा। इससे सेलकर्मियों को विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पडेगा। उल्लेखनीय है कि सेल की मेघाहातुबुरु खदान में लौह अयस्क लगभग खत्म हो चुका है। मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन को खनन के लिए साउथ ब्लॉक पहाड़ी को चालू करने हेतु फॉरेस्ट क्लियरेंस नहीं मिल रहा है। इससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने अपना वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 4 मिलियन टन से घटाकर 2.5 (ढाई) मिलियन टन कर दिया है।



**वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्रबंधन ने घटा दिया**

सेल मेघाहातुबुरु प्रबंधन पहले से मैनपावर की भारी कमी जैसी समस्या के बावजूद रविवार को छुट्टी के दिन भी सेलकर्मियों एवं ठेका मजदूरों को काम पर लगाकर अपना उत्पादन लक्ष्य हासिल करता आ रहा था। जब खदान में लौह अयस्क का भंडार खत्म हो चुका है तथा वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्रबंधन ने घटा दिया है।

## 5 साल में भी नहीं बन पाया फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर के तकरीबन 1500 फुटपाथी दुकानदारों का 5 साल में भी वेंडिंग जोन नहीं बन पाया है। इस वजह से दुकानदार खुले आसमान के नीचे 44 डिग्री तापमान की चिलचिलाती धूप में दुकान लगाने को मजबूर हैं। बुधवार की देर शाम एक सब्जी विक्रेता महिला की लू लगने से मौत हो गई है। आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौन है? बता दें कि 2022 में आदित्यपुर नगर निगम ने फुटपाथी दुकानदारों का सर्वे कराया था और उन्हें फुटपाथी स्ट्रीट वेंडर कार्ड भी दिए थे, लेकिन वेंडिंग जोन का मामला अब तक पेंडिंग है। सर्वे के दौरान नगर निगम की महिला सामुदायिक कार्यकर्ता और उनके साथ होमगाड्र्स के जवान शामिल थे, जो दुकानदारों का वीडियो बनाकर उनका नाम पता और व्यवसाय को सूचीबद्ध किये थे।

**अब तक वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित नहीं हुआ**

बता दें कि प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 2 साल पूर्व नगर निगम के फुटपाथी दुकानदारों की सूची बना कर उन्हें स्ट्रीट वेंडर कार्ड मुहैय्या कराया गया था और तब उन्हें फुटपाथ से हटाकर वेंडिंग जोन में स्थायी रूप से दुकानें लगवानी थी। वह योजना आज तक अधूरी है। अब तक नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन के लिए स्थल ही चिन्हित नहीं किया गया है। हालांकि वेंडर कार्ड बनने के बाद फुटपाथी दुकानदारों ने लाभ उठाते हुए बैंकों से ऋण लेकर अपने व्यवसाय में वृद्धि जरूर की है, लेकिन उन्हें स्ट्रीट वेंडिंग जोन नसीब नहीं सका है। बता दें कि नगर निगम क्षेत्र के बाजार हाट और सैरात पर सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार नगर निगम का आधिपत्य होना चाहिए था, लेकिन बाजार उत्पादन समिति इसमें अब तक अड़ंगा लगाए हुए है और निकाय क्षेत्र के बाजार हाट और सैरातों को हस्तांतरित नहीं कर रही है। ऊपर से फुटपाथी दुकानदारों को न तो शेड उपलब्ध करा रही है और न ही उनके लिए पेयजल, शौचालय आदि की ही व्यवस्था करवा रही है। लिहाजा चिलचिलाती धूप में दुकान लगाने से उनकी जान भी जा रही है।



**राजस्व का है झगड़ा**

अब तक कृषि उत्पादन बाजार समिति ही बाजार हाट सैरात से राजस्व के रूप में मासूल वसूलने का काम कर रही है। फिलहाल फुटपाथी दुकानदार नगर निगम को कोई भी नया टैक्स देने के पक्ष में नहीं हैं। वैसे इस बात का विरोध गम्हरिया बाजार में नगर निगम को झेलना पड़ चुका है। व स्थानीय विधायक और मंत्री के हस्तक्षेप के बाद नगर निगम तत्काल बैकफुट पर आ गई। अब सवाल उठता है कि आखिर फुटपाथी दुकानदारों को सुविधा कौन मुहैया कराएगा। बता दें कि प्रत्येक फुटपाथी दुकानदार से प्रतिदिन बाजार मास्टर द्वारा 20 से 50 रुपए का टैक्स मासूल के रुप में वसूला जाता है, बदले में दुकानदारों को कृषि उत्पादन बाजार समिति की रसीद दी जा रही है।

## एक नजर

### रामकनाली में धूमधाम से मना सीटू का स्थापना दिवस



**धनबाद।** बीसीसीएल की रामकनाली कोलियरी में गुरुवार को सीटू का 55वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू के झारखंड राज्य सचिव राजेन्द्र प्रसाद राजा ने की। सर्वप्रथम शहीद मतदूरों को श्रद्धांजलि दी गई। यूनियन नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वरिष्ठ कोयला मजदूर रामदास भुईयां उर्फ पाण्डेय जी को वरिष्ठ कोयला कर्मी बोधी गोप ने माला पहनाकर सम्मानित किया। नेताओं ने यूनियन की नीतियों व भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में सभी के बीच मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गईं। मौके पर कंचन महतो, पूर्व मुखिया सुरेश महतो, संजय महतो, सुरेश नोनिया, श्यामल चक्रवर्ती, बोधी गोप, दिलीप बाउरी, प्रदीप महतो, रामदास भुईयां, साजन महतो, मिथुन कुम्हार, फुलचंद कुम्हार, विक्रम महतो, शक्ति महतो, दिनेश कुमार दास आदि मौजूद थे।

### सरिता देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं जदयू में शामिल




**कतरास।** कतरास के श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स के प्रधान कार्यालय में जदयू का मिलन समारोह हुआ। जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। कार्यक्रम में बाघमारा प्रखंड के उदलबनी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सरिता देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओ ने जदयू का दामन थामा। दीप नारायण सिंह ने उन्हें सदस्यता रसीद देकर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि जदयू से बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़ रही हैं, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। मौके पर जदयू अल्पसंख्यक मोर्चा के धनबाद जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, अनुसुचित जाति प्रकोष्ठ के महासचिव अशोक कुमार दास, सीमा देवी, गणेश चौहान आदि मौजूद थे।

### झील में नहाने के दौरान डूबे युवक का शव बरामद

**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत तोपचांची झील में बुधवार को नहाने के दौरान डूबे युवक का शव एक दिन बाद बरामद हुआ। ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह झील से युवक का शव बाहर निकाला। इसके बाद तोपचांची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया और आगे की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

### पिट वाटर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तीन घंटे कोयला डिस्पैच ठप रखा

**धनबाद।** बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्र की भेड़ाकाटा बस्ती में भीषण गर्मी में पिट वाटर की सप्लाई बंद है. ग्रामीणों ने पिट वाटर की सप्लाई बहाल कराने की मांग को लेकर गुरुवार को तीन घंटे कोयला डिस्पैच ठप रखा। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष तपती धूप में बस्ताकोला ओसीपी ट्रांसपोर्टिंग के पास पहुंचे और ओसीपी से बीएनआर रेलवे साइडिंग में कोयले की ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दी. वहीं, बस्ताकोला आउटसोर्सिंग कार्यालय के गेट पर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## न्यूज बॉक्स

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में यूजी में एडमिशन की तिथि 10 जून तक बढ़ी




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी स्नातक पार्ट वन प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है. इच्छुक छात्राएं अब आगामी 10 जून तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से एडमिशन के लिए आवेदन कर सकती हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया है कि जो भी छात्राएं जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के यूजी पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए इच्छुक हैं, उनके लिए एडमिशन कमेटी द्वारा विशेष निर्णय लिया गया है। छात्राओं और अभिभावकों की विशेष मांग पर एडमिशन कमेटी ने 28 मई यूजी के फार्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 जून तक कर दिया है। जो भी छात्राएं जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में यूजी पाठ्यक्रम में एडमिशन लेने के लिए इच्छुक हैं, वे चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन फार्म भर सकती हैं।

### दो नशा कारोबारियों को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई



**चाईबासा।** दो नशा कारोबारियों को कोर्ट ने 10 साल की सजा और एक-एक लाख का जुमार्ना लगाया है। गणेश चंद्र साहू और मानस प्रधान को चाईबासा कोर्ट ने गुरुवार को यह सजा सुनायी है। यह मामला 30 मार्च 2022 का है। चाईबासा पुलिस ने डोडा-पोस्ता की खरीद बिक्री करने और वैध कागजात के बिना परिवहन करने के आरोप में दोनों लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने बंदगांव थाना में कांड संख्या 11/2022 दर्ज किया था। दरअसल पुलिस ने चक्रधरपुर से आ रही पिकअप वैन को वाहन चेकिंग के दौरान रोका था। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने गाड़ी से डोडा और पोस्ता बरामद किया। अनुसंधान के दौरान में चाईबासा पुलिस ने दोनों नशा कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह कर पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किया। जिसके आधार पर कोर्ट ने आज दोनों को सजा सुनायी।

सड़क हादसे में बाइक चालक घायल, हालत गंभीर

### बाइक चालक ने अज्ञात वाहन को पीछे से मारी टक्कर, चालक घायल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 18 पर फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के समीप बुधवार देर रात बाइक चालक ने एक वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पाटपुर गांव निवासी संजीत (45) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, घायल संजीत इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। वह अपना काम खत्म कर बाइक से घर जा रहा था। तभी उसने किसी अज्ञात वाहन को पीछे जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वह बाइक सहित जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने पीआरएम मेडिकल कॉलेज बरिपदा रेफर किया। इसके बाद संजीत को फिर से 108 वाहन एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### ट्रक में लदे मवेशियों को छोड़कर भागा चालक, ग्रामीणों ने पिलाया पानी

**घाटशिला।** कशीदा पंचायत के गाहनडीह गांव के ग्रामीण एवं घाटशिला थाना पुलिस ने बुधवार को मवेशियों के प्रति मानवता की मिसाल पेश की है। बिहार के आरा से कोलकाता एक ट्रक में लादकर 11 दुधारू गाय एवं चार बछड़े को ले जाया जा रहा था। ट्रक का गैस पाइप अचानक गहनडीह गांव के पास फट जाने के कारण व्यापारी तथा चालक ट्रक सहित मवेशियों को छोड़कर भाग गए। प्रचंड गर्मी में ग्रामीणों की निगाह तड़पते मवेशियों पर पड़ी तो ग्रामीणों ने घाटशिला थाना को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी मधुसूदन डे ने दल-बल के साथ गाहनडीह गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने मवेशियों को ट्रक से किसी तरह नीचे उतारा। जिसके बाद उनके लिए पानी तथा चारा की व्यवस्था की। इस क्रम में एक बछड़े की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक पर लिखे मोबाइल नंबर से संपर्क किया गया। लेकिन इन मवेशियों का वास्तविक मालिक मौके पर नहीं पहुंचा। जिसके बाद चाकुलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशाला पिंजरा पॉल सोसाइटी शाखा चाकुलिया से संपर्क कर मवेशियों के भेजने की भी व्यवस्था की गई।

### जमशेदपुर में फ्लिपकार्ट के डिलीवरी ब्वॉय ने की हड़ताल



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट के सभी डिलिवरी ब्वॉय ने गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान शहर में पार्सल की डिलिवरी बंद रही। वहीं सभी डिलिवरी ब्वॉय कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते नजर आए। गोलमुरी और बिष्टुपुर स्थित कार्यालय के बाहर सभी एकजुट दिखे। हड़ताल का ऐलान करने से सारा कामकाज ठप पड़ गया है। डिलिवरी ब्वॉय का कहना है कि उनका पार्सल का रेट घटा दिया गया है। इसी वजह से वह हड़ताल पर गए हैं। डिलीवरी ब्वॉय का कहना है कि एक पार्सल पर उन्हें पूर्व में 14 रुपये पार्सल मिलते थे। पर अब नया दर लागू कर दिया गया है, जिसमें अगर कोई पांच पार्सल डिलीवरी करता है तो उसे एक पार्सल का 15 रुपये और बाकी के 4 पार्सल पर 7.50 रुपये प्रति पार्सल दिए जाएंगे। यह रेट जमशेदपुर में लागू नहीं होने दिया जाएगा। डिलीवरी करने वालों का कहना था कि वे लोग कई महीनों से काम कर रहे हैं, पर डिलीवरी दर बढ़ाने की जगह और घटा दिया गया है।

**सुप्रभात**

**शाश्वत नियम याद रखें-अगर आप कुछ पाना चाहते हैं, तो आपको कुछ देना होगा : सुभाष चंद्र बोस**

# नई सरकार और चुनौतियां

***लोकसभा*** चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद चाहे जो भी सत्ता में आए, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उम्मीद है कि नई सरकार कुछ कटु सच्चाइयों पर अधिक ध्यान देगी। भारत तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम अक्सर जनसांख्यिकीय लाभांश के बारे में बातें करते हैं। देश के युवा कार्यबल में आर्थिक विकास, नवाचार और उत्पादकता को बढ़ाने की क्षमता है। लेकिन अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ते उन उच्च शिक्षित युवाओं के लिए पर्याप्त संख्या में उचित रोजगार सृजित नहीं कर पा रही है, जो सुरक्षित, ऊंचे वेतन वाली व्हाइट कॉलर जॉब की उम्मीद रखते हैं। रोजगार पाने का मतलब अक्सर कम वेतन वाला, अनिश्चित काम करना होता है। खबर के अनुसार, आईआईटी कानपुर के एक पूर्व छात्र धीरज सिंह द्वारा दाखिल आरटीआई आवेदन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के 23 आईआईटी के करीब 38 प्रतिशत छात्र अब तक बेरोजगार हैं। समाचार में सिंह के हवाले से बताया गया है कि इस वर्ष सभी 23 में 7,000 छात्रों को आईआईटी कैंपस के माध्यम से नियुक्ति नहीं मिलि है। सिर्फ दो साल पहले यह आंकड़ा इसके लगभग आधा (3,400) था। सिंह ने बताया कि जहां अधिक छात्र रोजगार के लिए आवेदन कर रहे हैं, वहीं दो साल में बेरोजगार छात्रों की संख्या 2.3 गुना बढ़ गई है। भारत में शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी पिछले कुछ समय से बड़ी चिंता का विषय रही है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन एवं दिल्ली स्थित थिंक टैंक मानव विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित इंडिया एंप्लॉयमेंट रिपोर्ट, 2024 के अनुसार, भारत के बेरोजगार कार्यबल में 83 फीसदी युवा हैं और कुल बेरोजगार आबादी में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी वर्ष 2000 में 35.2 फीसदी थी, जो 2022 में बढ़कर 65.7 फीसदी हो गई। वर्ष 2023 के लिए परिशिष्ट के साथ मुख्यतः 2000 और 2022 के बीच के आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण और नेशनल सैंपल सर्वे के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधरित यह रिपोर्ट बताती है कि शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी का स्तर काफी ऊंचा है। शिक्षा के स्तर के साथ युवा बेरोजगारी दर बढ़ी है। स्नातक या उससे ज्यादा शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा है और शिक्षित पुरुषों के मुकाबले शिक्षित महिलाओं में बेरोजगारी दर ज्यादा है। क्या भारत के श्रम बाजार में उनके लिए अवसर हैं, लेकिन शिक्षित युवाओं के लिए बेहतर गुणवत्ता वाली पर्याप्त नौकरी नहीं है? आंकड़े इसी तरफ इशारा करते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी वाली बात यह है कि गरीब परिवारों के शिक्षित युवा विशेष रूप से कठिन परिस्थितियों में हैं। रिपोर्ट बताती है कि 'सबसे कम मासिक प्रति व्यक्ति व्यय क्वाइंटाइल (29.4 प्रतिशत) में माध्यमिक या उच्च-माध्यमिक शिक्षा वाले युवाओं के बीच बेरोजगारी दर उच्चतम क्वाइंटाइल (25.8 प्रतिशत) वाले युवाओं की तुलना में अधिक थी। यहां बता दें कि क्वाइंटाइल किसी आंकड़े को पांच बराबर भागों में विभाजित करती है। नतीजतन युवाओं के बीच उच्च बेरोजगारी दर आंशिक रूप से व्हाइट कॉलर जॉब की आकांक्षाओं के कारण हो सकती है, जो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। सबसे गरीब युवा, जिनके पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संसाधनों और सामाजिक पूंजी का अभाव है, वे अधिक पीड़ित हैं। 'चिंता की बात है कि हाशिये पर पड़े अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी दर अन्य पिछड़ा वर्ग या सामान्य श्रेणी के युवाओं की तुलना में ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामाजिक रूप से हाशिये के युवाओं में उच्च बेरोजगारी उन चुनौतियों का संकेत देती है, जिनका सामना उन्हें बेहतर रोजगार की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए करना पड़ता है। यह प्रवृत्ति सामाजिक विषमताओं को कायम रखती है और सामाजिक रूप से ऊपर उठने में बाधा उत्पन्न करती है। क्या उच्च शिक्षित युवाओं के लिए शिक्षा के स्तर और नौकरियों के बीच विसंगति समय के साथ बढ़ी है? इंडिया एंप्लॉयमेंट रिपोर्ट, 2024 इस बारे में कुछ संकेत देती है। यह बताती है कि उच्च शिक्षित युवाओं (पुरुष एवं महिला) का एक बड़ा हिस्सा, जिसमें तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा भी शामिल हैं, अपनी नौकरी से ज्यादा योग्यता रखते हैं। तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं में से भी 0.4 फीसदी ऐसे व्यवसायों में लगे हुए थे, जो उनकी योग्यता के अनुरूप नहीं थे। हालांकि समग्र रूप से शिक्षा प्राप्ति में बढ़ोतरी हुई है, जिससे नौकरी की मांग रही है, जो (उच्च शिक्षित और कम शिक्षित युवाओं) में रोजगार दर को कम कर रही है और बेरोजगारी दर बढ़ा रही है।

**इन दिनों**

# चुनावी मौसम... तपती धरती-झुलसता जीवन



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***आम*** चुनाव के अंतिम चरण में चढ़े सियासी पारा के साथ देश चढ़ते पारे से परेशान है। उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान से हाहाकार मचा हुआ है। एक ओर जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा है वहीं सूर्यदेव को लगता है स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की होड़ चल रही हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़े को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री सेल्सियस से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपाकाल है। हीटवेव या यूं कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं-कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है। उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भरी दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रूप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया है। प्रदेश के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, इलाज आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने भेजकर साफ संकेत दे दिए हैं। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं वहीं आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गए हैं। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं प्रभारी सचिवों व जिला कलक्टरों सहित अधिकारियों से 31 मई को संवाद कायम कर फीड बैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। राजस्थान तो एक उदाहरण है। कमोबेश इस तरह के प्रयास हीटवेव से प्रभावित अन्य राज्यों में भी किए जा रहे होंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। सामान्यतः एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहे हैं और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का प्रकोप कुछ अधिक ही रहता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य हैं। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यूं कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार है। आज शहरी करण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रीट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालिक राहत मिल जाती थी। पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है। ऐसे में अब तात्कालिक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रूपरेखा तय करनी होगी, क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमने इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरते नहीं दिख रहे। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की ओर ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रीट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा। अब सम्मेलनों के प्रस्तावों से आगे बढ़कर क्रियान्वयन पर जोर देना होगा। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



**देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपाकाल है। हीटवेव या यूं कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं-कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है।**

## आपकी बात

### एक देश और स्वदेशी कानून को



सुनील कुमार सिंह

***राष्ट्र*** सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश में फिर से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निश्चित रूप से तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने जा रही है। ऐसे में हम अपनी संगठन राष्ट्र सेवा फाउंडेशन की ओर से मांग करते हैं कि आज देश में जिस तरह से अंग्रेजियत सिस्टम 1860 आईपीसी, 1861 पुलिस एक्ट, 1872 भारतीय साक्ष्य एक्ट जैसे अन्य अंग्रेजी कानून लागू हैं, जिसे मानने के लिए आज भी हम भारतवासी बाध्य हैं। एक ओर देश आजादी के 75वें उत्सव मना रहा है, पर पूर्ववर्ती कांग्रेस की अंग्रेजी गुलामी मानसिकता के कारण आज भी हम संविधान के जगह बहु विधान जैसे सिस्टम एक्ट 1991, 1992, 1995 जैसे हिंदू विरोधी एक्ट को मानने के लिए बाध्य हैं, जो कहीं ना कहीं गुलामी की दर्द का एहसास दिलाता है। ऐसे अंग्रेजी, व कांग्रेस द्वारा बनाए गए हिंदू विरोधी कानून व्यवस्था को बदलने की और राष्ट्रहित में संविधान में संशोधन करते हुए नए कानून व्यवस्था लागू किए जाने की जरूरत है। सुनील सिंह ने कहा कि हमें बहु विधान नहीं संविधान चाहिए, विदेशी नहीं स्वदेशी कानून चाहिए, इसके लिए केंद्र सरकार से राष्ट्र हित में निम्न कानून व्यवस्था बनाए जाने की मांग की जैसे 'एक देश एक राष्ट्रभाषा, एक देश एक शिक्षा बोर्ड, एक देश एक धर्मस्थल संहिता, समान नागरिक संहिता, समान दंड संहिता, समान प्रशासनिक संहिता समान कर संहिता, समान चिकित्सा संहिता, समान न्यायिक संहिता,जनसंख्या नियंत्रण कानून, धर्मांतरण नियंत्रण कानून, तथा घुसपैठ नियंत्रण कानून'। उन्होंने कहा कि आज अपने ही देश में हमारी स्थिति यह है कि जो मांग अन्य दूसरे देशों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मांगा करते हैं, वही मांग हम अपने हीं देश में बहुसंख्यक समुदाय होते हुए भी मांगनी पड़ रही है। अन्य देशों में रहने वाले अल्पसंख्यकों से भी बुरी हालत में हम आ गए हैं। आज देश में संविधान की जगह, बहु विधान चल रहा है, क्योंकि संविधान का मतलब सब पर एक समान कानून लागू होना, एक समान अधिकार मिलना होता है। पर हमारे देश में ऐसा नहीं है, आज हिंदुओं के लिए अलग कानून, मुस्लिम के लिए अलग, सिख के लिए अलग, और ईसाई के लिए अलग-अलग कानून लागू किया जा रहा है। जिसे जरूरत है संविधान संगत सब पर एक समान कानून लागू करने की। अपने देश की संविधान में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए 222 ऐसे काले कानून हैं, जो आज भी हम पर लागू हैं। संविधान की बात करें तो आज भी संविधान में लिखी गई 20% कानून ऐसी है जिसको अभी तक भी लागू नहीं किया गया है। जरूरत है कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने की तर्ज पर अंग्रेजों द्वारा बनाए गए ऐसे काले कानून, तथा कांग्रेस द्वारा मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण बनाए गए हिंदू विरोधी कानूनों को निरस्त कर राष्ट्र हित में नए कानून लागू करने की।

**एक देश एक विधान, नहीं चाहिए बहु विधान! विदेशी नहीं, स्वदेशी कानून चाहिए!**

**जागरूकता**

# देश में हर घण्टे कैंसर से 92 लोगों की मौत



डॉ. अजय खेमरिया

***देश*** में औसतन 2215 लोग रोजाना कैंसर से मौत के मुंह में जा रहे हैं। भारत में चीन के बाद सर्वाधिक मौतें कैंसर से हो रही हैं। आईसीएमआर और राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर की भयाभयता किस त्रासदपूर्ण तरीके से बढ़ रही है क्योंकि देश के 64 फीसदी मरीज ग्रामीण इलाकों से आ रहे हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवहारिक रूप में कैंसर की पहचान के लिए कोई प्रमाणिक तंत्र ही उपलब्ध नहीं है। संसद में हालिया सरकार ने जो जानकारी दी है उसके अनुसार उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, तमिलनाडु और राजस्थान देश में कैंसर के बड़े हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। पंजाब की हालत पहले से ही इस मामले में खराब है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों को ही विश्लेषित किया जाए तो देश में हर साल जितने मरीज कैंसर रोगी के रूप में चिन्हित होते है उनमें से 55 प्रतिशत की मौत हो जाती है। 2022 में 1461427 मरीज कैंसर रोगी के रूप में अलग अलग अस्पताल में भर्ती किये गए इनमें से 808558 की मौत हो गई। इसी तरह वर्ष 2021 में 1426441 में से 789202 एवं 2020 में 1392179 में से 770236 की मौत रिकॉर्ड पर दर्ज हुई हैं। कैंसर पीड़ित में 65 फीसदी मरीज 45 से 60 साल आयु वर्ग की है और खास ध्यान देने वाला तथ्य यह है कि महिलाओं में तीसरी सबसे बड़ी बीमारी को कैंसर के रूप में चिन्हित किया गया है। इन आंकड़ों के इतर जमीनी सच्चाई का एक अहम पहलू यह है कि आज भी देश के मैदानी हलकों में कैंसर की पहचान के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र सक्षम नही हैं। जिला चिकित्सालय जैसे सरकारी केंद्रों पर भी कैंसर की पहचान के लिए कोई व्यवस्था नही हैं। इन केंद्रों पर न तो ऑन्कोलॉजी विभाग है और न प्रयोगशाला जहां मरीजों के शुरूआती लक्षणों की जांच की जाती है। मजबूरी में ऐसे मरीजों के लिए जांच हेतु मेडिकल कॉलेज स्तर के शहरी केंद्रों पर जाना पड़ता है इस दौरान कैंसर के प्रारंभिक लक्षण गंभीर होकर शरीर में फैल जाते हैं। त्रासदी यहीं तक सीमित नही है क्योंकि बड़े शहरी केंद्रों पर भी कैंसर की पहचान और निदान की जो व्यवस्था है वह बहुत ही खचीर्ली हैं। डॉक्टर के प्रारंभिक परामर्श शुल्क मुंबई, दिल्ली, भोपाल, लखनऊ, पटना जैसे शहरों में 800 रुपए से लेकर 5000 तक होते हैं। **(ये लेकक निजी विचार हैं।)**

**नेशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों को ही विश्लेषित किया जाए तो देश में हर साल जितने मरीज कैंसर रोगी के रूप में चिन्हित होते है उनमें से 55 प्रतिशत की मौत हो जाती है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# सबके लिए आदर्श है अहिल्याबाई का जीवन



रमेश शर्मा

***संसार*** में कुछ ऐसी विभूतियां भी जन्मी हैं जो अवतारी तो नहीं थीं लेकिन उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अवतारी शक्तियों के समतुल्य रहा । इंदौर की महारानी देवि अहिल्याबाई का व्यक्तित्व ऐसा ही था । उन्हें ₹देवि₹ किसी दरवारी कवि ने नहीं कहा, अपितु जन सामान्य ने कहकर पुकारा । उनका सादगीपूर्ण जीवन, धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिये समर्पण जीवन, उनके द्वारा किये गये जन कल्याणकारी कार्य, विशेषकर किसानों और महिलाओं के हित में लिये गये उनके निर्णयों ने उनकी ओर पूरे भारत के शासकों का ध्यान आकर्षित किया । यह उनके व्यक्तित्व की विशेषता ही है कि आज लगभग तीन सौ वर्ष बीत जाने के बाद भी वे जन सामान्य में सम्मान और श्रृद्धा का केन्द्र हैं। वे सही मायने में अजातशत्रु थीं। उनके जीवन के किसी प्रसंग पर, कोई नई नीति बनाने या निर्णय लेने के औचित्य पर अथवा उनकी कार्यशैली पर कभी किसी ने कोई नकारात्मक टिप्पणी की। न उनके जीवनकाल में और उनके बाद इतिहास के शोधकताओं ने । वे अपने जीवन में भी एक आदर्श थीं और आज भी सबके लिये आदर्श हैं। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीस ने तो उन्हें ₹द फिलॉसफर क्वीन₹ की उपाधि दी है। उनकी प्रसिद्धि उनके परिवार की पृष्ठभूमि से नहीं अपितु व्यक्तित्व और कृतित्व से है । होल्कर परिवार में कितनी महारानियां रहीं हैं पर किसी को इतनी प्रसिद्धि नहीं मिली जितनी अहिल्याबाई को मिली । यदि भारत की शासक महिलाओं के बारे में विचार करें। भारत में महिला शासक उनसे पहले भी रहीं और बाद में भी इतनी सादगी से भरा जीवन और अपने राज्य क्षेत्र को सुरक्षित समृद्ध और शांत बनाने का ऐसा उदाहरण कहीं नहीं। सबसे महत्वपूर्ण बात है विषम और विपरीत परिस्थितियों को चीरकर न केवल अपने राज्य क्षेत्र में अपितु पूरे भारत में उन्होंने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान चलाया और सनातन मानविन्दुओं को पुनर्प्रतिठित किया, यह असाधारण है। मानों वे छत्रपति शिवाजी महाराज के सपने को आकार दे रहीं थीं। अहिल्याबाई व्यवहार में जितनी सरल और शांत थीं, संकल्पपूर्ति के लिये उतनी ही कठोर । उन्होंने भारत के प्रत्येक भाग और प्रत्येक समाज वर्ग के व्यक्ति के हित को ध्यान में रखकर काम किये । इन कार्यों पर जितना धन उन्होंने व्यय किया उतना किसी रियासत ने नहीं किया फिर भी उनका राजकोष समृद्ध था । उनकी विचारशीलता बहुत व्यापक थी। पूरा भारत राष्ट्र और सनातन विचार उनके चिंतन में समाया थी। वे बहुत दूरदर्शी थीं। भविष्य का भारत कैसे प्रतिष्ठित हो, आने वाली पीढ़ी और समाज कैसे सुसंस्कृत हो और कैसे भारत राष्ट्र का सांस्कृतिक गौरव पुनर्प्रतिठित हो, वे दिन रात इसी चिंतन में डूबी रहतीं थीं । इसकी झलक उनकी कार्यशैली में भी दिखती है। ऐसी विलक्षण प्रतिभा की धनी देवि अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिला अंतर्गत जामखेड़ कस्बे के ग्राम चांडी में हुआ था । उनके पिता मनकोजी राव शिंदे मराठा सेना में एक सैनिक थे। जो बाद में नायक बने। माता सुशीला बाई भी गांव के एक सामान्य किसान परिवार से थीं। सुशीला बाई का विवाह भी बालवय में हुआ और बधु बनकर चांडी आ गई थीं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी

दरबार साहिब के अंदर हो रही गुरबाणी सभी लोगों को नीचे बैठकर सुनना चाहिए। माना जाता है कि ये गुरू ग्रंथ साहिब को सम्मान देने का तरीका है। अगर आप पहली बार स्वर्ण मंदिर जा रहे हैं तो आपको पहले इंफॉर्मेशन ऑफिस और सेंट्रल सिख म्यूजियम देखने के लिए कहा जाएगा। यहां आपको गुरूद्वारे से जुड़ी सभी जानकारियां मिलेंगी, इससे गुरूद्वारा देखना आपके लिए आसान हो जाएगा। **(समाप्त)**



## टेक वर्ल्ड

# एसी खरीदने जा रहे हैं तो सतर्क हो जाएं

***जैसे*** कि आप जिस कमरे में ऐसी लगवाने जा रहे हैं वह कैमरा कितना बड़ा है और इसके अलावा कितने लोगों के लिए इस ऐसी का इस्तेमाल करने वाले हैं। यानी कि उस कमरे में कितने लोग मैक्सिमम रहते हैं या सोते हैं। बता दें कि इस इन बातों को ध्यान में रखकर अगर आप अउ का चुनाव करते हैं उसकी कूलिंग कैपेसिटी का ध्यान रखते हैं, तो आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा। बता दें कि 1 टन डेढ़ टन या 2 टन में आता है। अगर आपके पास 100 से 125 वर्ग फुट का अगर रूम है तो यहां पर आप 1 टन का ऐसी इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं अगर 150 से 200 वर्ग फुट का कमरा है तो आपको डेढ़ टन का ऐसी का चुनाव करना चाहिए और अगर इससे भी बड़ा कमरा है तो वहां पर आप 2 टन का ऐसी चुनें इससे आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

**रेटिंग और एआई फीचर का रखें ध्यान**

बता दें कि एनर्जी स्टार रेटिंग इस बात का संकेत होता है कि आपका ऐसी कितनी कम एनर्जी का उपयोग कर रहा है, जाहिर तौर पर इससे आपका बिजली का बिल कम आएगा। इसके अलावा भी ऐसी के अंदर कई सारे फीचर्स होते हैं जिनमें स्मार्ट फीचर और अब तो एआई फीचर भी आने लगा है। अगर आप स्मार्ट फीचर का प्रयोग करते हैं तो आपको रिमोट के प्रयोग के बिना ही आप ऐसी को इजीली इस्तेमाल कर सकते हैं, जबकि एआई फीचर ऑटोमेटेकली आपके रूम का टेंपरेचर और ह्यूमिडिटी के अनुसार अपने आप को एडजस्ट कर लेता है। (क्रमशः)



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## आज का राशिफल

**मेष** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृषभ** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**मिथुन** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क** — राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।


**धनु** — आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुम्भ** — जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

## गर्मी में बंदरों ने मारी छलांग



गुरुवार को नई दिल्ली में चिलचिलाती गर्मी के बीच राहत के लिए इंडिया गेट के पास तालाब में छलांग लगाते बंदर।

## उत्तराखंड : चारधाम व हेमकुंड साहिब के दर्शनार्थियों का आंकड़ा 13 लाख से पार

एजेंसी




**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। कोई भी श्रद्धालु बिना दर्शन करे वापस न जाए। इसके लिए सरकार से लेकर पूरा सरकारी तंत्र व्यवस्थाएं बनाने में जुटा हुआ है। चारों धामों और हेमकुंड साहिब में अब तक 1336767 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। इनमें सबसे ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदार के दर पर पहुंचे हैं। 10 मई से अब तक केदारनाथ धाम में 551705 श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया है। यमुनोत्री धाम में अब तक 240044 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। गंगोत्री धाम में अब तक 231983 तीर्थयात्रियों ने मां गंगा के दर्शन किए हैं। वहीं बद्रीनाथ धाम में अब तक 299888 श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंच चुके हैं।

चारों धामों की यात्रा करने के बाद मां धारी देवी के दर्शन करने के लिए भी रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले गए। सिखों के पवित्र धर्मस्थल हेमकुंड साहिब में कपाट खुलने के बाद अब तक 13147 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। कुल मिलाकर चारों धामों और हेमकुंड साहिब में अब तक 1336767 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं।

## गाजा-मिस्र सीमा पर इजरायली सेना ने खोजी 20 सुरंग

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा-मिस्र सीमा की प्रमुख सड़कों पर अपना नियंत्रण कर लिया है। इसे फिलाडेल्फी क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। साथ ही 20 सुरंगों की खोज भी की है, जिनका इस्तेमाल सीमा पार तस्करी के लिए किया जाता था। यह जानकारी इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बुधवार रात दी। उन्होंने कहा कि सीमा पर कई रॉकेट लांचर पाए गए। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि नई कब्जे वाली भूमि की पट्टी गाजा-मिस्र सीमा पर 14 किलोमीटर तक फैली हुई है। इसके जरिए हथियारों की तस्करी की जाती थी।

## भारत ने राफा में इजराइली सैन्य अभियान पर गहरी चिंता जाहिर की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने फिलिस्तीन के राफा में इजराइली सैन्य अभियान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि राफा में नागरिकों की मौत और उनका बेघर होना हृदय विदारक और गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि फिलिस्तीन में जारी संघर्ष के दौरान नागरिकों की सुरक्षा व अंतरराष्ट्रीय मानवी कानूनों का पालन किया जाए। प्रवक्ता ने कहा कि इजराइल ने विस्थापित शिविरों में हुए दुखद दुर्घटना की जिम्मेदारी स्वीकार की है तथा इसकी जांच कराने की घोषणा की है।

## सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी है। गुरुवार को सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेन्सिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।

## काशी पहुंचे अमित शाह, बाबा विश्वनाथ की भक्ति में डूबे



**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव के बीच काशी में सियासी दिग्गजों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। अब तक यहां कई राजनीतिक दिग्गज आकर अपनी आस्था प्रकट कर चुके हैं। इसी बीच, गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। अमित शाह ने पूरे विधि-विधान के साथ दर्शन पूजन किया और इन खास मौकों को तस्वीरों में भी कैद करवाया। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। शाह के अलावा महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी पूजा-अर्चना करने पहुंचे।

## बिहार में हीटवेव से पिछले 24 घंटे में 8 लोगों की मौत



एजेंसी

**पटना।** बिहार में पिछेल दो दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मोहाल कर दिया है। स्थिति ऐसी है कि लोगों के घरो और ऑफिस में लगे एसी भी प्रचंड गर्मी के आगे फेल हो रहे है। बिहार में भीषण गर्मी और लू की वजह से पिछले 24 घंटे में राज्य के भोजपुर, रोहतास, गोपालगंज, औरंगाबाद और अरवल जिले में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच मौसम विभाग ने गुरुवार को भी बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है। साथ ही लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक जून तक लू की स्थिति यथावत जारी रहने का अनुमान है। इसके बाद धीरे-धीरे इसमें कमी आएगी। बिहार, झारखंड, ओडिशा, विदर्भ, छत्तीसगढ़, जम्मू संभाग और हिमाचल प्रदेश में भी शुक्रवार तक लू की स्थिति गंभीर बने रहने का अनुमान है। सबसे ज्यादा भोजपुर जिले में तीन लोगों की हीटवेव से जान चली गई। वहीं, गोपालगंज में भी नेपाल जा रहे एक पर्यटक ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। भागलपुर जिला पुलिस बल में तैनात दारोगा देवनाथ राम की जान चली गई। दारोगा चुनाव ड्यूटी में रोहतास जिले के डेहरी स्थित पुलिस लाइन पहुंचे थे। अरवल में चुनाव ड्यूटी के लिए अरुणाचल प्रदेश से आए हेड कांस्टेबल निक्कू अहुजा की भी मौत हो गई। उनकी ड्यूटी उत्क्रमित विद्यालय रामपुर चौरम में लगाई गई थी।

# जम्मू बस हादसे में 21 की मौत, 40 घायल

- खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया
- घटनास्थल माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 40 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश नंबर की यह बस जम्मू से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।




### तीखे मोड़ पर सामने से आ रही बस से बिगड़ा संतुलन

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह हादसा हो गया। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

### 20 घायल जीएमसी जम्मू रेफर

अस्पताल में हादसे की खबर के साथ ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों के पहुंचने के साथ ही यहां उपचार शुरू कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी जम्मू रेफर किया गया। जीएमसी जम्मू में डॉक्टरों की अलर्ट टीम ने मोर्चा संभाला।

### बस में 75 यात्री थे सवार

बस में लगभग 75 से अधिक यात्री सवार थे। मौके पर एसडीएम अखनूर लेख राज, एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा, थानाप्रभारी अखनूर तारिक अहमद मोके पर बचाव कार्य मे जुटे हुए हैं। एसएसपी जम्मू व अन्य वरिष्ट अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

### रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाए घायल

**बस** के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

## पुरी में चंदन यात्रा उत्सव के दौरान तीन की मौत, 32 से अधिक घायल

**भुवनेश्वर।** पुरी में श्रीजगन्नाथ मंदिर के पास नरेंद्र टैंक में चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से तीन भक्तों की मौत हो गई, जबकि 32 से अधिक गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना बुधवार को देवी घाट पर पटाखों के ढेर पर आतिशबाजी के छींटे गिरने से हुई, जहां पुरी के जगन्नाथ मंदिर का सबसे लंबा वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा था। मौके पर जमा किए गए पटाखों में जल्द ही विस्फोट हो गया, जिससे वे श्रद्धालु गंभीर रूप से झुलस गए, जो देवताओं की वार्षिक जल क्रीड़ा देखने के लिए वहां मौजूद थे। कई श्रद्धालु अपनी जान बचाने के लिए जलाशय में भी कूद गए। घायलों को पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल और भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक नाबालिग समेत तीन लोगों की जलने से मौत हो गई है। कई अन्य घायल श्रद्धालुओं का पुरी, कटक और भुवनेश्वर के विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को भुवनेश्वर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में तीन घायल व्यक्तियों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों के परिजनों और निजी अस्पताल के डॉक्टरों से बात की। सीएम पटनायक ने पहले घायलों को मुफ्त चिकित्सा उपचार का आश्वासन दिया था।

## मैं जेल जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं : सीएम केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट से अपनी जमानत अवधि एक सप्ताह बढ़ाने की अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की यह याचिका मंजूर नहीं हुई है। इसके बाद अब गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 2 जून को जेल जाने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि मैं जेल जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। देश को बचाने के लिए भगत सिंह फांसी पर चढ़े थे, अगर देश को बचाने के लिए मुझे बार-बार जेल जाना पड़े तो मैं इसके लिए तैयार हूं। केजरीवाल का कहना है कि उन्हें गर्व है कि वह अपने देश को बचाने के लिए जेल जा रहे हैं।

## पानी की किल्लत / हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पानी की मांग

# सुप्रीम कोर्ट जाएगी केजरीवाल सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बढ़ती गर्मी से दिल्ली के लोग पहले से परेशान हैं। ऐसे में पानी की कमी ने दिल्लीवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है। गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा समर एक्शन प्लान के मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल पहले ही आप सरकार को कठघरे में खड़ा कर चुके हैं। अब दिल्ली में पानी की कमी पर धरना प्रदर्शन के साथ राजनीति शुरू हो गई।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में पानी का संकट बना हुआ है। इसका मुख्य कारण हरियाणा से दिल्ली को पानी ना देना है। दिल्ली यमुना के पानी पर निर्भर है। वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जलशोधन सयंत्र में यमुना का पानी जाता है। अगर यमुना में पानी नहीं होगा तो इन प्लांट में पानी कैसे आएगा। आज दिल्ली सरकार पानी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जा रही है। कोर्ट से रिक्वेस्ट करेंगे कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश को आदेश दे कि वो दिल्ली का पानी दें।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली में टैंकर से पानी की समुचित आपूर्ति करने लिए एक नियंत्रण कक्ष बना रहे हैं। यह नियंत्रण कक्ष एक सीनियर आईएसएस अधिकारी की देखरेख में संचालित होगा। दिल्ली के सभी 11 वाटर जोन पर एक एसडीएम की नियुक्ति की जाएगी। दिल्ली सरकार के मुताबिक यहां यमुना नदी का स्तर 674 फीट होना चाहिए लेकिन यह मात्र 670.3 फीट पर है।

### पानी के लिए आतिशी के घर के बाहर मटकी फोड़ प्रदर्शन



पानी के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने गुरुवार को मटकी लेकर आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सीएम केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। यहां तक कि मटकी फोड़कर नाराजगी भी जताई। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा ने कहा कि केजरीवाल सरकार को इस्तीफा देना चाहिए। दिल्ली की जनता पानी की मांग कर रही है। लेकिन, उनका कोई समर एक्शन नहीं है।

## कश्मीर में इस साल आ सकते हैं रिकॉर्ड पर्यटक, सभी होटल बुक

एजेंसी



**श्रीनगर।** इस साल कश्मीर में पर्यटकों की संख्या सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ सकती है। घाटी में अब तक 12.5 लाख से अधिक से अधिक पर्यटक आ चुके हैं। पर्यटकों के लगातार आगमन को देखते हुए इस साल सभी पिछले रिकॉर्ड टूट सकते हैं। श्रीनगर के होटल, गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट और पहलगाम व सोनमर्ग के हिल स्टेशनों के सभी होटलों की बुकिंग जून के मध्य तक हो चुकी है।

एक अधिकारी ने बताया, कश्मीर स्थिति गेस्ट हाउस, होमस्टे, डल और निगीन झीलों के हाउसबोट और ठहरने के अन्य स्थान भर चुके हैं। कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार और शांति के कारण इस साल यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। कश्मीर के होटल एसोसिएशन के एक सदस्य ने कहा, विदेशी पर्यटकों के कश्मीर आने से हमें विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, वे घरेलू पर्यटकों की तुलना में अधिक खर्च करते हैं। घाटी में स्थिति सभी पांच सितारा होटलों की बुकिंग हो चुकी है। बुकिंग कराने वाले अधिकतर घरेलू पर्यटक हैं।

# भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों को प्रदान की गई 'टीम ऑफ द ईयर कैप'

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरूआत से पहले, भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों को हाल के दिनों में अपने राष्ट्रीय पक्ष के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर कैप प्राप्त हुए।



**सूर्यकुमार यादव**

विश्व के नंबर 1 टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टी20 टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई।



**ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई।**

**भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को आईसीसी टी20 टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई।**

भारत अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में करेगा। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला 9 जून को होगा। वे बाद में टूनामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) से खेलेंगे। टूनामेंट में, भारत का लक्ष्य आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना होगा, जिसने आखिरी बार 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। तब से, भारत 2023 में 50 ओवर के विश्व कप फाइनल, 2015 और 2019 में सेमीफाइनल, 2021 और 2023 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले, 2014 में टी20 विश्व कप फाइनल, 2016 और 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंच चुका है, लेकिन बड़ी आईसीसी ट्रॉफी हासिल करने में विफल रहा है। भारत 2007 में दक्षिण अफ्रीका में टूनामेंट के उद्घाटन संस्करण को जीतने के बाद से अपना पहला टी20 विश्व कप खिताब जीतने का लक्ष्य रखेगा। 2022 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित पिछले संस्करण में, भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट से हार गया था।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

## भारत की जर्सी पहनना एक अलग अहसास : पंत

**न्यूयॉर्क।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने 2022 में भीषण कार दुर्घटना के बाद भावनात्मक वापसी करते हुए इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी।



एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पूर्व भारत के पहले नेट सत्र के इतर पंत ने ह्यबीसीसीआई.टीवी' से कहा, ह्यभारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे बहुत याद आती थी... उम्मीद है कि मैं इसे भुना पाऊंगा और यहां से बेहतर प्रदर्शन करूंगा।' राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 15 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले पंत के साथ इस बातचीत के दौरान टीम के साथी सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे। पंत ने उस समय को याद किया जब उनकी मौजूदगी ने उन्हें एनसीए में अपने चोट प्रबंधन कार्यक्रम के अकेलेपन से निपटने में मदद की थी। पंत ने कहा, ह्ययहां टीम को देखना और उनसे फिर से मिलना, समय बिताना, उनके साथ मौज-मस्ती करना, उनसे बातचीत करना, मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा।' पंत 13 आईपीएल मैचों में 446 रन बनाने के बाद धीरे-धीरे लय में लौट रहे हैं। न्यूयॉर्क शहर के बाहरी इलाके में केंटियाग पार्क में भारत के नेट्स पर दुबले-पतले और फिट पंत अच्छी लय में दिखे।

## आर प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया

**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। कार्लसन को रेपिड/प्रदर्शनी मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा ने तीन दौर के बाद 5.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गए।



**रचा इतिहास**

क्लासिकल शतरंज को धीमे शतरंज के रूप में भी जाना जाता है और इसमें खिलाड़ी को चाल चलने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और आम तौर पर एक खिलाड़ी के पास कम से कम एक घंटे का समय होता है। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली भी महिला वर्ग में शीर्ष पर चल रही हैं। उनके भी 5.5 अंक हैं। वैशाली ने तीसरे दौर में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक से ड्रॉ खेला।

पुरुष वर्ग की अन्य बाजियों में अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना ने गत विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराया। इस हार के साथ लिरेन छह खिलाड़ियों की तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गए। अमेरिका के हिकारू नाकमूरा ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ क्लासिकल बाजी ड्रॉ रहने के बाद आमार्गेडोन (सडन डेथ) बाजी जीतकर डेढ़ अंक हासिल किए। नाकामूरा अंक तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चौथे दौर में प्रज्ञानानंदा से भिड़ेंगे।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जीत के साथ यूरोपीय दौरे का समापन किया



- भारत और जर्मनी दोनों टीमों ने पहले हाफ में कोई गोल नहीं किया
- भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शूटआउट 3-1 से जीता
- महिलाओं ने खेला ड्रॉ

**एजेंसी। ब्रेडा**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को शूटआउट में हराकर, जबकि महिला टीम ने ओरांजे रूड के खिलाफ ड्रॉ खेलकर यूरोप दौरे का समापन किया।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मुकेश टोप्पो (33') द्वारा निर्धारित समय में गोल करने के बाद शूटआउट में 3-1 (1-1) से जीत हासिल की। वहीं, ओरांजे रूड के साथ 2-2 से ड्रॉ हुए मैच में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए, संजना होरो (18') और अनीशा साहू (58') ने गोल किया। भारत और जर्मनी दोनों टीमों ने पहले हाफ में कोई गोल नहीं किया। दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में मुकेश टोप्पो (33') ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिये गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि चौथे क्वार्टर के चौथे मिनट में जर्मनी ने गोल कर 1-1 की बराबरी हासिल कर ली, जिससे मैच में रोमांच बढ़ गया। दोनों टीमों द्वारा बढ़त लेने के प्रयासों के बावजूद, नियमित समय के अंत में स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके कारण पेनल्टी शूटआउट की नौबत आ गई।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शूटआउट 3-1 से जीता, जिसमें गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने भारत के लिए गोल किए। इसके साथ ही भारत ने जीत के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। इस बीच, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम और ओरांजे रूड के बीच पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में, संजना होरो (18') ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। ओरांजे रूड ने अच्छी प्रतिक्रिया दी, दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मजबूती से काम किया।

**मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर**

## अंकुशिता बोरो, निशांत देव क्वार्टर फाइनल में

**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो (60 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने बुधवार रात अपने-अपने भार वर्ग में आसान जीत दर्ज करते हुए दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोरो का मुकाबला एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की रिम्मा वोलोसेन्को से था। लेकिन भारतीय मुक्केबाज को अपने प्रतिद्वंद्वी के कद से कोई फर्क नहीं पड़ा और वह राउंड 1 से ही अपने मुक्कों पर काबू पा गई और पूरे मुकाबले में कभी भी परेशानी में नहीं दिखी और 4-1 से जीत हासिल की। दिन के आखिरी मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत ने थाईलैंड के पीरापत येसुंगनोएन को 5:0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इससे पहले दिन में अरुंधति चौधरी ने 66 किलोग्राम वर्ग में अपना अभियान प्यूर्टो रिको की स्टेफनी पिएनेरो के खिलाफ पहले राउंड में शानदार प्रदर्शन के साथ शुरू किया। उन्होंने पिएनेरो को सर्वसम्मति से 5:0 का फैसला अपने पक्ष में किया। हालांकि, 92 किग्रा से अधिक भार वर्ग में नरेंद्र बेरवाल का सफर समाप्त हो गया, उन्हें इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कांगो चाला ने शिकस्त दी।



## पाकिस्तान महिला टीम की करारी हार इंग्लैंड टीम ने 178 रनों से मात दी

**एजेंस। चेम्सफर्ड**

नेट सायवर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मुकाबले में पाकिस्तान की महिला टीम को 178 रनों विशाल अंतर से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से जीत ली हैं। बुधवार को काउंटी ग्राउंड में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट पर 302 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और आठवें ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज टैमी बोमॉन्ट (11) गवां दिया। उसके बाद 11वें ओवर में माया बूशेर (34) भी आउट होकर पवेलियन लौट गई। तीसरे विकेट के रूप में कप्तान हैदर नाइट (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद नेट सायवर ब्रंट और डेनिएल वायट ने पारी को संभाला। नेट सायवर ब्रंट ने नाबाद (124) की शतकीय पारी खेली।



वहीं डेनिएल वायट (44), एमी जोंस (27) रन बनाकर आउट हुयी। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद 39 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से उम्मे हानी ने दो विकेट लिए। डायना बेग, निदा डार और फातिमा सना ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद इंग्लैंड की गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन का मुजाहिरा करते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 29.1 ओवर में 124 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही और उसकी सलामी बल्लेबाज सदफ शम्स (2) को बेल ने दूसरे ही ओवर में बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद सिदरा अमीन (10) रन पर बेल का शिकार बन गई। पाकिस्तान के विकेट लगातार गिरते रहे उसका कोई भी बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सका। मुनीबा अली ने सर्वाधिक (47) रन बनाये। आलिया रियाज (36), आएशा जफर (13), रन बनाकर आउट हुई।

**कप्तान निदा डार चोट के कारण बल्लेबाजी के लिए मैदान में नहीं उतरी**

## सबसे तेज 100 वनडे विकेट पूरे करने वाली गेंदबाज बनीं सोफी एक्लेस्टोन


**चेम्सफोर्ड।** इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन महिला क्रिकेट में सबसे तेज 100 एकदिवसीय विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच के दौरान हासिल की। एक्लेस्टोन ने बुधवार को 4.1 ओवर के अपने स्पेल में तीन विकेट चटकाए, जिसमें उन्होंने सिर्फ 15 रन दिए। इस स्पेल के साथ, उन्होंने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट पूरे किए। उन्होंने सिर्फ 64 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और ऑस्ट्रेलियाई महान कैथरीन फिट्जपैट्रिक के रिकॉर्ड की बराबरी की, लेकिन ओवरों की संख्या (63) के मामले में रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। नेट साइवर-ब्रंट के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को चेम्सफोर्ड के काउंटी ग्राउंड में सीरीज के तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच में पाकिस्तान को 178 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## वित्त वर्ष 25 में 7 प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर : आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था का आउटलुक काफी अच्छा है और वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 7 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा गुरुवार को जारी की गई वार्षिक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भी वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की रियल जीडीपी में 7.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जो कि पिछले साल 7 प्रतिशत पर थी। यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब अर्थव्यवस्था की वृद्धि 7 प्रतिशत से ऊपर रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि मजबूत आधार, अच्छे वित्तीय आंकड़े और कॉरपोरेट सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी।

# 31 मई तक पैन को आधार से नहीं जोड़ा तो कटेगा दोगुना टीडीएस




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने करदाताओं को टीडीएस कटौती से बचने के लिए 31 मई, तक स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने की सलाह दी है। विभाग ने इस प्रक्रिया को पूरा करने की जानकारी विस्तार से दी है।

आयकर विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि ऊंची दर पर कर कटौती (टीडीएस) से बचने के लिए मात्र एक दिन का समय बचा है। ऐसे में करतादाता 31 मई से पहले अपने स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ लें। आयकर एक्ट के मुताबिक यदि पैन बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है। हालांकि, आयकर विभाग ने पिछले महीने एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि यदि निर्धारित तारीख 31 मई तक अपने पैन को आधार से लिंक किया जाता है, तो कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### क्या होता है टीडीएस

स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) किसी व्यक्ति के वेतन से काटा गया टैक्स है। इसको सरल शब्दों में आप कह सकते हैं कि टीडीएस एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति से उसके वेतन या अन्य आय के स्रोत पर कर लिया जाता है। टीडीएस का उद्देश्य आयकर का संग्रह करना और कर चोरी को रोकना है।

## युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य बिगाड़ रहा सोशल मीडिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोशल मीडिया का इस्तेमाल देश-दुनिया के अरबों लोग कर रहे हैं। हो सकता है कि आप इस खबर को सोशल मीडिया के जरिए ही पढ़ रहे हों, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सोशल मीडिया आपकी सेहत को कैसे प्रभावित कर रहा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि सोशल मीडिया के कारण दुनियाभर के युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य खराब हो रहा है। पॉपुलर मीडिया जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि युवा वयस्क अपने सोशल मीडिया के इस्तेमाल को सीमित करके अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं।



शोधकताओं ने उन लोगों को ध्यान में रखते हुए यह अध्ययन किया जो भावनात्मक रूप से कमजोर पड़ गए थे। अध्ययन से पता चला कि तीन सप्ताह तक स्क्रीन समय को प्रतिदिन एक घंटे तक कम करने से अवसाद, चिंता और कुछ छूट जाने का डर कम हो गया। किशोरावस्था और युवा वयस्कता के दौरान, व्यक्ति बड़े सामाजिक, शारीरिक और भावनात्मक परिवर्तनों से गुजरते हैं। यह उन्हें विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाता है। आंकड़े बताते हैं कि हर साल लगभग 20% युवाओं में मानसिक विकार का पता चलता है, जिनमें अवसाद और चिंता सबसे आम है।

## टेलीग्राम से जुड़ा माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई की भूमिका दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम का इस्तेमाल काफी लोग करते हैं। ऐसे में अब इस एप में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। दरअसल टेलीग्राम एप के साथ माइक्रोसॉफ्ट एआई पावर्ड कोपायलट चैटबॉट को जोड़ा गया है। ये चैटबॉट यूजर्स के साथ बिल्कुल इंसानों की तरह ही बातचीत करेगा। साथ ही कई खास तरह के फायदे भी देगा।




**स्मार्टफोन और डेस्कटॉप दोनों पर करेगा काम**

आपकी जानकारी के लिए माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट कई सारे विषयों के बारे में अच्छी समझ रखता है। यह चैटबॉट गेमिंग, फिटनेस और खेल आदि की जानकारी टेलीग्राम के माध्यम से यूजर्स को देगा। इसका इस्तेमाल स्मार्टफोन और डेस्कटॉप पर भी किया जा सकेगा।

माइक्रोसॉफ्ट ब्लॉग के मुताबिक, टेलीग्राम के साथ माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट को एकीकृत किया गया है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि यह चैटबॉट यूजर्स के रोजाना कामों में मदद करेगा। इसके साथ ही यूजर्स इस चैटबॉट के जरिए कई तरह की जानकारियों को कुछ ही मिनटों में हासिल कर लेंगे। माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट का इस्तेमाल एंड्रॉयड और आईओएस दोनों यूजर्स कर सकते हैं। डेस्कटॉप यूजर्स भी इसे यूज कर पाएंगे।

**अभी रोलआउट नहीं हुआ है नया अपडेट**

आपको बता दें कि माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट को टेलीग्राम एप में फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया गया है। ये चैटबॉट अभी भी बीटा टेस्टिंग के स्तर पर है। ये चैटबॉट आधिकारिक तौर पर लॉन्च होने के बाद टेलीग्राम एप में नजर आएगा। चैटबॉट के रोलआउट होने के बाद इस चैटबॉट में कई और फीचर्स को जोड़ा जाएगा।

## कानूनी मामलों में एआई और चैटजीपीटी का हो रहा इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते मणिपुर हाई कोर्ट ने एक बयान में कहा था कि एक मामले पर फैसला लेते समय उसे गूगल और चैटजीपीटी 3.5 के माध्यम से अतिरिक्त शोध करने के लिए मजबूर किया गया था। हालांकि, ये पहली बार नहीं है जब किसी हाई कोर्ट ने रिसर्च के लिए अककाइस्तेमाल किया है। बता दें कि, दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह भारत में भी अदालतें न्यायिक कामों के लिए अककाइस्तेमाल किया जा रहा है। मणिपुर एआई ने चैकजीपीटी का इस्तेमाल किया?

36 वर्षीय जाकिर हुसैन को जनवरी 2021 में उनके जिले के ग्राम रक्षा बल (वीडीएफ) से ₹निष्कासित₹ कर दिया गया था। उस दौरान एक कथित अपराधी पुलिस स्टेशन से भाग गया था। वहां उस समय हुसैन ही ड्यूटी पर थे। लेकिन हुसैन को अपनी बर्खास्तगी के आदेश पत्र कभी नहीं मिला।

## हीरो फिनकॉर्प ने 4,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दोपहिया वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की वित्तीय सेवा देने वाली इकाई हीरो फिनकॉर्प की ओर से 4,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को गुरुवार को मंजूरी दे दी गई।



कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू के साथ ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) भी होगा।

बता दें, ओएफएस के तहत आईपीओ में कंपनी के मौजूदा निवेशक शेयर बेचते हैं। हीरो फिनकॉर्प ने बयान में कहा, 29 मई, 2024 को कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक हुई थी। इसमें 10 रुपये वाले फेस वैल्यू वाले शेयरों के साथ आईपीओ की मंजूरी दे दी गई है।

कंपनी ने आगे कहा कि 4,000 करोड़ रुपये की वैल्यू वाले इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू और ओएफएस शामिल होगा। ओएफएस के तहत कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों द्वारा शेयरों की बिक्री की जाएगी। हीरो फिनकॉर्प एक एनबीएफसी कंपनी है। ये दोपहिया वाहनों, अफोर्डेबल सेगमेंट के घरों, शिक्षा और लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए लोन आदि भी उपलब्ध कराती है। कंपनी 4,000 से ज्यादा शहरों और कस्बों में मौजूद है।

हीरो फिनकॉर्प की करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हीरो मोटोकॉर्प के पास है। वहीं, 35 से 30 प्रतिशत के करीब हिस्सेदारी मुंजाल परिवार के पास है। बाकी शेष अपोलो ग्लोबल, क्रिस कैपिटल, क्रेडिट सुइस और हीरो मोटोकॉर्प के कुछ डीलर्स के पास हैं। हीरो मोटोकॉर्प का शेयर गुरुवार दोपहर 12:40 को 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,136 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

## एक नजर

### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर एक यात्री बेहोश मिला

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार से कुछ दूरी पर एक यात्री बेहोश अवस्था में मिले। डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया की हम सभी रेलवे के लोग तत्काल इस बेहोश यात्री के पास पहुंच गए। इन के शरीर तप रहा था। मानो काफी बुखार हो। शरीर पर पसीना नहीं था ऐसा लग रहा रहा था की इन को लू और गर्मी लग गया हो। रेलवे प्रशासन ने अपने पैसे से टैंपो से भेज दिया टेंपो पर उनके साथ रेलवे के एक कर्मी भी साथ गए। इस बेहोश यात्री के समान को सुरक्षित रखा गया है। इनके सामान में कानपुर के एक हिंदी अखबार, लोक किया हुआ मोबाइल फोन, चार्ज, चश्मा है। उमेश कुमार ने बताया कि इस यात्री को ऑक्सीजन दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जानकारी मिली है कि इनका नाम अनिल कुमार अवस्थी है जो कि उत्तर प्रदेश के कानपुर जूही कॉलोनी के रहने वाले हैं।

### गोली चलाने के मामले में एनसीपी नेता को भेजा गया जेल

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सतगावां मोहल्ला में बालिका उच्च विद्यालय के समीप जमीन विवाद में एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीस सिंह ने फायरिंग कर दी। हालांकि गोली किसी को लगी नही, जिन्हें लक्ष्य कर गोली चलायी गयी। मामले में गुरुवार को कार्रवाई करते हुए हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने मनीष सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना बुधवार की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतगावां मोहल्ला निवासी रंजीत कुमार सिंह अपनी जमीन पर घेराबंदी करवा रहे थे। इसी दौरान एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह वहां आ पहुंचे और बाउंड्री देने से मना किया। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ और इसी बीच मनीष कुमार सिंह ने अपने हथियार से रंजीत कुमार सिंह को जान से करने के नियत से लक्ष्य कर गोली चला दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मनीष कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### अस्पताल में हीटवेव के दर्जनों मरीज भर्ती, एक महिला की हुई मौत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में पड़ रही जानलेवा गर्मी और हीटवेव की चपेट में आने से गुरुवार कोअचानक हुसैनाबाद अनमंडलीय अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। वहीं शांता देवी नामक एक महिला की मौत हो गई। वही आज गुरूवार को देवरी कला पंचायत के देवरी गांव निवासी राजू राम की पत्नी शांता देवी उम्र 30 वर्ष हीटवेब की चपेट में आ गईं। परिजनों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# हीट स्ट्रोक से पलामू में दो लोगों की मौत अस्पतालों में हर दिन आ रहे 60 मरीज



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** पिछले दो दिन में पलामू में हीट स्ट्रोक से दो लोगों के मरने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, मरने वालों में एक व्यक्ति मेदिनीनगर सूदना के थे जो साइकिल से जा रहे थे और अचानक बेहोश होकर गिर पड़े थे। दूसरा एक बच्चा हैदरनगर का बताया जा रहा है, जो जपला बाजार से अपने घर लौट रहा था। एमएमसीएच मेदिनीनगर सहित जिले के अनुमंडलीय अस्पतालों और स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में पिछले चार दिनों से हीट स्ट्रोक के दर्जनों मरीज आ रहे हैं। इस तथ्य की पुष्टि पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह सहित कई सरकारी चिकित्सकों ने की है। सिविल सर्जन ने बताया कि हीट स्ट्रोक के पांच गंभीर रोगी एमएमसीएच में आये थे, जो लगभग ठीक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन से गर्मी ज्यादा बढ़ी है, तभी से हीट स्ट्रोक के रोगी आ रहे हैं और इलाज के बाद ठीक होकर जा रहे हैं। दरअसल बीते बुधवार को मेदिनीनगर शहर के सूदना निवासी एक व्यक्ति की हीट स्ट्रोक से मरने की खबर आयी थी। गुरुवार को खबर आयी कि हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरडंडा गांव निवासी दिनेश साव के नौ वर्षीय पुत्र संदीप साव की मौत हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से हो गयी। इस संबंध में बरडंडा पंचायत के मुखिया सुदर्शन राम ने बताया कि बुधवार को संदीप अपने परिजनों के साथ जपला कुछ जरूरी काम से गया था। जपला से लौटने के क्रम में हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से रास्ते में ही अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन परिजन उसे हैदरनगर एक निजी क्लीनिक में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि पलामू जिला प्रशासन और पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने उक्त दोनों लोगों के हीट स्ट्रोक से ही मरने की खबर की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि उन्हें भी सूचना मिली है कि मेदिनीनगर के सूदना में एक और हैदरनगर इलाके में एक की मौत हुई है।

### मेदिनीनगर में 29 मई रहा सबसे गर्म दिन, 47.7 डिग्री से. तापमान

**मेदिनीनगर/ पलामू।** इस वर्ष मई महीने में ही गर्मी की तेज तपिश महसूस की जा रही है। माह के अंतिम सप्ताह में तो भगवान सूर्य ने और भी रौद्ररूप दिखाना शुरू कर दिया है। अधिकतम पारा 40 पार, जबकि न्यूनतम पर 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास टिका हुआ है। 29 मई को भी भगवान सूर्य का रौद्र रूप बरकरार रहा। अधिकतम तापमान 47.7 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 30.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शाम की आद्रता 21 प्रतिशत व सुबह की आद्रता 33 प्रतिशत रही। गर्मी का आलम यह रहा कि तेज धूप होने के कारण सुबह से ही सड़कें लगभग सूनी दिखी। 28 मई को सबसे गर्म दिन होने का खौफ भी जनजीवन पर दिखा। अधिकांश लोग तौलिया से सिर ढके नजर आए। वही रास्ते में कई जगह दो पहिया चार पहिया हुआ राहगीर पेड़ की छांव में आराम करते दिखे। मौसम का असर बाजार पर भी देखा गया। बाजार में चहल-पहल कम दिखी।

■ झारखंड में रुला रही गर्मी, 17 जिलों में पारा 40 डिग्री के पार

### चतरा सीट पर कौन मारेगा बाजी, चुनाव खत्म होते ही चर्चा शुरू

**पांकी।** चतरा लोकसभा सीट पर सांसद के लिए बीते सोमवार (20 मई) को चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुवा था। प्रत्याशियों के भविष्य आगामी 4 जून तक के लिए ईवीएम में बंद हो गया है, इधर चुनाव के खत्म होते ही चतरा लोकसभा सीट पर बाजी कौन मारेगा, किसके सिर पर सांसद का ताज सजेगा आदि को लेकर पांकी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर चर्चा शुरू हो गई है, विभिन्न दलों के कार्यकर्ता-समर्थक और चुनावी- वोटिंग के दौरान बूथों पर पड़े वोटों के आधार पर अपने-अपने ढंग से वोटों का समीकरण (गणित) भिड़ाते तथा अपने-अपने चहेते प्रत्याशियों की जीत-पक्की होने का दावा करते दिखे। यह कुछ अलग बात है कि चतरा सीट के सभी 22 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है, पर उनके कार्यकताओं और समर्थकों द्वारा मनगढ़ंत समीकरणों के जरिए चुनावी हार-जीत को लेकर कयास लगाने का दौर जारी है।

### वन विभाग की टीम ने अवैध बीड़ी पत्ता जब्त किया, तस्करों की तलाश जारी



**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्वक्षेत्र में अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारी पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है। इसी बीच डी एफ ओ के गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर वन विभाग के प्रभारी वनपाल दिलीप कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को पीटीआर वन क्षेत्र के हेहेगड़ा के जंगलों में टूट रहे अवैध बीड़ी पत्ता के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया।छापामारी अभियान में हेहेगड़ा जलमा नदी के पास से वन विभाग की टीम को 8 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता बरामद किया गया.जिसे वन विभाग द्वारा जप्त कर लिया गया है।वहीं इस संबंध में प्रभारी वनपाल दिलीप कुमार ने बताया की क्षेत्र में अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा की छापामारी के दौरान जप्त किए बीड़ी पत्ता को छिपादोहर वन विभाग परिसर कार्यालय में रखा गया है. साथ हीवन विभाग जप्त किए गए बीड़ी पत्ता तस्करी में संलिप्त लोगो की जानकारी जुटाई जा रही जिससे शामिल लोगो पर वन अधिनियम के तहत आवश्यक करवाई किया जा सके। छापामारी अभियान में वनरक्षी संजय टोप्पो, अमित प्रसाद, अमर कुमार बड़ाइक समेत कई टेकरगार्ड मौजूद थे।

# हीट वेव का कहर, आश्रय विहीनों को आश्रयगृह में किया जा रहा शिफ्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। पारा 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। इस भीषण गर्मी को देखते हुए शहरी क्षेत्र के आश्रय विहीन लोगों को नगर पंचायत के आश्रयगृह में शिफ्ट किया जा रहा है। ताकि जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है, उनको हीट वेब से बचाया जा सके। इस संबंध में नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने बताया कि 30 मई को शहर के कई स्थलों का निरीक्षण किया गया। मेन रोड से एक व्यक्ति को रेस्क्यू कर उसे आश्रय गृह में शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत यह अभियान चला रहा है।, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर आपको किसी ऐसे व्यक्ति की जानकारी मिले, जिसके पास घर नहीं है, तो वो नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। कर संग्रहणकर्ता राजू प्रसाद (9113414057), नगर मिशन प्रबंधक आनंद किशोर दांगी (7909096778) और नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा (8757678835) को कॉल कर जानकारी दे सकते हैं।

### कार्य कर रहे ग्रुप-डी के रेलवे कर्मी की तबीयत अचानक बिगड़ी, मौत

**पलामू ।** डेहरी ऑन सोन, गढ़वा रोड रेलखंड के बीच काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर कार्य कर रहे रेलवे के ग्रुप डी के कर्मी मुकेश मीना की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि रेलकर्मी ट्रैक पर लगे लाल सिग्नल पास काम कर रहा था। तेज धूप होने के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गयी। उनके साथियों ने उसे आनन फानन में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेलवे पुलिस व हुसैनाबाद थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। रेलवेकर्मी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। 32 वर्षीय मुकेश मीना राजस्थान के अलवर जिले का रहने रहने वाला था।

# गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र की छात्रा ने लगाई फांसी




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला के मनिका प्रखंड मुख्यालय मे कल्याण विभाग द्वारा संचालित गुरूकुल प्रशिक्षण केंद्र की एक छात्रा ने बुधवार की शाम करीब चार बजे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। मृतक छात्रा की पहचान गढ़वा जिला निवासी देवकुमार पासवान की 19 वर्षीय पुत्री रूपा कुमारी के रूप मे हुई है। गुरूकुल का संचालन पेन आईटीआई संस्था द्वारा किया जाता है। जिसमे 18 वर्ष से अधिक उम्र के छात्र-छात्राएं, जो मैट्रिक या उससे अधिक शिक्षा ग्रहण कर रही हैं, उन्हे कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है। घटना के बाद पुलिस ने गुरूकुल प्रशिक्षण केंद्र में अंदर से ताला लगा दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनो के आने के बाद ही मृतक के कमरा का दरवाजा खोला जायेगा। छात्रा के आत्महत्या के कारणो का पता नही चल सका है। पुलिस द्वारा मृतक छात्रा के परिजनो को सूचना दे दी गयी है। परिजन के आने के बाद ही मौत के कारणो को पता लगेगा। गुरूकुल के संचालक निरंजन कुमार राय ने इस मामले मे कुछ भी बताने से इंकार किया है। आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई ने भी बताया कि गुरूकुल मे एक छात्रा ने आत्महत्या की है। आत्महत्या के कारणो का पता लगाया जा रहा है।

## पेज एक के शेष

### मृत चमगादड़ों का मांस पका, हुई जांच

काफी कोशिश के बाद करीब 25 लोगों ने चमगादड़ का मांस खाना कबूल किया। इन लोगों की गहन जांच की गई। जांच के बाद डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ ने सभी लोगों को सुरक्षित बताया। बीडीओ एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने मृत पक्षियों के शव को छूने से लोगों को सख्ती से मना किया। साथ ही कड़ाके की धूप एवं लू से बचने की सलाह दी। कहा कि बहुत जरूरी होने पर ही कपड़े से सिर और शरीर ढक कर बाहर निकलें। खाली पेट नहीं रहे एवं लगातार पानी, शरबत, ओआरएस आदि पीते रहें। ककड़ी, तरबूज, खीरा आदि का सेवन बढ़ा दें। कुछ दिनों तक अभी मौसम इसी तरह का रहेगा। जिससे सावधानी के साथ बचने की जरूरत है। कहा कि बच्चों एवं बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें एवं धूप एवं लू से बचें। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. अमित कुमार अमित,आइडीएसपी संतोष मिश्रा, मलेरिया विभाग अरविंद द्विवेदी, स्वास्थ्य विभाग से आलोक सिंह, संजय ठाकुर,सूचित सिंह, पूनम कुमारी, आशा देवी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

**मृत चमगादड़ों का सैंपल पुणे लैब भेजा जाएगा :** सबसे पहले भवनाथपुर वन क्षेत्र के रेंज अफसर प्रमोद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अनिल गिरी फॉरेस्टर एवं वन कर्मियों की टीम सुंडीपुर पहुंची। उन्होंने उन सभी स्थानों का मौके पर जाकर जायजा लिया जहां पर चमगादड़ों की बड़ी संख्या में मौत हुई थी। वन विभाग के कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेश पर काफी संख्या में चमगादड़ों का शव इकट्ठा कर उसे आग के हवाले किया। कुछ देर के बाद पशु चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम भी सुंडीपुर पहुंची। उन्होंने भी मौके पर जाकर जायजा लिया। पशुपालन विभाग की टीम ने चमगादड़ों के शव को सील बंद कर पुणे प्रयोगशाला में भेजने के लिए इसे सुरक्षित रख लिया। इसके बाद कांडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी मोहम्मद आफताब आलम भी सुंडीपुर पहुंचे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चौधरी टोला के नजदीक सुंडीपुर बगीचा में पीपल पेड़, सुंडीपुर देवी धाम के पूर्व बरगद का पेड़ एवं गोरेया बाबा के पास पीपल के पेड़ के निकट इस हादसे को लेकर मौका मुआयना किया।

### 14 दिनों की ईडी रिमांड मंत्री आलमगीर आलम

जिसमें यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि मंत्री आलमगीर आलम ने उक्त सभी 25 टेंडर में कमीशन के रूप में 1.23 करोड़ रुपये लिए थे। बता दें कि ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम सहित कई अन्य के ठिकानों पर 6-7 मई को छापेमारी की थी और इस दौरान 37 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद की गई थी। संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने आलमगीर आलम को समन भेजा और उनसे 14-15 मई को कुल मिलाकर करीब 14 घंटे पूछताछ की गई थी। इधर, इसी केस में ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव और सीनियर आईएएस मनीष रंजन से भी 27 मई को पूछताछ की। उन्हें दूसरी बार पूछताछ के लिए 3 जून को तलब किया गया है। ईडी ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए बुधवार को भी रांची में कुछ लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली थी।

### केरल, पूर्वोत्तर में एक साथ आया मानसून

विभाग ने पहले 31 मई को मानसून के केरल पहुंचने की भविष्यवाणी की थी। कहा जा रहा है कि चक्रवाती तूफान रेमल के कारण मानसून तेजी से आगे बढ़ा। आम तौर पर पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में मानसून 5 जून को पहुंचता है। देश में मानसून 1 जून से 30 सितंबर तक रहता है। देश में होने वाली बारिश में 70 प्रतिशत इसी दौरान होती है। इसका देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि देश की 50 प्रतिशत कृषि भूमि असिंचित है। देश के ज्यादातर जलाशय भी इसी दौरान भरते हैं जो साल भर खेती और पीने तथा अन्य घरेलू जरूरतों को पूरा करते हैं। पिछले साल मानसून के दौरान बारिश कम होने से कृषि उत्पादन में गिरावट आई जिससे इस साल चीनी, चावल, गेहूं और प्याज की घरेलू आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के लिए इनके निर्यात को नियंत्रित करना पड़ा है। मौसम विभाग ने इस साल मानसून के दौरान सामान्य बारिश का अनुमान जताया है। खाद्य एवं कृषि क्षेत्र का दोपहिया, रेफ्रिजरेटर और एफएमसीजी जैसे औद्योगिक उत्पादों की मांग में भी महत्वपूर्ण योगदान होता है।

### दिनदहाड़े सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी की पत्नी की घर में घुसकर हत्या

मुख्य द्वार से लेकर ग्राउंड फ्लोर और घर के हॉल में भी कैमरे लगे हुए थे। यूं कहें कि उनका पूरा घर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में था। इस बात की खबर भी अपराधियों को बखूबी थी। तीन लड़के और एक लड़की बेहद सालीकेदार कपड़े पहने उनके घर में घुसते हैं। ऐसा दशार्ते हैं कि आसपास वालों को यह लगे कि वे सुशीला देवी के रिश्तेदार हैं। 1 घंटे के भीतर उन चारों लोगों ने हत्याकांड को अंजाम दिया और फिर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर अपने साथ लेकर चलते बने। ताकि पुलिस को अपराधियों की पहचान करने में मुश्किल हो।

**सबूत मिटाने के लिए लगाई गई आग :** हत्या करने के बाद अपराधियों ने सबूत मिटाने के लिए पूरा प्रयास किया है। चारों अपराधी घर में घुसे और बेखौफ होकर सुशीला देवी की हत्या की। साक्ष्य मिटाने के लिए उन लोगों ने पूरे घर को तीतर-बितर कर दिया। घटनास्थल पर ऐसा सीन बनाया गया कि लोगों को यह लगे कि उस घर में लूटपाट हुई है। आलमीरा, पलंग और सभी लॉकर को खोलकर सामान को बिखेरा गया था। इसके बाद भी उन लोगों ने अपने सबूत मिटाने के लिए एक दूसरा हथकंडा भी अपनाया। घर के मास्टर बेडरूम में अपराधियों ने आग लगा दी।

**तेजी से भागते लड़के लड़कियों को देख मोहल्ले वालों ने किया पीछा :** अपराधियों को देखने वाले चश्मदीद प्रदीप चक्रवर्ती ने बताया कि वह अपने घर में झाड़ू लगा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अशर्फी प्रसाद के घर के बाहर संदिग्ध रूप से घूमते हुए तीन लड़के और एक लड़की को देखा। लेकिन उन्हें यह पता चला कि प्रणाम कर वे लोग अंदर घुसे हैं, तो ऐसा महसूस हुआ कि वह उनके जान पहचान के होंगे। लेकिन कुछ ही देर बाद अचानक चारों लोग काफी तेजी से हड़बड़ा कर बाहर भागते हुए नजर आए। यह देखकर प्रदीप चक्रवर्ती ने झाड़ू फेंका और उन लोगों का पीछा किया। लेकिन चारों लोग गली से निकलते ही गायब हो गए। किसी को उनकी कोई भनक तक नहीं लगी। घटना की सूचना मुहल्लेवासियों ने पुलिस को दी, इसके बाद पुलिस ने इस वारदात की जानकारी अशर्फी प्रसाद को दी।

### जंगली हाथियों ने 2 घर को किया ध्वस्त, हुआ लाखों का नुकसान

**बालूमाथ।** प्रखंड वन क्षेत्र अंतर्गत मरंगलोइया पंचायत के बरवाटोली पन्दनदीपना में बीते रात 2 जंगली हाथियों के झुंड ने 2 घरों को धवस्त कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र उरांव अपने घर के बाहर सो रहा था कि देर रात्रि जंगली हांथीयो ने घर पर हमला बोल दिया सुरेंद्र एवं उसके परिवार किसी तरह से जान बचाकर वहां से भाग निकले वहीं जंगली हांथीयो ने सुरेंद्र उरांव पिता बिफा उरांव और बुधनी देवी का घर तोड़ दिया घर पर रखे अनाज को चट कर घर में रखें सामान को तहस-नस कर दिया। जिससे लाखो रुपए का नुकसान हो गया । वहीं घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने घटना स्थल पर पहुंच पीड़ित को न्याय दिलाने की बात कही और वन विभाग के साथ सरकार से मांग किया की नुकसान की उचित मुआवजा पीड़ित को दिया जाए और इस क्षेत्र से हाथियों को भागने का काम किया जाए। ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति काफी रोष देखा गया।

# 49 करोड़ की लागत से बन रही बृहद जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य ठप



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** एक और जहां प्रखंड में पुरानी शहरी जलापूर्ति योजना बीते 10वर्षो से बंद पड़ा हुआ है।जिसे देखते हुए पेयजल समस्या से जूझ लोगो को राहत देने के लिए महत्वाकांक्षी बहुप्रतीक्षित लगभग 49करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली बृहद जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य का डेढ़ वर्ष पूर्व स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा मंगरा कोयल नदी किनारे आधारशिला रखी थी।इस योजना से कोयल नदी से जल उठाकर पाइप लाइन बिछाकर प्रखंड मुख्यालय में शहरी क्षेत्रों के आलावा खुरा, लंका,मंगरा, बभनडीह सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगो को जलापूर्ति शुरू कर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने की योजना थी.इस योजना से 2025 वित्तीय वर्ष तक सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति शुरू करने की योजना प्रस्तावित है।लेकिन लगभग तीन माह से इस योजना में काम बंद पड़ा हुआ है जबकि वर्तमान समय में कोयल नदी का जल सूखने के कारण योजना स्थल में काम और भी तीव्र गति से होना चाहिए था। वर्तमान में संबंधित संवेदक द्वारा जलापूर्ति हेतु मात्र 20फीसदी ही काम करवाया गया है।धीमी गति से हो रहे जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य के कारण समय पर लोगो के घरों में जल पहुंचना मुश्किल भरा काम प्रतीत हो रहा है। जबकि विभाग द्वारा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के लिए पर्याप्त मात्रा पाइप भी उपलब्ध करा दिया गया है। बृहद जलापूर्ति योजना का कार्य काफी धीमी गति से होने के कारण पेयजल समस्या से जूझ रहे प्रखंड के लोगों में व्यापक आक्रोश है।इस संबंध में निर्माण कार्य बाधित होनेके संबंधित संवेदक का पक्ष प्राप्त नही हो सका। वही इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडे ने बताया कि अबतक कराए गए निर्माण कार्य का राशि भुगतान नहीं होने के कारण निर्माण कार्य बाधित है। जल्द ही निर्माण कार्य का राशि भुगतान होने के बाद संवेदक द्वारा निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा जिससे ससमय इस योजना को पूर्ण किया जा सके।

### ट्रांसफॉर्मर खराब होने से गांव में दस दिन से बिजली नहीं

**लातेहार।** लातेहार के सरयू प्रखंड के घांसी टोला पंचायत अंतर्गत चिपरु गांव में पिछले 10 महीने से बिजली नहीं है। गांव के कलदेव सिंह, भुनेश्वर सिंह नागेंद्र सिंह और जसवंत सिंह समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगा ट्रांसफॉर्मर पिछले 10 महीने से खराब है। ट्रांसफार्मर को ठीक करने के लिए विद्युत कार्यालय में कई बार आवेदन देकर गुहार लगाया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। विभागीय अभियंता को अर्जी देने पर उन्होंने कहा कि पहले दस हजार रुपए कार्यालय में जमा किजिए तब कुछ होगा। इसके अलावा ट्रांसफॉर्मर लाने और ले जाने के अलावा ट्रांसफॉर्मर फिटिंग चार्ज का अलग से भुगतान करना होगा। ग्रामीण फिटिंग चार्ज और ट्रांसफॉर्मर लाने के लिए पैसा देने के लिए राजी भी हो गए हैं। लेकिन दस हजार रुपए देने में सक्षम नहीं हैं। इसी कारण अभी तक नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लग पाया है। इस संबंध में जेई दुर्गा शंकर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा गलत आरोप लगाया जा रहा है, ट्रांसफार्मर लगाने या फिटिंग करने के लिए अलग से कोई राशि की मांग नहीं की गई है।

# आप सुरक्षित हैं, तो ही अपने परिवार को सुरक्षित रख पाएंगे : सुरेंद्र कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे होने वाली मृत्यु के रोकथाम को लेकर बृहस्पतिवार को जिला परिवहन कार्यालय में प्रेस वार्ता किया गया इस दौरान परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आप लोग जानते है की आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। कई लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवा चुके हैं ।सबसे अधिकांश मौत हेलमेट नहीं पहनने के कारण हुई है। जबकि विभाग के द्वारा हेलमेट पहनने को लेकर कई बार वाहन चेकिंग के साथ-साथ जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम भी किया गया है ताकि लोग समझ सके कि हेलमेट उनको कवच की तरह सुरक्षा प्रदान करता है। आगे उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने नाबालिक बच्चों को बिना सोचे समझे गाड़ी दे देते हैं। लेकिन उन्हें पता नहीं है कि उनकी एक गलती से वे अपने परिवार के सदस्य को खो सकते हैं। इसके बावजूद भी वे अपने नाबालिक बच्चों को वाहन दे देते हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई को लेकर विभाग के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा इस दौरान नाबालिक युवक गाड़ी चलाते पकड़े गये तो उनके साथ-साथ उनके परिजनों के ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी आगे उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया है कि आप लोग बिना हेलमेट पहन कर वाहन नहीं चलाएं आप सुरक्षित है तभी अपने और अपने परिवार को सुरक्षित रख पाएंगे ।इसलिए आप लोगों से अपील करता हूं कि आप लोग अपने नाबालिक बच्चों को वाहन ना दें और आप भी गाड़ी चलाते हो तो हेलमेट पहन कर ही चलाएं । साथ ही साथ दो दिनों से प्रचंड गर्मी पड़ रही है इसलिए आप लोग सुबह 10 बजे के बाद से बिना आवश्यक कार्य के घर से बाहर न निकले । वही प्रेस वार्ता के उपरांत लातेहार जिले के सभी पत्रकारों को हेलमेट दिया गया और कहा गया कि आप लोग भी हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं ताकि आप संव्य नियम का पालन करेंगे तो। तभी दूसरों को भी हेलमेट पहनने को लेकर प्रेरित कर पाएंगे। मौके पर आईपीआरडी पदाधिकारी चंदन कुमार राहुल कुमार पांडे संजय प्रजापति रामकुमार, अमित कुमार, विक्रम कुमार, पंकज गुप्ता, रुपेश अग्रवाल ,योगेश गुप्ता, मनीष सिन्हां, धीरज कुमार चंद्र प्रकाश सिंह मौजूद थे।



# आईटीडीए निदेशक ने किया एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नेगाई में बन रहे एकलव्य विद्यालय का बुधवार को आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बने रोड, हॉस्टल, क्लास रूम और बिजली व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद श्री गागराई ने बताया कि इस विद्यालय को चालू कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा रिपोर्ट मांगा गया है। जिसके बाद आज विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। अब इस संबंध में रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार को भेजा जायेगा। विद्यालय शुरू होने से स्थानीय बच्चों को काफी लाभ होगा। एकलव्य विद्यालय शुरू होने की संभावना है। यहां के आदिवासी बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान आईटीडीए निदेशक के साथ भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता कमलेश कुमार भी मौजूद रहे।




## धर्म आधारित आरक्षण से बाबा साहब की भावना का अपमान कर रहे

# कट्टर भ्रष्टाचारियों और झूठवादियों ने पंजाब को गैंगवार में झोंका

एजेंसी

**होशियारपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के होशियारपुर में गुरुवार को अपनी आखिरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। इस दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इन कट्टर भ्रष्टाचारियों और झूठवादियों ने पंजाब को गैंगवार में झोंक दिया है। ये कट्टर भ्रष्टाचारी, भयंकर झूठवादी तो नारी उत्पीड़न में भी नंबर वन बनते जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण के लिए एक जून को मतदान होना है। गुरुवार शाम को चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, मोदी ने एक संकल्प लिया है कि वो दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण किसी को भी छीनने नहीं देगा। अपनी सरकार के 10 साल में मैंने लगातार एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण की रक्षा की। ये कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले मेरी इस कोशिश से भी भड़के हुए हैं। दरअसल, आरक्षण को लेकर इनके खुद के इरादे बहुत खतरनाक हैं। इनका पूरा ट्रैक रिकॉर्ड एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीनने का रहा है -- सरकारी नौकरी में धर्म के आधार पर आरक्षण हो, स्पोर्ट्स के आधार पर हो या यूनिवर्सिटी के दाखिले में धर्म के आधार पर। ये संविधान की भावना का, बाबा साहब अंबेडकर की भावना का अपमान कर रहे हैं। ये दलितों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर उसे सिर्फ और सिर्फ मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये धर्म के आधार पर देश को बांटने की एक और बड़ी गहरी साजिश है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। अब कांग्रेस के साथ एक और कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी भी जुड़ गई है। इतना ही नहीं, यह भयंकर झूठवादी पार्टी भी है। यहां तो आमने-सामने लड़ने का ड्रामा कर रहे हैं। दिल्ली में एक साथ चुनाव लड़ रहे थे और लोग भूले नहीं कि झूठवादी पार्टी की पहली सरकार कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली में बनी थी। इन्होंने नशा मुक्त के इतने भाषण दिए, पूरे पंजाब को बदनाम करने के लिए 'उड़ता पंजाब' फिल्म बनाई। लेकिन इन्होंने आते ही नशे को अपनी कमाई का साधन बना लिया। इन कट्टर भ्रष्टाचारियों और झूठवादियों ने पंजाब को गैंगवार में झोंक दिया है। इन लोगों ने पंजाब में उद्योग और खेती दोनों को बर्बाद कर दिया।

> इन लोगों ने पंजाब में उद्योग और खेती दोनों को बर्बाद कर दिया



### सोशल मीडिया एक्स पर भी वीडियो किया शेयर

## पीएम मोदी ने काशी की जनता से मांगा आशीर्वाद, भोजपुरी में दिया खास संदेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए एक जून को मतदान होना है। इसके बाद चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी में भी अंतिम चरण में 1 जून को मतदान है। इस सीट से पीएम मोदी दो बार सांसद रह चुके हैं और तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने काशी की जनता के नाम एक वीडियो संदेश जारी किया। खास बात यह है कि पीएम मोदी ने काशीवासियों के नाम भोजपुरी में यह संदेश दिया है। इस वीडियो संदेश को पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, "काशी के सभी परिवारजनों को मेरा प्रणाम।" पीएम मोदी ने काशी के मतदाताओं से कहा, लोकसभा चुनाव के मतदान का दिन आ गया है। मेरे लिए काशी भक्ति, शक्ति और विरक्ति की नगरी है। काशी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है, संगीत की धरती है। इस नगरी का प्रतिनिधि होना बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा से और आप काशीवासियों के आशीर्वाद से ही संभव है। काशी के लिए इस बार का चुनाव नवकाशी के साथ ही विकसित भारत के निर्माण का भी चुनाव है। काशी के लोगों को 1 जून के दिन नया रिकॉर्ड बनाना है।

> पीएम नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी में भी अंतिम चरण में 1 जून को मतदान है...

### अबकी बार 400 पार' प्रिंटेड टीशर्ट पहनकर किया मोदी का प्रचार

वाराणसी। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को वोट डाले जाएंगे। अंतिम चरण में यूपी ही नहीं बल्कि देश की हॉट सीट वाराणसी में भी वोट डाले जाएंगे। वोटिंग से पहले वाराणसी में भाजपा नेता और कार्यकर्ता पीएम मोदी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते नजर आ रहे हैं। चुनाव प्रचार थमने से पहले वाराणसी के अलग-अलग घाटों पर लोगों ने पीएम मोदी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी के विकास कार्यों की तारीफ की। प्रचार में शामिल लोग 'फिर एक बार मोदी सरकार', 'नमो वंस अगेन', 'अबकी बार 400 पार' जैसे नारे लगाए।

## अब प्रधानमंत्री मोदी की साधना यात्रा पर बवाल



**पक्ष** ने इसे आस्था का मामला बताया, 30 जून को चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है

**विपक्ष** ने इसे मार्केटिंग इवेंट बताते हुए चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को पंजाब में चुनाव प्रचार समाप्त कर कन्याकुमारी साधना करने पहुंच गए हैं। अब इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गया है। विपक्ष उनके इस कदम को जहां मार्केटिंग बता रहा है, वहीं बीजेपी इसे प्रधानमंत्री की निजी आस्था कह रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद भी पीएम मोदी केदारनाथ ध्यान करने गए थे, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री ऐसे वक्त में ध्यान करने जा रहे हैं, जब सातवें चरण का चुनाव बाकी है। सातवें चरण का चुनाव एक जून को होना है। विपक्ष उनके इस कदम को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। विपक्ष का कहना है कि ऐसे वक्त में जब चुनाव संपन्न भी नहीं हुए हैं, प्रधानमंत्री अपने राजनीतिक फायदे के लिए कन्याकुमारी का रुख कैसे कर सकते हैं? विपक्ष के इन्हीं आरोपों का अब बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और आचार्य प्रमोद कृष्णम ने जवाब दिया है। शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस और इंडी अलायंस के दिवालियापन की कोई सीमा नहीं है।

30 तारीख को चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अगर कोई अपनी आस्था के केंद्र में जाकर तपस्या करना चाहता है, तो विपक्षियों को इससे क्या परेशानी है? प्रधानमंत्री को स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा मिलती है और वो कन्याकुमारी तपस्या करना चाहते हैं, तो विपक्षियों को मिर्ची क्यों लग रही है? यह बात समझ से परे है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, 2024 का चुनाव धर्म युद्ध है। एक तरफ वो लोग हैं, जो धर्म को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो धर्म के खिलाफ है। इस तरह से यह पूरा चुनाव धर्म युद्ध बन चुका है। आसुरी शक्ति से लड़ने के लिए एक आध्यात्मिक शक्ति की जरूरत होती है।



*प्रधानमंत्री मोदी अपनी मार्केटिंग करने कन्याकुमारी जा रहे हैं। पीएम मोदी फोटो खिंचवाने और शूटिंग करवाने के लिए कन्याकुमारी जा रहे हैं। पिछली बार गुफा में बैठकर फोटो खिंचवा रहे थे। इस बार वह कन्याकुमारी जा रहे हैं। प्रधानमंत्री से निवेदन है कि मीडिया और कैमरा पर प्रतिबंध लगा दें। शांति से वहां जाकर ध्यान करें ताकि उनके ध्यान में कोई बाधा न पड़े।*

**तेजस्वी यादव, राजद नेता**



*भाजपा की ओर से विरोधियों के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब चुनावी प्रचार अभियान में बोलते थे तब ये त्राहिमाम मचा देते थे। अब पीएम मोदी मौन व्रत पर जाकर ध्यान करने वाले हैं, इस पर भी इन्हें समस्या है। मतलब मोदी का चुप रहना भी इनको अंदर से डरा देता है।*

**अजय आलोक, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता**



*पीएम को कैमरा नहीं ले जाना चाहिए, ध्यान करिए, ध्यान के नाम पर पाखंड और ढोंग से परमात्मा नाराज होंगे, कैमरा मुक्त ध्यान कीजिए। इन सब मामलों में मौन रहने से चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठता है।*

**मनोज झा, राजद सांसद**



*पीएम जहां भी जाते हैं, इसकी जानकारी मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से जनता को मिलती है और मिलनी भी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री हैं और देश की जनता को यह जानने का अधिकार बनता है। विपक्ष खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है, उन्हें पता है कि वो हार रहे हैं।*

**चिराग पासवान, लोजपा (रामविलास) प्रमुख**

## मनमोहन सिंह ने पंजाब के वोटरों के नाम लिखा खत

### भाजपा और मोदी पर बोला हमला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राज्य में 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी ने पिछले 10 साल में पंजाब और पंजाबियत को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूर्व प्रधानमंत्री ने राज्य के लोगों के नाम पंजाबी में लिखे एक पत्र में यह बात कही है। पत्र पर 28 मई की तारीख है जिसे कांग्रेस ने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल पर साझा किया।

डॉ. सिंह ने इस पत्र में लिखा है, 750 किसान, जिनमें से ज्यादातर पंजाब से थे, दिल्ली की सीमाओं पर महीनों तक इंतजार करते हुए शहीद हो गए। जब लाठी



और रबर की गोलियों से भी मन नहीं भरा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में हमारे किसानों को 'आंदोलन जीवी' और 'परजीवी' कहकर उनका अपमान किया। किसानों की सिर्फ यही मांग थी कि उनसे चर्चा किए बिना उन पर थोपे गए कृषि कानूनों को वापस लिया जाए। पत्र में उन्होंने लिखा है, पंजाबी योद्धा हैं। हमें हमारी बलिदान भावना के लिए जाना जाता है।

## इंडिया गठबंधन की बहुमत वाली सरकार बनेगी : मल्लिकार्जुन

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्वास जताया है कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। केंद्र में सरकार आने पर कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई गारंटियों और न्याय पत्र की घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस पर खरगे का कहना है कि गठबंधन के सभी दल मिलकर इस विषय पर चर्चा करेंगे। सभी दलों की सहमति से प्रधानमंत्री चुना जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली में कहा कि हमें विश्वास है कि 4 जून को जनता एक नई वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी। कांग्रेस ने 1 जून को इंडिया गठबंधन की मीटिंग बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि यह एक अनौपचारिक मीटिंग है। इस मीटिंग में फार्म 17सी और मतगणना की तैयारी पर चर्चा की जाएगी।

### लोकसभा चुनाव 2024 | 75 दिनों में 206 कार्यक्रम और 80 साक्षात्कार

# विपक्षियों को अपनी ऊर्जा से टक्कर देते रहे पीएम

*दक्षिण के राज्यों से शुरू हुआ चुनाव अभियान गुरुवार को होशियारपुर में समाप्त हुआ*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस बार का लोकसभा चुनाव सात चरणों में संपन्न हो रहा है और चुनाव का नतीजा 4 जून को घोषित होगा। 16 मार्च को चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई थी। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले से ही देश भर के लगभग सभी राज्यों का मैराथन दौरा कर रहे थे। लेकिन, चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ देश के दक्षिण छोर से शुरू हुआ उनका प्रचार अभियान उत्तर में स्थित पंजाब के होशियारपुर में आकर समाप्त हुआ। जहां पीएम मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस चुनाव में पार्टी के पक्ष में पीएम मोदी की मेहनत साफ नजर आई। विपक्ष के फायर ब्रांड नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता एक तरफ और पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी एक तरफ सबको अपनी ऊर्जा से टक्कर देते नजर आए। आंध्र प्रदेश के पालनाडु से चुनाव प्रचार की शुरूआत कर पीएम मोदी ने इस अभियान का समापन 30 मई को पंजाब के होशियारपुर में किया।

यानी 75 दिन की इस अवधि में पीएम मोदी ने 180 रैलियां और रोड शो किए हैं। पीएम मोदी की रैलियों के साथ उनके रोड शो और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आंकड़ा देखें तो यह संख्या 206 है। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान 80 से ज्यादा मीडिया चैनलों, अखबारों, यूट्यूबरों, ऑनलाइन मीडिया माध्यमों को अपना साक्षात्कार दिया।



### औसतन हर दिन दो से ज्यादा रैली

मतलब औसतन हर दिन पीएम मोदी ने दो से ज्यादा रैलियां और रोड शो के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, पीएम मोदी मार्च में चुनाव की घोषणा से पहले फरवरी और मार्च की 15 तारीख तक 15 रैलियां कर चुके थे। पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा 22 जनसभाएं और कुल 31 चुनावी कार्यक्रम यूपी में किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक में 11, तेलंगाना में 11, तमिलनाडु में 7, आंध्र प्रदेश में 5 और केरल में 3 रैलियां की हैं। पीएम मोदी ने बिहार में 20 चुनावी कार्यक्रम और महाराष्ट्र में 19 चुनावी कार्यक्रम के साथ पश्चिम बंगाल में 20 रैलियों को संबोधित किया। इसके साथ ही पीएम ने ओडिशा और मध्य प्रदेश में 10 चुनावी कार्यक्रम किए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com